रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 12 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-172 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### इंडोनेशिया में स्पीडबोट पलटने से चार लोगों की मौत, तीन लापता



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी कालीमंतन प्रांत में 51 यात्रियों को ले जा रही एक स्पीडबोट के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हो गये। एक वरिष्ठ बचावकर्ता ने यह जानकारी दी। प्रांतीय खोज एवं बचाव कार्यालय में परिचालन इकाइयों के प्रमुख डेडे हरियाना के अनुसार, सोमवार को बुलुंगन रीजेंसी के क्षेत्र से गुजरते समय स्पीडबोट 'इक्सा एक्सप्रेस' ऊंची लहरों की चपेट में आ गई और पलट गई।

### बीमा धारकों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**नयी दिल्ली।** सरकार ने राज्यसभा में कहा कि वह बीमा धारकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई स्तर पर नियामक और नियंत्रक तैनात किये गये हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि सरकार ने बीमाधारकों की सुरक्षा के लिए नियम - प्रावधान तय किये, जो इरडा की निगरानी में लागू किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बीमा कंपनी किन्ही कारणों से संकट में आती है तो बीमाधारकों को अन्य बीमा कंपनी के साथ जोड़ दिया जाता है।

### अमेरिकी टैरिफ नीति से व्यापार युद्ध छिड़ने के खतरे से बाजार में हाहाकार

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इस्पात और एल्युमीनियम के आयात पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा से व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1018.20 अंक अर्थात 1.32 प्रतिशत का गोता लगाकर 76,293.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 309.80 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23,071.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 2.88 प्रतिशत कमजोर होकर 40,946.22 अंक और स्मॉलकैप 3.40 प्रतिशत लुढ़ककर 47,369.27 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4097 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3478 में बिकवाली जबकि 525 में लिवाली हुई।

# निकाय चुनाव : 68 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान

## शहरी सत्ता के लिए भाजपा और कांग्रेस ने जमकर बहाया पसीना, मतदाताओं में भी दिखा उत्साह

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में नगरीय निकाय चुनाव के लिए मंगलवार को वोट डाले गए। शहरी सत्ता के लिए राज्य में दो प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस ने जमकर पसीना बहाया। मतदाताओं में भी शहरी सत्ता को लेकर काफी उत्साह दिखा। निकाय चुनाव के लिए सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हुआ। शाम 5 बजे तक के आंकड़ों की बात की जाए तो 68 प्रतिशत से अधिक मतदान किया गया है। इस चुनाव में मतदाताओं ने महापौर और पार्षद के लिए मतदान किया। निकाय चुनाव में राज्य के 10 प्रमुख नगर निगमों में चुनाव सम्पन्न हुआ है। जिसमें रायपुर नगर निगम, बिलासपुर, अंबिकापुर, कोरबा, चिरमिरी, जगदलपुर, दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, रायगढ़ शामिल हैं। इसके अलावा 49 नगर पालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में भी चुनाव हुए। जिला पंचायत के 433 सदस्य और जनपद पंचायत के 2973 पदों के लिए भी चुनाव होंगे। ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 11672 और वार्ड पंच पद के लिए 1 लाख 60 हजार 180 पदों पर वोटिंग हुआ। संपन्न हुए निकाय चुनाव का परीणाम 15 फरवरी को घोषित किया जाएगा। इस चुनाव में महापौर के 79 और 1889 पार्षद प्रत्याशियों के साथ अध्यक्ष पद के लिए 606 उम्मीदवार मैदान में है। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव समेत राज्य के तमाम बड़े नेता और संगठन के पदाधिकारियों ने शहरी चुनाव में जमकर प्रचार-प्रसार किया। वहीं कांग्रेस खेमे में स्थानीय नेता जुझते नजर आए। कांग्रेस के राज्य प्रभारी सचिन पायलट निकाय चुनाव में टिकट वितरण के बाद नजर नहीं आए। खेमे में बटी कांग्रेस शहरी चुनाव में जीत के दावे करते नजर आ रही है। वहीं सत्ताधारी दल भाजपा को विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद निकाय चुनाव में भी जीत के लिए विश्वस्थ दिख रही है। बहरहाल चुनाव परिणाम के बाद ही यह स्पष्ट होगा शहरी सत्ता की चाबी कौन से दल को मिलने जा रही है।



रायपुर निगम के लिए 1095 और पूरे जिले में कुल 1290 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इसके साथ ही महापौर पद के लिए भाजपा-कांग्रेस से 9 महिला प्रत्याशी मैदान में है। भाजपा ने 5 महिला प्रत्याशियों को महापौर की टिकट दी है। वहीं कांग्रेस ने 4 महिलाओं को महापौर का प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही रायपुर नगर निगम में निर्दलीय प्रत्याशियों का भी बोल-बाला रहा। कांग्रेस ने कई पार्षदों का टिकट काट दिया जिससे वह बागी होकर मैदान में है।

## महापौर के लिए दिग्गजों की साख दांव पर

महापौर के लिए कई दिग्गज नेताओं की साख दांव पर है। रायपुर नगर निगम से पूर्व महापौर, सभापति रहे प्रमोद दुबे की पत्नि दीप्ती दुबे और भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। मीनल निगम की राजनीति में लम्बे समय से सक्रिय है। वहीं निगम की राजनीतिक गणित में प्रमोद दुबे को भी कमजोर नहीं आंका जा सकता। इसके साथ ही बिलासपुर नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी पूजा विधानी और प्रमोद नायक के बीच कड़ी टक्कर है। ऐसे में चुनाव परिणाम किसके फेवर में जाएगा, फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। दुर्ग नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी अल्का बाघमार तथा कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता साहू के बीच मुकाबला है। कांग्रेस ने इस क्षेत्र से साहू प्रत्याशी पर भरोसा जताया है। वहीं भाजपा प्रत्याशी को सरोज पाण्डेय की पसंद बताया जा रहा है। बहरहाल दुर्ग का परिणाम चौकाने वाला हो सकता है। राजनांदगांव में मुकाबला एक तरफा बताया जा रहा है। कोरबा नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी संजू राजपूत और कांग्रेस प्रत्याशी उषा तिवारी के बीच मुकाबला है। कोरबा में मामला नजदीकी हो सकता है। रायगढ़ में भाजपा प्रत्याशी जीववर्धन चौहान और कांग्रेस की प्रत्याशी जानकी काटजू मैदान पर है। चौहान वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पसंद है। चुनाव कैम्पेन के दौरान चौहान की चाय जमकर खौली। बहरहाल परिणाम क्या होगा इसका खुलासा 15 फरवरी को होगा। अंबिकापुर नगर निगम से कांग्रेस के डॉ. अजय तिर्की और भाजपा प्रत्याशी मंजूशा भगत के बीच कड़ा मुकाबला है। जगदलपुर नगर निगम में कांग्रेस के मलकीत सिंह गैदू और भाजपा के संजय पाण्डेय के बीच कड़ी टक्कर है। इस सीट पर भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव की साख दांव पर लगी हुई है। वहीं गैदू का राजनीतिक भविष्य भी इस चुनाव से तय होने है। चिरमिरी से कांग्रेस प्रत्याशी विनय जयसवाल और भाजपा प्रत्याशी रामनरेश राय के बीच मुकाबला है। वहीं धमतरी नगर निगम में भाजपा की जीत तय है। यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया गया था। बहरहाल मतदान के बाद इन तमाम उम्मीदवारों का भविष्य इवीएम में कैद हो चुका है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया नमन



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन राष्ट्रसेवा, अंत्योदय और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। मुख्यमंत्री साय ने उनके विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि अंत्योदय का संकल्प हमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, सेवा और समाज कल्याण को समर्पित रहा। पंडित दीनदयाल की विचारधारा हमें छत्तीसगढ़ को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

### जीएसटी में बदलाव के लिए अपने राज्य से बात करें सांसदः सीतारमण



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बदलाव के लिए सांसदों को अपने राज्य से बात करनी चाहिए। सीतारमण ने सदन में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि जीएसटी के संबंध में सभी निर्णय जीएसटी परिषद लेती है। इसमें केंद्र तथा सभी राज्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी राज्य को कोई फैसला लेना है, तो अपने प्रतिनिधि के माध्यम से जीएसटी परिषद में आना चाहिए। कोई भी मुद्दा उठाने का किसी भी राज्य को पूरा अधिकार है। जीएसटी परिषद में सभी राज्यों के वित्त मंत्री शामिल होते हैं।

## भारत के साथ मिलकर उन्नत रक्षा प्रणालियों का विकास करें वैश्विक समुदाय : राजनाथ

वार्ता ◂ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में भागीदारी और सहयोग के महत्व पर बल देते हुए वैश्विक समुदाय से उन्नत प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन में भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया है। सिंह 15वें एयरो इंडिया के हिस्से के रूप में आयोजित रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें 15 रक्षा मंत्री, 11 उप रक्षा मंत्री, 15 स्थायी सचिव और 17 सेवा प्रमुख शामिल थे। रक्षा मंत्री ने कहा, संघर्षों की बढ़ती संख्या, नई शक्ति के खेल, नए हथियार और सरकार से इतर तत्वों की बढ़ती भूमिका और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के उद्भव ने विश्व व्यवस्था को और अधिक नाजुक बना दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये साइबरस्पेस और बाह्य अंतरिक्ष संप्रभुता की स्थापित परिभाषा को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, हाइपरसोनिक और निर्देशित ऊर्जा जैसी विध्वंसकारी प्रौद्योगिकियां युद्ध के चरित्र को बदल रही हैं और नई कमजोरियां पैदा कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन परिवर्तनों का भविष्य के युद्ध पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिससे चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक क्षमताओं का पुनर्मूल्यांकन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## संविधान की मूल प्रति में वर्णित 22 कृतियों वाली प्रति ही असली संविधान : धनखड़

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सरकार को निर्देश दिया कि 22 कृतियों वाला संविधान ही असली संविधान है और ऐसी प्रतियों की बिक्री या प्रचार प्रसार नहीं किया जाना चाहिए, जिनमें ये कृतियां नहीं हो। धनखड़ ने सदन में शून्यकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राधा मोहन अग्रवाल की ओर से इस मुद्दे को उठाये जाने पर कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के बीच कहा कि संसद द्वारा संशोधन के बगैर संविधान में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया जा सकता है और इस तरह के बदलाव करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये कृतियां पांच हजार वर्ष की हमारी गौरवशाली संस्कृति के प्रतीक हैं। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं ने संविधान पर हस्ताक्षर कर इन कृतियों को स्वीकृत किया था और इसके बगैर संविधान का प्रकाशन या प्रसारण दोनों गंभीर मुद्दा है। सरकार को इस पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए और बगैर इन कृतियों के बाजार में बिक रही संविधान की प्रतियों पर रोक लगायी जानी चाहिए और ऑनलाइन में भी यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सभापति ने कहा कि संविधान के एक-एक अध्याय के साथ एक-एक कृति है, जो संबंधित अध्याय के महत्व को दर्शाती हैं।






**एआई की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत है, कई पूर्वाग्रह हैं जिनके बारे में हमें ध्यान से सोचने की आवश्यकता है**

## एआई पर वैश्विक साझीदारी में ग्लोबल साउथ के हितों का समावेशन जरुरी : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◂ पेरिस
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के रचनात्मक इस्तेमाल के लिए वैश्विक साझीदारी को आगे बढ़ाने के लिए ग्लोबल साउथ के हितों के समावेशन पर जोर दिया है। मोदी ने पेरिस के ग्रांड पैलेस में आयोजित एआई समिट की सह अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने अपने समापन संबोधन में इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आज की चर्चाओं ने हितधारकों में दृष्टि में एकता और उद्देश्य में एकता सिद्ध की है। उन्होंने कहा, मैं 'एआई फाउंडेशन' और 'सतत एआई के लिए परिषद' स्थापित करने के निर्णय का स्वागत करता हूं। मैं फ्रांस और मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति मैक्रों को इन पहलों के लिए बधाई देता हूं और हमारे पूर्ण समर्थन का आश्वासन देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें



'एआई के लिए वैश्विक साझीदारी' को वास्तव में प्रकृति में वैश्विक बनाना चाहिए। यह वैश्विक दक्षिण और इसकी प्राथमिकताओं, चिंताओं और जरूरतों को अधिक समावेशी होना चाहिए। मोदी ने अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी में करने की भी पेशकश की। इससे पहले प्रधानमंत्री ने आरंभिक संबोधन में कहा कि एआई की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत है, कई पूर्वाग्रह हैं जिनके बारे में हमें ध्यान से सोचने की आवश्यकता है। एआई पहले से ही हमारी राजनीति, हमारी अर्थव्यवस्था, हमारी सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को फिर से आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है, लेकिन, यह मानव इतिहास में अन्य प्रौद्योगिकी मील के पत्थर से बहुत अलग है। उन्होंने कहा कि एआई अभूतपूर्व पैमाने और गति से विकसित हो रहा है और अपनाया जा रहा है और भी तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। सीमाओं के पार एक गहरी अंतर-निर्भरता भी है। इसलिए, शासन और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखते हैं, जोखिमों को दूर करते हैं और विश्वास का निर्माण करते हैं। लेकिन, शासन केवल जोखिमों और प्रतिद्वंद्विता के प्रबंधन के बारे में नहीं है। यह नवाचार को बढ़ावा देने और वैश्विक कल्याण के लिए इसे तैनात करने के बारे में भी है। इसलिए, हमें गहराई से सोचना चाहिए और नवाचार और शासन के बारे में खुलकर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन सभी तक पहुंच सुनिश्चित करने के बारे में भी है, खासकर वैश्विक दक्षिण में। यह वह क्षेत्र है जहां क्षमताओं की सबसे अधिक कमी है - चाहे वह गणना शक्ति, प्रतिभा, डेटा या वित्तीय संसाधन हो। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत कुछ सुधार करके लाखों जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। यह एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है जिसमें सतत विकास लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो जाए। मोदी ने कहा कि ऐसा करने के लिए, हमें संसाधनों और प्रतिभाओं को एक साथ पूल करना होगा।

# मध्यप्रदेश करेगा भारत के डिजिटल भविष्य का निर्माण: यादव

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आईटी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में सबसे तेजी से आगे बढ़ता हुआ राज्य बनने की ओर अग्रसर है, जिसे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से नई ऊर्जा मिलेगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ यादव ने कहा कि इस सेक्टर के लिए समिट में अलग से सत्र आयोजित होगा। मध्यप्रेदश में 15 से अधिक आईटी पार्क और 5 आईटी एसईजेड हैं, जिनमें इंदौर में क्रिस्टल आईटी पार्क और इंफोसिस जैसे प्रमुख सेंटर शामिल हैं। ये पार्क विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त हैं, जो टीसीएस, इंफोसिस और एक्सेंचर जैसी प्रमुख कंपनियों को आकर्षित करते हैं। नॉलेज सिटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर 2.0 जैसी आगामी परियोजनाएं, इस इको सिस्टम को और मजबूत करने के लिए तैयार हैं। परिवर्तन के दौर से गुजर रहे देश के तकनीकी इको सिस्टम के विकास के अगले केन्द्र टीयर-2 शहर हैं, जो टेक इनोवेशन और निवेश के नए हॉटस्पॉट बनते जा रहे हैं। इसकी वजह है यहां कम परिचालन लागत, उच्च जीवन स्तर और कुशल प्रतिभा पूल की उपलब्धता। टीयर-2 शहर अब तकनीकी कंपनियों की पसंद बनते जा रहे हैं। खास बात है कि मध्यप्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर, टेलेंट और लागत-दक्षता प्रदान करने वाला अग्रणी राज्य है। मध्यप्रदेश का व्यापक आईटी, आईटीईएस और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। विश्व स्तरीय आईटी पार्क, नॉलेज और सॉफ्टवेयर हब के साथ सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित करने से निश्चित रूप से मध्यप्रदेश तकनीकी क्रांति की अगली लहर का नेतृत्व करेगा। मध्यप्रदेश की विशेषता है कि 300 से अधिक तकनीकी शिक्षा संस्थान सालाना 50 हजार से अधिक तकनीकी स्नातक तैयार करते हैं। आईआईटी इंदौर, आईआईएम इंदौर और आईआईआईटी ग्वालियर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान अत्यधिक कुशल युवाओं को गढ़ते हैं। भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क उद्योग के लिए कौशल



संपन्न पेशेवर तैयार करता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की प्रगतिशील नीतियां और इनोवेशन को बढ़ावा देने और तकनीक के क्षेत्र में विश्वस्तरीय दिग्गज कंपनियों को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। मध्यप्रदेश का मजबूत पॉलिसी-स्ट्रक्चर प्रौद्योगिकी संचालित विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में राज्य की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसमें आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश संवर्धन नीति 2023, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी 2025, एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी 2025, ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति 2025 और सेमीकंडक्टर नीति 2025 शामिल हैं। ये नीतियां टेक इंफ्रास्ट्रक्चर के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए कई तरह के प्रोत्साहन और सहायता प्रदान करती हैं। प्रदेश सरकार के फोकस में उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ टेलेंट और इनोवेशन को बढ़ाते हुए आईटी पार्क, सॉफ्टवेयर हब और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग में महत्वपूर्ण निवेश हैं। अग्रणी तकनीकी हब बनने की दृष्टि के साथ मध्यप्रदेश डिजिटल भविष्य को शक्ति प्रदान करने के रास्ते पर अग्रसर है। आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश संवर्धन नीति 2023 इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर केंद्रित है, जो कैपेक्स, भूमि, ब्याज छूट, मार्केटिंग और पेटेंट सहायता आदि प्रदान करती है। दूसरी ओर ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी 2025 वैश्विक तकनीकी केंद्रों को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जो कैपेक्स, पेरोल और अपस्किलिंग के लिए सब्सिडी, आरएंडडी को सपोर्ट करती है। इसी तरह एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी-2025 एवीजीसी सेक्टर को सपोर्ट करते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, उत्पादन संबंधी वित्तीय सहायता, उद्योग सहयोग और एवीजीसी-एक्सआर लैब की स्थापना आदि के लिए सहयोगी है। इसके अलावा ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति 2025 ड्रोन निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए कैपेक्स सहायता, ड्रोन पाठ्यक्रमों के लिए प्रोत्साहन और अनुसंधान एवं विकास में सहयोग के साथ ड्रोन अपनाने को बढ़ावा देती है। इसके बाद सेमीकंडक्टर नीति 2025 महत्वपूर्ण है, जो कैपेक्स प्रोत्साहन और सीओई, पेरोल और कौशल विकास आदि के लिए सहयोग के साथ सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करती है। मध्यप्रदेश ने परिवर्तनकारी निवेशों की एक लहर देखी है, जो भारत के अगले बड़े तकनीकी केन्द्र के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है। इंदौर में एलटीआई माइंडट्री का 870 करोड़ रुपये का तकनीकी परिसर 10 हजार से ज्यादा नौकरियां प्रदान करेगा, जो आईटी सेवाओं और डिजिटल परिवर्तन परियोजनाओं में मध्यप्रदेश की भूमिका को मजबूत करेगा। रैकबैंक का डेटा सेंटर विस्तार में 644 करोड़ रुपये का निवेश मध्यप्रदेश के डिजिटल बुनियादी ढांचे और क्लाउड सेवाओं को मजबूत कर रहा है।

# मंदिर से 60 लाख के सोने-चांदी के जेवरात, चार लाख की नकदी चोरी

एजेंसी < भीलवाड़ा
www.dailypioneer.com



राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए करीब 60 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात सहित चार लाख रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर लिया। यह वारदात हमीरगढ़ के प्राचीन चामुंडा माता मंदिर में हुई। घटना की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी एवं एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। चोरों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें बनाई गई है, जो जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार, हमीरगढ़ स्थित चामुंडा माता मंदिर में पुजारी पूरण माली ने रिपोर्ट में बताया कि बीती रात चोरों ने मंदिर में प्रवेश किया। चोरों ने मंदिर के ताले तोड़ दिये। अंदर जाकर आलमारी में रखी चॉबी निकाल कर चोरों ने ताला खोला और निज मंदिर में प्रवेश कर माताजी के श्रंगार के सोने और चांदी के आभूषण चुरा लिये। इतना ही नहीं, चोर इस मंदिर से नकदी रखा दानपात्र भी चुरा ले गये। यह दानपात्र टूटा हुआ मंदिर से करीब दो किलोमीटर दूर जंगल में सुबह लावारिस हालत में मिला। पुजारी ने बताया कि सुबह 4.20 बजे नींद खुली तो वारदात का पता चला। इसकी सूचना पुलिस के साथ ही मंदिर ट्रस्ट एवं ग्रामीणों को दी गई। श्रद्धालुओं में घटना को लेकर रोष व्याप्त है। मंदिर से जुड़े राव युग प्रदीप सिंह ने बताया कि चोरी गया माल करीब 60 लाख रुपये का है।

# जालंधर में रविदास जयंती पर शोभा यात्रा का आयोजन

एजेंसी < जालंधर
www.dailypioneer.com

पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने लोगों से समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करने के लिए गुरु रविदास जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सतगुरु रविदास धाम बूटां मंडी में गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा में शामिल होते हुए डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि गुरु रविदास महाराज की शिक्षाएं आधुनिक समय में अधिक व्यवहारिक हैं, क्योंकि इनसे समतावाद के सिद्धांतों पर आधारित सुख, शांति, भाईचारे से भरा समाज बनेगा।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दीपक बाली, राजविंदर कौर थियारा, पवन कुमार टीनू, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर जसबीर सिंह के साथ डिप्टी कमिश्नर ने श्रद्धालु के रूप में शोभा यात्रा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने 12 फरवरी को जालंधर में प्रकाश पर्व को राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाने का फैसला किया है, जो गुरु रविदास महाराज की शिक्षाओं में सरकार की अटूट आस्था को दर्शाता है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इस पवित्र दिन पर गुरु रविदास धाम जाने और शोभा यात्रा में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने विभिन्न संगठनों के मंचों और झांकियों में भी भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने लोगों को बधाई दी और प्रकाश पर्व को बेहतरीन तरीके से मनाने के लिए जालंधर प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया। इससे पहले सतगुरु रविदास चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सेठ सतपाल मल, सीनियर आप नेता स्टीफन कलेर ने डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल, सीनियर आप नेता दीपक बाली, राजविंदर कौर थियारा, पवन कुमार टीनू को शोभा यात्रा में पहुंचने पर सम्मानित किया।

# बारां में यात्री बस पलटी, 35 से अधिक घायल



**बारां।** राजस्थान के बारां शहर में मंगलवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर तलावड़ा रोड के पास कानपुर से गुजरात जा रही स्लीपर बस पलट गई। जिससे बस में सवार 36 से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार यह बस कानपुर से सूरत और अहमदाबाद जा रही थी। बारां बाइपास पर तलावड़ा रोड के पास पलट गई। हादसे की सूचना के बाद विधायक राधेश्याम बैरवा बारां-अटरू, विधायक कंवरलाल मीणा अंता, जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक चौधरी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# राजस्थान में उच्च माध्यमिक परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन

एजेंसी < अजमेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षा के कार्यक्रम में आंशिक बदलाव किया गया है। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि यह परिवर्तन जेईई मेन्स सेशन-2 परीक्षा की तिथियों के साथ संभावित टकराव के मद्देनजर किया गया है, जिससे छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शर्मा ने बताया कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार विषय संस्कृत साहित्य एवं संस्कृत वाड्मय की परीक्षा 22 मार्च के स्थान पर नौ अप्रैल को, समाजशास्त्र की परीक्षा 27 मार्च के स्थान पर तीन अप्रैल को तथा ऋग्वेद , शुक्ल यजुर्वेद , कृष्ण यजुर्वेद, सामवेद ,अथर्ववेद ,न्याय दर्शन, वेदांत दर्शन ,मीमांसा दर्शन ,जैन दर्शन ,निंबार्क दर्शन ,वल्लभ दर्शन ,सामान्य दर्शन, रामानंद दर्शन ,व्याकरण शास्त्र ,साहित्य शास्त्र ,पुराणतिहास धर्मशास्त्र ,ज्योतिष शास्त्र ,सामुद्रिक शास्त्र ,वास्तु विज्ञान तथा पुरोहित्य शास्त्र की परीक्षा एक अप्रैल के स्थान पर चार अप्रैल को होगी। इसी तरह इतिहास ,व्यवसाय अध्ययन ,कृषि रसायन विज्ञान एवं रसायन विज्ञान की परीक्षा तीन अप्रैल के स्थान पर 22 मार्च को तथा कंप्यूटर विज्ञान एवं इनफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस की परीक्षा सात अप्रैल के स्थान पर 27 मार्च को आयोजित की जाएगी।

## कटारिया ने रविदास जयंती पर दी शुभकामनाएं

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने श्री गुरु रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि गुरु रविदास जी न केवल हमारी भूमि को सुशोभित करने वाले महानतम संतों में से एक थे, बल्कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन दलितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि गुरू रविदास जी के अथक प्रयासों ने समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया, जिससे न केवल सामाजिक समानता का मार्ग प्रशस्त हुआ, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी नई दिशा मिली। गुरु रविदास जी के उपदेश हमें यह सिखाते हैं कि मानवता में भेदभाव का कोई स्थान नहीं है, और हमें मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए जहाँ हर व्यक्ति को सम्मान, समान अवसर और प्रेम प्राप्त हो। कटारिय ने कहा कि प्रेम, करुणा, सहिष्णुता और समानता की उनकी शिक्षाएं हमें मानवता की सेवा के लिए समर्पित जीवन जीने के लिए प्रेरित करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि पूज्य संत के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनकी विरासत को कायम रखा जाए और भावी पीढ़ियों तक पहुंचाया जाए तथा उनके उच्च आदर्शों का पूर्ण पालन किया जाए।

## भीलवाड़ा में पुलिस ने की बजरी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कर दो लोगों को किया गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले की रायपुर थाना पुलिस ने बजरी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी सुरेंद्र गोदारा मय पुलिस टीम थाने से रवाना होकर सगरेव, मोखमपुरा, नाथडियास में गश्त



करते हुये फतेहपुरा सरहद में पहुंचे। जहां पुलिस ने बजरी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा, जिनमें चार-चार टन बजरी भरकर ले जायी जा रही थी। इन मामलों में दो चालकों फतेहपुरा निवासी रोशन गुर्जर (20) एवं सुरेश भील (20) को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने तीन मामले दर्ज किये।

## जेसीबी की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में जेसीबी और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि राजाजी का करेड़ा निवासी राधेश्याम माली (22) सोमवार रात मोटरसाइकिल पर सवार होकर भीलवाड़ा से अपने गांव लौट रहा




था। जाली चौराहा और रतनपुरा चौराहे के बीच विपरीत दिशा से आ रहे जेसीबी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दोनों वाहनों की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल सवार राधेश्याम की मौत मौके पर ही हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को आसींद अस्पताल के शवगृह भिजवा दिया, जिसका पोस्टमार्टम मंगलवार सुबह करवाया गया। पुलिस ने मृतक के चाचा लक्ष्मण माली की रिपोर्ट पर जेसीबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सौंद ने प्रदेशवासियों को दी गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएँ

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब के पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने गुरु रविदास के प्रकाश दिवस की समस्त पंजाबवासियों को शुभकामनाएँ दीं। सौंद ने अपने संदेश में कहा कि गुरु रविदास जी द्वारा दिया गया प्रेम, सहानुभूति और समानता का संदेश हमें आने वाले समय में भी मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने मानव मूल्यों को बनाए रखने की भावना को प्रोत्साहित किया और वे आज भी संपूर्ण समाज के लिए ज्ञान का स्रोत बने हुए हैं। मंत्री ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन और उनकी शिक्षाएँ हमें हमेशा एक ऐसे समाज की रचना के लिए प्रेरित करती रहेंगी, जो जात-पात से मुक्त हो और जहाँ सभी को समान मान-सम्मान प्राप्त हो। ऐसा समाज धर्म, जाति और लिंग भेदभाव से ऊपर होगा।

# कांग्रेस देश भर में वोट कटुवा पार्टी बन कर रह जाएगी: अभय

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि कॉंग्रेस ने जैसे दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोट काटने का काम किया है, वैसे ही आने वाले समय में पूरे देश में यह पार्टी सिर्फ वोट कटुवा पार्टी बन कर रह जाएगी। चौटाला ने निकाय चुनाव के लिए पार्टी मुख्यालय में बैठक के बाद यहाँ जारी बयान में कहा कि दीपेन्द्र हुड्डा का बयान आया है कि यदि दिल्ली में इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ता तो भाजपा को हरा देते तो फिर हरियाणा में कॉंग्रेस ने इंडिया गठबंधन में चुनाव क्यों नहीं लड़ा? इनेलो नेता ने आरोंप लगाया कि हरियाणा में कॉंग्रेस ने भाजपा की बी टीम के रूप में काम करके भाजपा की सरकार बनाई और फिर मुद्दे को भटकाने के लिए ठीकरा ईवीएम पर फोड़ दिया। कांग्रेस द्वारा निकाय चुनावों को ईवीएम से न करावकर बैलेट पेपर पर करवाए जाने की मांग को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस दोहरी नीति अपना रही है जब हिमाचल के चुनाव जीत कर सरकार बनाई और लोकसभा में हरियाणा की पांच सीटें जीतीं तब ईवीएम पर सवाल नहीं उठा। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में जहां पार्टी चिन्ह पर चुनाव लड़ना होगा, लड़ेंगे और कहीं समविचारी प्रत्याशियों को मांगने पर उन्हें समर्थन भी देंगे।

# राजस्थान में उच्च माध्यमिक परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन

एजेंसी < अजमेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षा के कार्यक्रम में आंशिक बदलाव किया गया है। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि यह परिवर्तन जेईई मेन्स सेशन-2 परीक्षा की तिथियों के साथ संभावित टकराव के मद्देनजर किया गया है, जिससे छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शर्मा ने बताया कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार विषय संस्कृत साहित्य एवं संस्कृत वाड्मय की परीक्षा 22 मार्च के स्थान पर नौ अप्रैल को, समाजशास्त्र की परीक्षा 27 मार्च के स्थान पर तीन अप्रैल को तथा ऋग्वेद , शुक्ल यजुर्वेद , कृष्ण यजुर्वेद, सामवेद ,अथर्ववेद ,न्याय दर्शन, वेदांत दर्शन ,मीमांसा दर्शन ,जैन दर्शन ,निंबार्क दर्शन ,वल्लभ दर्शन ,सामान्य दर्शन, रामानंद दर्शन ,व्याकरण शास्त्र ,साहित्य शास्त्र ,पुराणतिहास धर्मशास्त्र ,ज्योतिष शास्त्र ,सामुद्रिक शास्त्र ,वास्तु विज्ञान तथा पुरोहित्य शास्त्र की परीक्षा एक अप्रैल के स्थान पर चार अप्रैल को होगी। इसी तरह इतिहास ,व्यवसाय अध्ययन ,कृषि रसायन विज्ञान एवं रसायन विज्ञान की परीक्षा तीन अप्रैल के स्थान पर 22 मार्च को तथा कंप्यूटर विज्ञान एवं इनफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेस की परीक्षा सात अप्रैल के स्थान पर 27 मार्च को आयोजित की जाएगी।

## छात्रा के साथ छेड़छाड़ के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अपने चाचा के साथ जा रही एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने तथा चाचा की मारपीट करने वाले आरोपियों में राजा शाक्य, तोहद व इरफान खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इन आरोपियों को पकड़ने के बाद इनका जुलूस निकाला। बताया गया कि छात्रा गत शनिवार की देर शाम अपने चाचा के साथ ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। ग्वालियर बाईपास चौराहे के पास चार युवकों द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ किया गया। जब चाचा ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। यह मामला सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। इस मामले एक आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पंजाब को मॉडल राज्य बनाने के लिए दिल्ली का अनुभव इस्तेमाल करेंगे: मान

एजेंसी < नयी दिल्ली/चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब के आम आदमी पार्टी (आप) विधायकों और मंत्रियों के साथ दिल्ली के कपूरथला हाउस में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और पंजाब की प्रगति और आगे के रणनीतियों पर चर्चा की। बैठक के बाद मान ने कहा कि वे पंजाब को एक मॉडल राज्य बनाने के लिए दिल्ली के अनुभव का उपयोग करेंगे। उन्होने पंजाब सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और दो साल के भीतर राज्य को विकास के मॉडल में बदलने की महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण को रेखांकित किया। हाल ही में संपन्न दिल्ली चुनावों में उनके अथक प्रयासों के लिए पंजाब टीम का आभार व्यक्त करते हुए मान ने कहा, पंजाब के हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली चुनावों के दौरान लगन से काम किया और उनका योगदान अमूल्य था। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल और मैं उनके समर्पण के लिए बहुत आभारी



हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का ध्यान पिछले एक दशक में दिल्ली में आप के परिवर्तनकारी कार्यो से प्रेरणा लेकर हम पंजाब में भी अच्छा शासन देने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। मान ने इस बात पर जोर दिया कि पंजाब ने पहले ही शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय प्रगति की है। 850 आम आदमी क्लीनिकों की स्थापना ने स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में क्रांति ला दी है, जबकि स्कूल ऑफएमिनेंस शिक्षा में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। पंजाब में सरकारी स्कूलों के छात्र अब प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने सरकार की रोजगार पहलों की ओर भी इशारा करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में बिना पक्षपात या रिश्वतखोरी के 50,000 से अधिक योग्यता-आधारित सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। इसके अतिरिक्त, 17 टोल प्लाजा को बंद किया जिससे आम जनता के प्रतिदिन 62 लाख की बचत हो रही है। एक विधायक एक पेंशन स्कीम लागू किया। मान ने दोहराया कि आप एक ऐसी पार्टी है जो नतीजे देती है, खोखले वादे नहीं। उन्होंने कहा कि हम अपने काम के लिए जाने जाते हैं। हम धार्मिक राजनीति, ठगी या प्रतिशोध में शामिल नहीं होते हैं। पंजाब की कानून व्यवस्था की स्थिति कई अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। यही कारण है कि प्रमुख कंपनियां अब पंजाब में निवेश कर रही हैं। कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा पर निशाना साधते हुए मान ने उनके दावों को खारिज कर दिया कि आप विधायक विपक्ष के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, बाजवा करीब तीन साल से बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। मेरा सुझाव है कि वह हमारे विधायकों के बजाय अपने विधायकों को गिनें। उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं ने कड़ी मेहनत और समर्पण से अपनी पार्टी बनाई है। हमारे यहां दलबदलु संस्कृति नहीं है। मान ने कहा कि अन्य पार्टियों के विपरीत, आम आदमी पार्टी वास्तविक सेवा और विकास पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली चुनाव के दौरान सामने आई चुनौतियों पर भी विचार किया, जिसमें मतदाताओं को रिश्वत देना और भाजपा द्वारा डराना-धमकाना शामिल है। उन्होंने कहा, हम पैसे या डर से चुनाव नहीं जीतते; हम प्यार से जीतते हैं। जनता का फैसला सर्वोच्च है और हम इसका सम्मान करते हैं। तमाम बाधाओं के बावजूद, जनता की सेवा करना ही हमारा उद्देश्य है। मान ने कहा कि आप सरकार में पंजाब पुलिस बिना किसी राजनीतिक दबाव या प्रभाव के काम कर रही है। उन्होंने कहा, हमने 'परचा संस्कृति' को समाप्त कर दिया है।

# भारतीय सभ्यता ने मानव जाति को देवत्व की अवधारणा दी : राज्यपाल

एजेंसी < गया
www.dailypioneer.com

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारतीय सभ्यता लगभग पांच हजार वर्ष पुरानी है और महान भारतीय दार्शनिकों के दिए गए विचारों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि देश ने मानव जाति को देवत्व की अवधारणा दी है। आरिफ दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 'एकात्म मानववाद के सामाजिक पहलू', दीनदयाल उपाध्याय की विरासत पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय



सम्मेलन का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह सहित विश्वविद्यालय से जुड़े कई प्रोफेसर, विद्वान एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता लगभग पांच हजार वर्ष पुरानी है और महान भारतीय दार्शनिकों द्वारा दिए गए विचारों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि देश ने मानव जाति को देवत्व की अवधारणा दी है। उन्होंने कहा, वास्तव में सदियों पुराने भारतीय दर्शन ने पश्चिमी देशों सहित दुनिया को प्रभावित किया है. यहां तक कि उन्होंने हमारे पुराने ग्रंथों का रूपांतरण कर गहन अध्ययन भी किया है. भारतीय अवधारणा हमें सभी संस्कृतियों और विविधता का सम्मान करना सिखाती है। विश्व में पांच प्रमुख सभ्यताएं, ईरानी, चीनी, रोमन, तुर्क और भारतीय सभ्यताएं हैं, जो अपने-अपने महत्व के लिए जानी जाती हैं. भारतीय सभ्यता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह ज्ञान और बुद्धि के प्रचार के लिए जानी जाती है।

# सेजेस बडेराजपुर में परीक्षा पर चर्चा का किया गया लाइव प्रसारण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले के बडेराजपुर ब्लॉक में संचालित स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बडेराजपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण करके विद्यार्थियों को दिखाया गया, जिसे प्राचार्य सी. एल.मरकाम सहित समस्त विद्यार्थियों ने एक साथ बैठकर देखा। पीएम नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा करते हुए कहा कि टाइम मैनेजमेंट काफी जरूरी है। सबसे पहले हमें अपने समय के विषय में सोचना है, मैं अपने समय का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कैसे करूं, इसे लेकर काफी सतर्क रहना चाहिए। ये सब कागज पर लिखकर रखना चाहिए और टाइम को मैनेज करना चाहिए, इसे रोजाना मार्क करना है और देखना है कि हमने कौन से काम समय पर किए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमेशा चुनौती लेनी चाहिए, किसी भी विषय को चुनौती के तौर पर देखना चाहिए। जो विषय डराता है उससे पहले निपटना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि ज्ञान और परीक्षा दो अलग चीजें होती है। उन्होंने यह भी कहा कि लक्ष्य हमेशा बड़ा लेकर चलना चाहिए तथा उसे पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।शिक्षकों को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि उनका काम छात्रों की योग्यता की पहचान करना भी है। पेरेंट्स को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि हर माता-पिता को कुछ अपेक्षाएं होती हैं। दूसरों के बच्चों को देखने के बाद उनका खुद का ईगो हर्ट होता है। उनका सोशल स्टेटस ही उनके लिए रुकावट बन जाता है। मेरी पेरेंट्स से अपील है कि अपने बच्चे को हर जगह मॉडल की तरह खड़ा मत करो।दुनिया का हर बच्चा एक जैसा नहीं होता है। कुछ बच्चे खेल-कूद में अच्छे होते हैं और पढ़ाई में कमजोर होते हैं। उनके मां-बाप और टीचर को उनके अंदर छिपी प्रतिभा को तराशने की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि स्किल की ताकत काफी ज्यादा होती है।हमें स्किल पर ही ज्यादा ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर पीएम मोदी ने टीचर्स से कहा कि छात्रों के बीच तुलना नहीं करनी चाहिए, किसी भी छात्र को दूसरे छात्रों के बीच नहीं टोकना चाहिए। इससे उनका मनोबल नहीं गिरेगा और वो आगे सीखने की कोशिश करेंगे।बच्चों को भी ऐसे व्यक्ति को खोजना चाहिए, जो उन्हें लगातार मोटिवेट करता रहे। हमेशा खुद को पराजित करना सीखना चाहिए। इसके लिए सेल्फ गोल होना जरूरी है, इन्हें पूरा करने पर खुद को रिवॉर्ड देना चाहिए।

# मुठभेड़ में मारे गये 5 माओवादियों की हुई शिनाख्त



पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया नेशनल पार्क एरिया कमेटी के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर नक्सल विरोधी सर्च अभियान में बीजापुर DRDRG/Bastar Fighters/STF की टीम नेशनल पार्क एरिया क्षेत्रान्तर्गत रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 9 फरवरी के प्रातः लगभग 08ः00 बजे थाना मद्देड - फरसेगढ़ बॉर्डर एरिया के मध्य जंगल पहाड़ में डीआरजी, एसटीएफ एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो शाम 3-4 बजे तक रूक-रूक कर चलती रही। मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर वर्दीधारी 11 महिला एवं 20 पुरूष कुल 31 हार्डकोर वर्दीधारी माओवादियों का शव हथियार सामग्री सहित बरामद हुआ। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में AK 47, SLR, INSAS rifle . 303, नक्सलियों द्वारा निर्मित रॉकेट लांचर, हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ। मुठभेड़ में मारे गये 05 माओवादियों की शिनाख्त हुई है, शेष मारे गये माओवादियों की पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में शहीद डीआरजी के प्रधान आरक्षक नरेश ध्रुव निवास बालौदाबाजार एवं एसटीएफ आरक्षक बासित रावटे निवासी फागुनदाह, थाना डौडी-लोहारा जिला बालोद की पार्थिव शरीर जिला मुख्यालय बीजापुर लाया गया। शहीद जवानों को पूर्वान्ह 11.00 बजे नया लाईन स्थित शहीद वाटिका में श्रद्धांजली दी गई। मुठभेड़ में घायल आरक्षक जग्गू कलमू एवं STSÙ आरक्षक गुलाब मंडावी को भारतीय वायु सेना द्वारा एयरलिफ्ट की गई। दोनों घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है और रायपुर में बेहतर इलाज जारी। मुठभेड़ में और अधिक नक्सलियों के घायल या मारे जाने की संभावना को देखते हुए आस पास के क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है Re-enforcement के लिए अतिरिक्त DRG/STF/Bastar Fighters/CRPF बल को रवाना किये गया।

# कुल्हाड़ी मारकर की पत्नी की हत्या

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



चौकी बांसकोट थाना विश्रामपुरी मे प्रार्थी जगदीश मरकाम पिता लच्छीन मरकाम उम्र 36 वर्ष जाति गोंड़ निवासी ग्राम खरगांव थाना विश्रामपुरी जिला कोण्डागांव ने चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी छोटी बहन पूर्णिमा नेताम की शादी सन् 2015 में सामाजिक रिति रिवाज से ग्राम मारंगपुरी निवासी गुरू प्रसाद नेताम से हुआ था शादी के बाद 02 बच्चे हुये, दोनो पति पत्नि व बच्चे एक साथ रहते थे कि सपरिवार एवं रिस्तेदारों के साथ एक दिन पूर्व गांव मारंगपुरी मड़ई मेला देखे थे व 09 फरवरी को खाना पीना खाकर रात्रि में सो गये कि करीब 12.00 बजे रात्रि में शराबी आरोपी गुरूप्रसाद नेताम ने अपनी सोई हुयी पत्नि की हत्या करने की नियत से घरदार टंगिया से उसके सिर पर प्राणघातक हमला कर हत्या कर दिया। कि रिपोर्ट पर प्रम दृष्ट्या हत्या का अपराध पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के आदेशानुसार एवं अति. पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के निर्देशन पर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण नेताम के पर्यवेक्षण में विवेचना कार्यवाही किया गया। पता तलाश कर आरोपी गुरूप्रसाद नेताम पिता धनसिह नेताम ग्राम मारंगपुरी पटेलपारा चौकी बांसकोट निवासी मारंगपुरी चौकी बांसकोट थाना विश्रामपुरी को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने से 10 फरवरी के 14.40 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# नाबालिग वर के विवाह को रुकवाया प्रशासन की टीम ने, परिजनों को दी समझाइश

**दंतेवाड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में बाल विवाह के रोकथाम के लिए कलेक्टर के मार्गदर्शन में गठित जिला प्रशासन की संयुक्त टीम को एक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार जिला दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत छोटे तुमनार में बाल विवाह होने की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन दंतेवाड़ा को प्राप्त हुई थी। इसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए चाइल्ड हेल्प लाईन, पुलिस थाना गीदम, परियोजना गीदम एवं जिला बाल संरक्षण इकाई दंतेवाड़ा की संयुक्त टीम ने विवाह कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर वर एवं वधु का आयु का सत्यापन किया, जिससे वधु द्वारा बताये गये आयु एवं वर के शैक्षणिक प्रमाण-पत्र में उल्लेखित जन्मतिथि के अनुसार वधु की आयु पूर्ण पाई गई परन्तु वर की वैधानिक आयु, विवाह हेतु पुर्ण नहीं थी। थे। जहाँ कार्यवाही के दौरान वधु पक्ष द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेज अनुसार वधु की वर्तमान आयु 20 वर्ष 9 दिन उल्लेखित थी। परन्तु वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण नहीं होना पाया गया। इसके मद्देनजर वर के कम आयु होने पर प्रशासन की टीम द्वारा वर वधु के परिजनों को समझाइश देते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियमों से अवगत कराया गया। तत्पश्चात वर पक्ष, बालक के विवाह की वैधानिक आयु पूर्ण होने से पहले विवाह नहीं कराए जाने पर सहर्ष राजी हो गए।



इसके साथ ही ग्राम छोटे तुमनार के वासियों द्वारा भी भविष्य में गाँव में अपनी ओर से बाल विवाह नहीं होने देने का वादा भी किया गया। विवाह कार्यक्रम स्थल पर वर-वधु पक्ष के परिवार के लोगों को उपस्थित समिति द्वारा समझाइश देते हुए बताया गया कि बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनन अपराध भी है, ऐसे विवाह में शामिल माता-पिता, रिश्तेदार, पुरोहित सभी अपराधी माने जा सकते हैं।




# कलेक्टर-एसपी ने कतार में लगकर किया मतदान



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मतदान केंद्र पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल में मतदान किया। उन्होंने आम मतदाता क़ी तरह कतार में लग कर अपनी बारी आने पर मतदान क़क्ष में प्रवेश किया एवं सभी औपचारिताओं को पूरा करने के बाद ईव्हीएम से मतदान किये। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र क़ी मजबूती के लिए सभी मतदाताओं क़ो मताधिकार का प्रयोग करने क़ी अपील क़ी। उन्होने कहा कि वोट देने क़ा अधिकार महत्वपूर्ण अधिकार है और इस अधिकार का हमेशा उपयोग करना चाहिए। जिले के शतप्रतिशत मतदाता मतदान करें। ज्ञातव्य है कि नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के 8 नगरीय निकाय के 181 मतदान केंद्रों में मतदान हुआ। प्रातः 8 बजे मतदान शुरू होने के बाद से जिले में शांतिपूर्ण मतदान रहा।

## कलेक्टर -एसपी ने मतदान केंद्रों में मतदान का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय के लिए जारी मतदान क़ा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों क़ो निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचन के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले नगर पालिका परिषद सिमगा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर सिमगा पहुंचे। यहां स्कूल परिसर में 3 मतदान केंद्र बनाए गये थे। इसके पश्चात स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के 2 मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान क़ा जायजा लिया। नगर पालिका परिषद भाटापारा के नगर भवन में मतदान केंद्र क्रमांक 7 व 8 का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मास्टर ट्रेनर क़ो ईव्हीएम से मतदान करने क़ी जानकारी मतदाताओं क़ो देने तथा मतदान प्रक्रिया से जुड़े निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये।

# पीजी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने दिलाया बी प्रमाण पत्र के लिए परीक्षा




पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार पाठक के निर्देशन तथा जिला संगठक निरंजन कुमार के सानिध्य में कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम एवं भीखम साहू के मार्गदर्शन में बी प्रमाण पत्र की परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे बाह्य परीक्षक के लिये डिगेश्वर अटल कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक नवीन शासकीय महाविद्यालय आमदी को आमंत्रित किया गया। यह परीक्षा पात्र स्वयंसेवकों के लिए प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है जो दो चरणों में होती हैए प्रथम चरण में लिखित परीक्षा और द्वितीय चरण मौखिक परीक्षा के रूप में होती है। बाह्य परीक्षक के द्वारा मौखिक परीक्षा में स्वयंसेवकों से विशेष शिविर का थीम, ध्येय वाक्य, एनएसएस बैच, नियमित गतिविधि में व्यक्तिगत सहभागिता, रासेयो लक्ष्य गीत का अर्थ इत्यादि सवाल किये गये। डिगेश्वर अटल कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों को उद्बोधित करते हुये कहा कि रासेयो से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। यह सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है और व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्त्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा सहयोगी नागरिक के रूप में संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस परीक्षा में स्वयंसेवक संदीप, रामानंद, कुलदीप, प्रहलाद, रविकांत, खुशी साहू, भूमिका, माधुरी, परमानंद, नोमिता, टीना, सोनम, पीयूष, झरना, दिव्या महार के साथ अन्य स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जिला संगठक निरंजन कुमार, कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम, भीखमचंद साहू के साथ वरिष्ठ स्वयंसेवक विभा पाण्डे, ओम मरकाम, मोनिका साहू, अभिलाषा, वीणा, दिव्या उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार में मतदाता सूची में हुआ बड़ा फर्जीवाड़ा : कविंद्र जैन

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



नगर निगम धमतरी में मतदाता सूची में संदिग्ध नाम जोड़े जाने का एक नया मामला सामने आया है। भाजपा नेता कविंद्र जैन ने मामले को उजागर करते हुए इसके लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। वार्ड क्रमांक 32 नयापारा वार्ड के मतदाता सूची भाग 2 में सरल क्रमांक 753 में मतदाता का नाम मो रिजवान है तथा पिता के नाम के स्थान पर रिश्तेदार का नाम गजानंद रजक लिखा गया है जो कि कांग्रेस का वार्ड पार्षद रहा है। इसी प्रकार से अनेक नाम कांग्रेस सरकार के समय मतदाता सूची में जोड़े गए हैं जो कि विधानसभा चुनाव के समय से मतदाता सूची में जुड़े हुए हैं जिसे उसी रूप में निगम की मतदाता सूची में ले लिया गया है। ऐसे कुछ 5 नाम नयापारा वार्ड क्रमांक 32 के भाग 2 की मतदाता सूची में संदिग्ध पाए गए जिसकी लिखित शिकायत भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे ने रिटर्निंग अधिकारी को की है और उनसे मांग की है ऐसे सभी संदिग्ध नामों को चिन्हांकित कर आवश्यक सत्यापन के उपरांत ही उन्हें मतदान करने की अनुमति दी जाए तथा साथ ही आपत्तिकर्ता ने यह भी आशंका व्यक्त की है कि पर्दानशीन की आड़ में फर्जी मतदान की संभावना है। अतः मतदान स्थलों पर विशेष रूप से महिला सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जाए और संदेहास्पद पर्दानशीनो के सम्यक पहचान के उपरांत ही उन्हें वोट डालने दिया जाए।

## पत्नी के लिए चुनाव प्रचार करना पड़ा महंगा, व्यवस्थापक पद से बर्खास्त

**बलौदाबाजार।** नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पत्नी क़ा चुनाव प्रचार करने पर आदर्श आचरण संहिता उल्लंघन के कारण ग्रामीण सेवा सहकरी समिति के व्यवस्थापक क़ो पद से बर्खास्त कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बलौदाबाजार -भाटापारा के द्वारा ग्रामीण सेवा सहकरी समिति मर्यादित लवन में व्यवस्थापक के पद पर पदस्थ चन्द्रमौली गन्धर्व के द्वारा नगर पंचायत लवन में अध्यक्ष पद के निर्दलीय प्रत्याशी अपनी पत्नी डालेश्वरी गन्धर्व के चुनाव प्रचार में संलग्न पाया गया। चन्द्रमौली गन्धर्व के द्वारा आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन किये जाने पर प्राधिकृत अधिकारी प्राथमिक कृषि साख सहकरी समिति लवन के द्वारा तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया।

# तीन आदतन अपराधियों को 1 वर्ष के लिए किया जिला बदर

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय एवं त्रि.स्तरीय पंचायत चुनाव के पूर्व से ही चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने बदमाशों पर कार्यवाही की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धमतरी नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के तीन आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5-क, ख के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के 03 बदमाशों को आगामी 01 वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने जिला बदर का आदेश पारित किया है। जिला बदर किये गए बदमाशों का नाम हेमंत पांडेय उम्र 22 वर्ष निवासी स्टेशन पारा वार्ड धमतरी, विशाल बंजारे उम्र 27 वर्ष साल्हेवार पारा, चेतन मंडावी उम्र 23 वर्ष मकेश्वर वार्ड के नाम शामिल हैं। जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी द्वारा उक्त तीनों बदमाशों को उपरोक्त जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं एक वर्ष की कालावधि के पहले सक्षम न्यायालय की अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करने के आदेश दिये गये हैं। उक्त आदेश का पालन नहीं करने पर उसे वैधानिक कार्यवाही करध्बल पूर्वक उपरोक्त जिले की सीमाओं से बाहर निकाल दिये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यदि इसके बाद भी वह इस आदेश का उल्लंघन करे तो उसके विरूद्ध छ.ग0. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। वर्ष 2025 में अभी तक कुल जिला दंडाधिकारी के समक्ष 15 गुंडा बदमाशों के विरुद्ध जिला बदर के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया गया है जिसमें से अब तक कुल 13 बदमाशों पर जिला बदर की कार्यवाही की जा चुकी है, बाकी के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है।

# सिलौटी के कोदोरास में लगेगा भव्य मेला



पायनियर संवाददाता < कुरूद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के पवित्र धार्मिक स्थलों में से एक अन्नपूर्णा धाम कोदोरास में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी माघी पूर्णिमा पर बुधवार को भव्य मेला लगेगा। जिसमें कोदोरास सहित अन्य देवी-देवताओं का दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। ब्लॉक मुख्यालय कुरूद से 30 किमी दूर दुर्ग और बालोद जिले को विभाजित करने वाली पवित्र नदी खारुन के तट पर बसा सिलौटी गांव में अन्नपूर्णा कोदोरास का धाम है। जहां सन 1993 से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के परस्पर सहयोग से यहां माघीपूर्णिमा की मेला भव्यता के साथ आयोजित होता है। जहां की महिमा काफी प्राख्यात है। बताया जाता है कि वर्षो पहले यह गांव प्राकृतिक प्रकोप सूखा.अकाल की चपेट में था। जब लोग भूख और गरीबी का दंश झेल रहे थे तब एक दिन गांव के ही एक किसान को माता अन्नपूर्णा ने दर्शन दिया और उन्हें सुखी और समृद्ध होने का आशीर्वाद के रूप अन्न का बीज दिया। माता के दर्शन देने के बाद इस गांव में अच्छी बारिश हुई तब उस किसान ने परिवार संग मिलकर खेती किया और माता द्वारा आशीर्वाद प्राप्त बीज को बोया जो कोदो अनाज के रूप पहचान किया गया। जब फसल पूर्णत तैयार हो गया तो वे फसल की अच्छी से कटाई, गुड़ाई की और भरपूर मात्रा में कोदो उपज को प्राप्त किया। किसान कोदो फसल की भंडारण किया। जिनको रास कहा जाता है। कोदोरास को देखकर वह बहुत खुश हुआ और नापने के लिए एक लकड़ी का काठा लिया।

**अन्नपूर्णा की हुई कृपा, कोदो के ढेर से बन गया कोदोरास** - जानकारी के मुताबिक इसी दौरान एक आश्चर्यजनक घटना हुई। किसान जब कोदो को काठा से नापने लगा तब वह नापते गया। लेकिन कोदो खत्म नहीं हुआ तो वह थक हारकर परेशान हो गया। किसान गुस्से से कोदो को वहीं खलिहान में छोडक़र और काठा को लात मारकर चला गया। अगले दिन जो कोदो अनाज का ढेर था वह उसी स्थान पर पत्थर बन गया और लात मारने से काठा भी लगभग वहां से 500 मीटर दूर छिटक कर पत्थर बन गया था। तब किसान संग ग्रामीणों की माँ अन्नपूर्णा की महिमा का पता चला। सन 1990-91 में गोरखपुर से ब्रम्हचारी बाबा गोरखनाथ कोदोरास की पूजा करते निवास करने लगे और उन्होंने आसपास गांव से भिक्षा प्राप्त कर श्री हरि विष्णु और माँ अन्नपूर्णा लक्ष्मीजी का मंदिर निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा करवाये तब से प्रतिवर्ष यहाँ माघी पूर्णिमा पर मेला लगने लगा।

# जंगली सुअरों का शिकार कर मांस बेचने वाले तीन शिकारी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी रेंज अंतर्गत तुमराबहार से जंगली सूअर का शिकार करने वाले 3 आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार हो गया। पकड़े गए तीनो आरोपी धमतरी शहर के स्टेशन पारा के रहने वाले हैं। वन विभाग ने आरोपियों से 24 किलो मांस, सत्तू, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, पोटाश बम बरामद किया है।



मिली जानकारी के अनुसार धमतरी वन रेंज के तुमराबहार के जंगल में जंगली सूअर की मांस को बाइक से ले जाते तीन आरोपियों को पकड़ा गया। शिकारियों ने बेरहमी से पोटाश बम लगाकर सुअर का शिकार किया और काटकर बेचने की तैयारी में थे। वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को धर दबोचा और उनके कब्जे से काटने के लिए रखे गए सत्तू और बाइक को जब्त किया गया है। धमतरी वन विभाग के रेंजर संदीप सोम ने बताया कि स्टेशन पारा अद्योगिग वार्ड में रहने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पोटाश बम लगाकर जंगली सूअर को मारकर बेचने की तैयारी में थे। जंगली सूअर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत आता है। इसलिए सूचना मिलने पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में अर्जुन सिंग पिता शेरू सिंग 34 वर्ष, लखन सिंग भूराणी पिता शेरू सिंग जाति उम्र 25 वर्ष और आजाद सिंग पिता स्व अत्तर सिंग उम्र 32 वर्ष पर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 32, 50 (स), 51, 44 (अ) के तहत कार्यवाही की गई।

## फ्यूचर फार्मिंग व टेक्नोलॉजी आधारित कृषि पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता < कुरूद
www.dailypioneer.com

जिले में टेक्नोलॉजी (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित आधुनिक खेती, कृषि शिक्षा और कृषि पद्धति में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रथम अरोरा शिक्षण केंद्र कुरुद में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रथम संस्था के पेस सेंटर में स्थापित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-सक्षम एग्री पायलट मशीन का प्रदर्शन किया गया। मशीन के विशेषज्ञों ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को इसके कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इस मशीन के सेंसर की सहायता से किसान फसल नियोजन, मिट्टी परीक्षण, मौसम पूर्वानुमान, भूमि की नमी, पानी और खाद के संतुलित उपयोग से जुड़ी जानकारियां अपने मोबाइल पर पोर्टल और व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। इस तकनीक से किसानों को अपनी जमीन का स्वास्थ्य सुधारने और बेहतर फसल नियोजन में मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलेगा।

# इतिहास और आस्था का संगम सिहावा का कर्णेश्वर धाम मेला

पायनियर संवाददाता < नगरी
www.dailypioneer.com

सिहावा के श्रृंगीऋषि पर्वत के नीचे महानदी के तट पर छिपलीपारा ग्राम पंचायत अन्तर्गत देऊरपारा से लगा जहां महानदी और बालका नदी का संगम होता है। माघपूर्णिमा पर यहां हजारों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं। समीप ही कणेश्वर धाम में एक प्राचीन अमृतकुंड है। किंवदंती के अनुसार इस कुंड के जल के स्नान से कोढ़ जैसे अनेक असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं। सोमवंशी राजाओं ने इस अमृतकुंड को मिट्टी से भर दिया था। अमृतकुंड से लगा हुआ छोटा सरोवर मोती तालाब राजा के दो पुत्रियां सोनई, रूपई के नाम से जाना जाता था। सोनई,रूपई ,कांकेर के राजा धर्म देव की की पुत्री थी। मंदिर परिसर में विविध देवी-देवताओं की प्रतिमा है सोम वंशीय राजाओं का विजय स्तंभ है। माघ पूर्णिमा के पावन बेला में हजारों श्रद्धालुजन बालका व महानदी के संगम में आस्था और श्रद्धा से स्नान (डूबकी) लगाकर पुण्य के भागीदार बनते हैं। कर्णेश्वर महादेव मंदिर धाम ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि कर्णेश्वर धाम में संरक्षक व सिहावा विधानसभा विधायक का सतत् प्रयासरत है। कर्णेश्वर धाम के विकास कार्यों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री के घोषणा स्वरूप सामुदायिक भवन बना। मंदिर परिसर का चौड़ीकरण,शेड निर्माण, मंदिर परिसर के भीतर व बाहर डोम शेड बना हुआ है। साथ ही कर्णेश्वर महादेव मंदिर मुख्य पहुंच मार्ग से मंदिर तक रोड़ निर्माण हुआ है। तालाब सौन्दर्यकरण,गेट निमार्ण सहित विभिन्न कार्य हुए हैं जो कर्णेश्वर धाम की शोभा को चार चांद लगा रहा है। विकल गुप्ता ने



बताया कि कर्णेश्वर मेला महोत्सव पहले तीन दिवसीय लगता था। अब पांच दिवसीय कर्णेश्वर मेला महोत्सव होता है। रात्रिकालीन भी लगता है और कणेश्वर मेला महोत्सव 2025 टेक्स फ्री रहेगा। व्यापारियों से कोई पैसा नहीं लिया जायेगा जो छत्तीसगढ़ का पहला मेला होगा जो टेक्स फ्री रहेगा। कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी, सदस्य द्वारा हमेशा इस प्राचीन मंदिर के विकास व मंदिर परिसर में भव्यता हेतु हमेशा अग्रणी भूमिका में रहते हैं। इस धाम में चार प्रमुख महानदी उद्गम स्थल गणेश घाट,शीतला मंदिर, श्रृंगीऋषि मंदिर, कर्णेश्वर मंदिर शामिल हैं। विकल गुप्ता ने बताया कि स्थानीय सिहावा पुलिस प्रशासन, सभी प्रशासनिक विभाग तथा सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि, राजनैतिक दलों का विशेष सहयोग रहता है। इस मेला में ओडिशा, बस्तर सहित सभी आसपास के देवी-देवताओं को आमंत्रित किया जाता है। इस कर्णेश्वर महादेव मंदिर धाम की महत्ता पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है। इस धाम की दर्शन को दिल्ली,बाम्बे, कलकत्ता, सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के लोग आते हैं और मांगें मुराद पाते हैं। पुरातत्व विभाग द्वारा इस प्राचीन काल के मंदिर के रखरखाव हेतु कोई पहल नहीं दिखाई दे रहा है, ना ही किसी प्रकार का सहयोग मिलता है। इस संवाददाता ने मंदिर परिसर व प्राचीन मंदिर पर ध्यान आकृष्ट किया तो पता चला पुराने पत्थर से बने मंदिर में मंदिर के ऊपरी हिस्से पर काई जमी है। जो विभाग की अनदेखी व उदासीनता को बयां कर रहा है। मंदिर परिसर सहित मेला स्थल के आसपास पेयजल की किल्लत होती है। लोग पानी के लिए परेशान रहते हैं। अगर पीएचई विभाग शासकीय स्तर पर पेयजल आपूर्ति को लेकर सार्थक प्रयास करे तो पानी की समस्या का निदान हो जायेगा। कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट देऊर पारा (सिहावा) के संरक्षक कैलाश पवार, अध्यक्ष विकल गुप्ता, उपाध्यक्ष रामप्रसाद, ललित शर्मा सचिव, निकेश ठाकुर कोषाध्यक्ष, रामभरोस साहू सहसचिव सहित शिव परिहार, नागेन्द्र शुक्ला, रवि दुबे,कलम सिंह पंवार, कैलाश प्रजापति, रवि ठाकुर,पवन भट्ट,नंद कुमार नाग,नोहर सिह साहू, के एस श्रीमाली, डां आंनद अवस्थी, रामलाल नेताम, छबि ठाकुर, अमर सिंह पटेल, प्रकाश बैस, कमलेश मिश्रा, तेजनाथ साहू अंजोर सिंह निषाद, रामलाल श्रीमाली, कमल डागा, प्रताप सुरेशा, दीपक यदु, उत्तम साहू, आलोक सिंन्हा,गगन नाहटा, पंकज ध्रुव, प्रकाश सार्वा,मोहन पुजारी,भरत निर्मलकर, योगेश साहू, सचिन भंसाली, महेंद्र कौशल, राकेश चौबे, रूद्रप्रताप नाग,मोहन नाहटा, प्रवीण गुप्ता,मिलेश्वर साहू, ललित निर्मल कर, पेमन स्वणबेर, ईश्वर जागे, मनोहर मानिकपुरी,किशन गजेन्द्र, रामगोपाल साहू, पीके राजन,प्रेमजीत छाबड़ा, महेंद्र धेनुसेवक, दुर्गेश कश्यप, हृदय साहू,सुकमन साहू, मनोज गुप्ता,मदन साहू , अकबर कश्यप, मुकेश बघेल, कुलदीप साहू, उमाशंकर जांगड़े, दिनेश तिवारी, लखनलाल ध्रुव, अमृतलाल नाग, प्रेमलता नागवंशी,भानू साहू, सुनील निर्मलकर,नंद यादव, प्रदीप बंटी जैन, अश्वनी निषाद, अनिरुद्ध साहू, खम्मन अडिल,हरिश यादव, राजू सोम, होरी लाल पटेल,के आर बोरझरिया, कौशल साहू, रवि भट्ट, हनी कश्यप, निखिल साहू, टेश्वर ध्रुव,नरसिग मरकाम, दुर्गेश साहू, राकेश कैवम, शारदा ध्रुव, हेमंत गोस्वामी, देवेन्द्र साहू, तेजनाथ साहू

# मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह, किसी ने पहली बार तो कोई व्हील चेयर पर तो दम्पत्ति ने अपने कर्मभूमि से जन्मभूमि पहुचकर किया वोट

## जिले के सभी नगरीय निकायों में मतदान सफलतापूर्वक एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न, सभी वर्गों के लोगों ने उत्साह के साथ किया मतदान

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com







नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत बालोद जिले के 8 नगरीय निकायों में मंगलवार को सम्पन्न मतदान के लिए जिले के नगरीय क्षेत्रों के सभी वर्गों के मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य में हिस्सा लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला प्रशासन द्वारा किए गए चाक-चौबंद व्यवस्था के फलस्वरूप जिले में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियत तिथि एवं समय के अनुसार सभी मतदान केन्द्रों में मतदान कर्मियों द्वारा सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ कर दिया गया था। मतदान कर्मियों द्वारा निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सर्वप्रथम मॉक पोल संपन्न कराकर मतदान प्रारंभ कर दिया गया। मॉक पोल के दौरान और बाद में कुछ केंद्रों में ईवीएम मशीनें खराब होने की जानकारी भी सामने आई थी। जिले के 8 नगरीय निकायों के सभी मतदान केन्द्रों में सभी वर्ग के मतदाताओं ने मतदान के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। सुबह से ही सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने लाईन लगाकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के प्रति नगरीय क्षेत्रों के मतदाता बहुत ही उत्साहित नजर आ रहे थे।

**चंद्रकांत ने पहली बार किया मतदान-** जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड नंबर 15 जुर्रीपारा स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मतदान केन्द्र क्रमांक 18 में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहली बार पहुँचे युवा मतदाता चन्द्रकांत उर्वशा अपने मताधिकार का प्रयोग को लेकर बहुत ही उत्साहित एवं प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय आम निर्वाचन में उन्हें पहली बार अपने मताधिकार प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी करने के उपरांत उन्होंने आम निर्वाचनों में उन्हें पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग का सौभाग्य प्राप्त हुआ। युवा मतदाता चन्द्रकांत उर्वशा ने कहा कि उन्हें नगरीय निकाय आम निर्वाचन में मताधिकार के प्रयोग का अवसर प्राप्त होने से बहुत ही प्रसन्नचित एवं गौरवान्वित है। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त एवं परिपक्व बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की।

**80 वर्षीय कस्तूरी बाई ने व्हील चेयर पर पहुचकर किया मतदान-**इसी तरह जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड नंबर 16 शिकारी पारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 19 प्राथमिक शाला भवन में आज बुजुर्ग दंपत्ति 68 वर्षीय दुखित राम वर्मा एवं उनकी 60 वर्षीय धर्मपत्नी चित्ररेखा वर्मा ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पश्चात् बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि हम दोनों पति-पत्नी के लिए सौभाग्य की बात है कि हमें नगरीय निकाय आम निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कर निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की। मंगलवार को संपन्न नगरीय निकाय आम निर्वाचन में सभी वर्गों के मतदाताओं के साथ-साथ जिले के दिव्यांग मतदाता भी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान देने के लिए पीछे नही रहे। वार्ड नंबर 16 शिकारी पारा बालोद के मतदान केन्द्र क्रमांक 19 प्राथमिक शाला भवन में व्हील चेयर में पहुँचकर 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला कस्तुरी बाई यादव ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अपने उम्र के इस पड़ाव में मताधिकार का प्रयोग का अवसर प्राप्त होने पर बुजुर्ग महिला कस्तुरी बाई ने इस पल को अपने लिए यादगार एवं सौभाग्य का विषय बताया। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की।

**कर्मभूमि से जन्मभूमि पहुचकर दिया वोट**-मंगलवार को संपन्न मतदान के दौरान विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि अपने शहर के सरकार चुनने में जिले के नगरीय क्षेत्रों में निवासरत मतदाताओं के अलावा जिले के बाहर अन्य स्थानों पर निवासरत मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने में पीछे नही रहे। उन्होंने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व को समझते हुए अपने कर्मभूमि से जन्मभूमि में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी कड़ी में महानदी भवन मंत्रालय नवा रायपुर में कार्यरत जिला मुख्यालय बालोद के शिकारी पारा निवासी ढालेश्वर धुर्वे एवं अपनी धर्मपत्नी हिना धुर्वे के साथ शिकारी पारा मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि वे अपने जीविकोपार्जन के लिए कही भी कार्य करते हो लेकिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने से नही चुकते। इसी तरह जिले के सभी मतदान केन्द्रों में युवा, बुजुर्ग, महिला, दिव्यांग सहित सभी वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई**-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल, बैठक तथा वेटिंग रूम आदि की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से निर्वाचन संपन्न कराने सुरक्षा की भी चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक मतदान केन्द्र में सुरक्षा बलों की तैनातगी सुनिश्चित की गई थी। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी, रिटर्निंग आफिसर, जोनल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन कार्य की सतत् मॉनिटरिंग करते हुए निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

# शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के 08 नगरीय निकायों में 11 फरवरी को सम्पन्न मतदान के लिए जिले के नगरीय क्षेत्रों के सभी वर्गों के मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य में हिस्सा लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला प्रशासन द्वारा किए गए चाक-चौ बंद व्यवस्था के फलस्वरूप जिले में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियत तिथि एवं समय के अनुसार सभी मतदान केन्द्रों में मतदान कर्मियों द्वारा सुबह 08 बजे से मतदान प्रारंभ कर दिया गया था। मतदान कर्मियों द्वारा निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सर्वप्रथम मॉक पोल संपन्न कराकर मतदान प्रारंभ कर दिया गया। जिले के 08 नगरीय निकायों के सभी मतदान केन्द्रों में सभी वर्ग के मतदाताओं ने मतदान के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। 11 फरवरी की सुबह से ही सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने लाईन लगाकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के प्रति नगरीय क्षेत्रों के मतदाता बहुत ही उत्साहित नजर आ रहे थे। जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 15 जुर्रीपारा स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मतदान केन्द्र क्रमांक 18 में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहली बार पहुँचे युवा मतदाता चन्द्रकांत उर्वशा अपने मताधिकार का प्रयोग को लेकर बहुत ही उत्साहित एवं प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय आम निर्वाचन में उन्हें पहली बार अपने मताधिकार प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी करने के उपरांत उन्होंने आम निर्वाचनों में उन्हें पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग का सौभाग्य प्राप्त हुआ। युवा मतदाता चन्द्रकांत उर्वशा ने कहा कि उन्हें नगरीय निकाय आम निर्वाचन में मताधिकार के प्रयोग का अवसर प्राप्त होने से बहुत ही प्रसन्नचित एवं गौरवान्वित है। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त एवं परिपक्व बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की। इसी तरह जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 16 शिकारी पारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 19 प्राथमिक शाला भवन में आज बुजुर्ग दंपत्ति 68 वर्षीय दुखित राम वर्मा एवं उनकी 60 वर्षीय धर्मपत्नी चित्ररेखा वर्मा ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पश्चात् बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि हम दोनों पति-पत्नी के लिए सौभाग्य की बात है कि हमें नगरीय निकाय आम निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कर निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की। संपन्न नगरीय निकाय आम निर्वाचन में सभी वर्गों के मतदाताओं के साथ-साथ जिले के दिव्यांग मतदाता भी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान देने के लिए पीछे नही रहे। वार्ड नंबर 16 शिकारी पारा बालोद के मतदान केन्द्र क्रमांक 19 प्राथमिक शाला भवन में व्हील चेयर में पहुँचकर 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला कस्तुरी बाई यादव ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अपने उम्र के इस पड़ाव में मताधिकार का प्रयोग का अवसर प्राप्त होने पर बुजुर्ग महिला कस्तुरी बाई ने इस पल को अपने लिए यादगार एवं सौभाग्य का विषय बताया। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की। संपन्न मतदान के दौरान विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि अपने शहर के सरकार चुनने में जिले के नगरीय क्षेत्रों में निवासरत मतदाताओं के अलावा जिले के बाहर अन्य स्थानों पर निवासरत मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने में पीछे नही रहे।

# कलेक्टर अग्रवाल ने किया मतदान, सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत गरियाबंद जिले के 6 नगरीय निकायों में भी मतदान हो रहा है। सुबह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने गरियाबंद के सिविल लाइन स्थित सांस्कृतिक भवन राम जानकी वार्ड के मतदान केंद्र क्रमांक - 6 में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने नगरीय निकायों के सभी मतदाताओं से अवश्य मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने मतदान केन्द्र का अवलोकन कर वहां प्रशासनिक व्यवस्था एवं मतदाताओं के लिए की गई सुविधाओं का भी जायजा लिया। जिले में सुबह 8 बजे से शुरू हुए मतदान शाम 5 बजे तक जारी रहा। मतदातागण उत्साह के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किए।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हर नागरिक की महत्वपूर्ण भागीदारी

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन में नगर पालिका परिषद से वार्ड नंबर 15 से 92 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता मानवरति देवी ने मतदान कर अपनी सहभागिता दिखाई। 92 वर्ष की उम्र में भी मतदान करना न केवल युवा पीढ़ी बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है। मानवर्ती देवी ने मतदान कर संदेश दिया कि मतदान करने में उम्र या स्वास्थ्य जैसी समस्याएं नही होती तथा लोकतंत्र में हर व्यक्ति का मत महत्वपूर्ण है और नागरिकों को अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के वार्ड 13 की निवासी 78 वर्षीय बुजुर्ग महिला मतदाता परमज्योति पासवान भी अपने मतदान केन्द्र में मतदान करने पहुँची। नगरीय निकाय चुनाव में नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 06 के निवासी वृद्ध दम्पति रटू राम 85 वर्ष और उनकी पत्नी किस्मतिया देवी 80 वर्ष ने आदर्श मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला बुधुटोला में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वृद्ध दम्पति ने संदेश दिया कि हर व्यक्ति को मतदान अवश्य करना चाहिए।



### अभिषेक व सौम्या ने किया पहला मतदान

नगर पालिका परिषद रामानुजगंज वार्ड क्रमांक 13 निवासी 18 वर्षीय अभिषेक गुप्ता व वार्ड क्रमांक 10 निवासी सौम्या कश्यप ने अपने जीवन का पहला मतदान किया। अभिषेक ने अपने मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला कोइरिटोला एवं सौम्या ने अपने मतदान केन्द्र आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 10 में मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभिषेक व सौम्या ने मतदान के बाद अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा यह उनके लिए गर्व का क्षण है।

# कलेक्टर अग्रवाल ने कोपरा एवं राजिम के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com




नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के 6 नगरीय निकायों में आज मतदान सम्पन्न हुआ। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज मतदान दिवस में जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कोपरा के मतदान केंद्र सहित राजिम के आदर्श मतदान केन्द्र में पहुंचकर सुनिश्चित की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदानकर्मियों द्वारा संपादित किये जा रहे निर्वाचन कार्यो का भी बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर अग्रवाल ने मतदान अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्हें सफलतापूर्वक मतदान कराने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं तथा मतदाताओं की सुविधाओं के लिए पानी, छाया एवं बैठक व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान करने के लिए आये हुए मतदाताओं से चर्चा कर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2025: जिले में मतदान के लिए लोगों में दिखा गजब का उत्साह

## नए मतदाताओं, बुजुर्गों, महिलाओं ने भी प्राथमिकता से किया मतदान

- मतदाता मित्र सहित केंद्रों में छाया, पानी एवं बैठक व्यवस्था से मतदाता हुए लाभान्वित

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत जिले के 6 नगरीय निकायों में मतदान करने हेतु मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। मतदान केन्द्र के बाहर सभी वर्ग के मतदाताओं में भारी उत्साह रहा। मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारे लगी थी। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों एवं महिलाओं ने भी प्राथमिकता के साथ वोट दिया। प्रशासन द्वारा विकसित की गई सुविधाओं के चलते मतदान के लिए बुजुर्गों में भी जोश और जुनून दिखा। मतदाता मित्र सहित केंद्रों में छाया, पानी एवं बैठक व्यवस्था से सभी मतदाता लाभान्वित हुए। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अभियान चलाये गये थे। जिसके परिणाम स्वरूप मतदाताओं में मतदान करने हेतु विशेष उत्साह दिखाई दिया। बुजुर्गों एवं नए मतदाताओं ने भी किया उत्साह के साथ मत का दान - कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में चलाए गए सघन मतदाता जागरूकता अभियान का आज सुखद परिणाम देखने को मिला। जिले के सभी वर्ग के मतदाताओं के साथ-साथ बुजुर्गों एवं नए मतदाताओं युवक-युवतियो ने भी तत्परता से मतदान किया। राजिम के 75 वर्षीय दिव्यांग मीणा यादव, गरियाबंद की 85 वर्षीय शकुंतला सोनी ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें केन्द्र में स्थित मतदाता मित्रों ने वोट डालने में सहायता की। इसी प्रकार नगर पंचायत कोपरा की निवासी तेजस्विनी निषाद एवं तनु प्रिया, प्राची साहू ने भी पहली बार मतदान कर उत्साहित नजर आए। गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में पेयजल की भी व्यवस्था की गई थी। साथ ही धूप से बचाव के लिए छायादार शेड भी बनाये गये थे। मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता सहायता केन्द्र भी बनाये गये थे। जिससे मतदाताओं को मदद मिली। मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन भी बनाया गया था। मतदाता वोट डालने के पश्चात सेल्फी भी लिए।

## पंद्रह दिवसीय माघ पूर्णिमा मेले का विधिवत शुभारंभ 12 फरवरी से होगा

# माघ पूर्णीमा पर्व पर लाखों श्रद्धालु पवित्र चित्रोत्पला -संगम में पुन्नी स्नान कर भगवान नर-नारायण का करेंगे दर्शन

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




गुप्त तीर्थ धाम,माता शबरी की पुण्य जन्मभूमि व मंदिरो की नगरी शिवरीनारायण में माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि पर्व तक पंद्रह दिवसीय माघ पूर्णिमा मेले का विधिवत शुभारंभ 12 फरवरी से होगा। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़ा ऐतिहासिक धार्मिक मेले में शिरकत करने एवं पवित्र-संगम में पुन्नी स्नान के लिए पूरे देश भर के काफी संख्या में श्रद्धालु, साधु संत विश्व विधाता स्वामी जगन्नाथ जी के मूल भूमि शबरी धाम पहुंच रहे हैं। जहां पावन धाम के चित्रोत्पला गंगा जिसे पुराणों में निलोत्पल, महानदी के नाम से अभिहित महानदी में माघ पूर्णिमा में आस्था की माघी पुन्नी का डुबकी लगाकर पुण्य स्नान करेगे और भगवान जगन्नाथ स्वामी स्वरूप भगवान नर- नारायण का दर्शन कर मेला का आनंद उठायेंगे। श्रद्धालुओं के स्नान हेतु नगर पंचायत द्वारा पवित्र- संगम के सभी घाटों की साफसफाई व प्रकाश व्यवस्था की आवश्यक व्यवस्था की गई है। ताकि किसी को असुविधा का सामना करना ना पड़े। महिलाओं के स्नान के समय कपड़ा बदलने घाटों में अस्थाई चेजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। स्नान के समय कोई अप्रिय घटना न हो इस हेतु घाटों पर पुलिस बल एवं गोताखोरों की व्यवस्था पुलिस प्रशासन द्वारा की गई है। पवित्र संगम स्थल में नौका विहार की विशेष व्यवस्था है इस हेतु लगभग 25 नौकाएं उपलब्ध है। जिसकी संचालन शाम 6:00 बजे तक किया जाना है। नौका विहार करने वाले पर्यटकों व नौका चालकों को आवश्यक सावधानी बरतने विशेष दिशा निर्देश दिया गया है। नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर सहित धर्म नगरी के सभी मंदिरों को आकर्षक सजाया गया है जो देखते ही बन रहा है मंदिर में श्रध्दालुओं के भीड़ को नियंत्रित करने हेतु लोक निर्माण विभाग व्दारा मंदिर परिसर में बेरिकेटस लगाये गये हैं । मुख्य मंदिर के पुजारी घराने की ओर से माघ पूर्णिमा के इस महती पावन अवसर पर श्री शिवरीनारायण भगवान की मुख्य मंदिर में भगवान श्री शिवरीनारायण जी की प्रातः और संध्या बेला पर महाआरती की भव्य व्यवस्था की गई है। प्रातः शुभ मुहूर्त में भगवान श्री शिवरीनारायण जी की महाआरती ढोल, नगाड़े और शंख की सुमधुर स्वर लहरियों के मध्य किया जाएगा। इस मौके पर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरण किया जाएगा । श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में मंदिर मैं भगवान की महाआरती में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

# बगीचा नगर पंचायत मतदान केंद्र में बनाया गया सेल्फी जोन




**जशपुरनगर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत नगर पंचायत बगीचा में जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र में सेल्फी जोन भी बनाया गया है। जहां मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सेल्फी जोन में अपना सेल्फी ले सके। बगीचा एसडीएम रितुराज बिसेन ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। सेल्फी जोन में बहुत सुंदर स्लोगन लिखा है मैंने निभाई अपनी जिम्मेदारी अब आपकी बारी।

## संपादकीय

# दिल्ली विधानसभा चुनाव भाजपा की विजय

दिल्ली विधानसभा चुनाव, 2025 में भाजपा की असाधारण विजय हुई है और उसने 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है। यहां दस साल से शासन कर रही आम आदमी पार्टी-'आप' को भाजपा ने पराजित किया है। यह अपने गठन के बाद 'आप' को बड़ा धक्का है। अपनी दु:साहसी गतिविधियों के बावजूद मतदाता इसे हमेशा पसंद करते थे। अब भाजपा की सत्ता में वापसी से न केवल पार्टी के उत्साह, बल्कि 'केजरीवाल ब्रांड' को बड़ा धक्का लगा है। ऐतिहासिक राजनीतिक परिवर्तन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में निर्णायक विजय प्राप्त कर राष्ट्रीय राजधानी में 'आप' के एक दशक चले शासन का अंत कर दिया है। यह दिल्ली में भाजपा की 27 बाद वापसी है। भाजपा ने 70 विधानसभा सीटों वाली विधानसभा में 48 सीटें प्राप्त कर 36 सीट का बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके उलट 'आप' केवल 22 सीटें प्राप्त कर सकी जो 2020 में उसे प्राप्त 62 सीटों से बहुत कम है। कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल सकी जो इस क्षेत्र में उसकी गिरावट का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि 'आप' के प्रमुख नेताओं को अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट पर भाजपा के परवेश वर्मा से 4,089 वोट से हार गए। इसी प्रकार पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी जंगपुरा सीट से हार गए। ग्रेटर कैलाश में सौरभ भारद्वाज तथा मालवीय नगर में सोमनाथ भारती जैसे वरिष्ठ 'आप' नेताओं को भी हार का सामना करना पड़ा। सत्ता में दस साल रहने के बाद 'आप' को मजबूत सत्ता-विरोधी भावनाओं का सामना करना पड़ा और मतदाताओं ने परिवर्तन की इच्छा प्रकट की।



केजरीवाल और सिसोदिया समेत पार्टी के प्रमुख नेताओं को कानूनी समस्याओं और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा जिससे जनता में पार्टी के प्रति विश्वास और गिरा। इस बीच भाजपा ने 'आप' की कमियों का लाभ उठाने में सफलता पाई और 'विकास-आधारित' प्रशासनिक मॉडल पेश किया जिसे मतदाताओं ने पसंद किया। यह चुनाव परिणाम 'आप' के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है। पार्टी को इसकी समग्र समीक्षा करनी चाहिए। संभवत: उसे यह समझने का समय आ गया है कि 'इंडिया' समूह में बने रहने का विचार अच्छा था और अकेले चलने का विचार हमेशा अच्छा होना जरूरी नहीं होता है। आम आदमी पार्टी-'आप' की पराजय का एक बड़ा कारण उसके वोटों में बिखराव था। हालांकि, कांग्रेस को कोई सफलता नहीं मिली, पर उसने 'आप' को नीचे गिरा दिया। अपनी विश्वसनीयता पुन: बहाल करने के लिए पारदर्शी तरीके से भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना तथा सांगठनिक सुधार जरूरी हैं। नीतिगत निर्णयों की समीक्षा तथा जमीनी संबंधों को पुन: मजबूत करने से पार्टी अपने प्रमुख वोटबैंक को फिर प्राप्त कर सकती है। अपने विदाई भाषण में अरविंद केजरीवाल ने पराजय को स्वीकार करते हुए भाजपा को विजय के लिए शुभकामनायें देते हुए आशा प्रकट की कि नई सरकार दिल्ली की जनता से किए हुए वादे पूरे करेगी। 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव ने सभी राजनीतिक पार्टियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि लफ्फाजी के बजाय सुशासन, विश्वसनीयता एवं परिवर्तनशीलता ज्यादा महत्वपूर्ण है। राजनीतिक पार्टियां केवल अपनी पुरानी उपलब्धियों पर निर्भर नहीं रह सकती हैं। उनको लगातार जनता की उम्मीदों के अनुसार विकसित होने और नतीजे दिखाने होंगे। अंतत: मतदाताओं का विश्वास जीतने का कोई 'शार्टकट' नहीं है और 'खैरातों' की भी सीमा है। दिल्ली में विजय से भाजपा में उत्साह और बढ़ा है जो पहले ही हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से काफी उत्साहित थी। प्रधानमंत्री मोदी ने विजय के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी दिल्ली को 'विकसित भारत की विकसित राजधानी' बनाएगी।

# गाज़ा पर ट्रंप का दृष्टिकोण

गाज़ा के लिए ट्रंप का दृष्टिकोण एक और आश्चर्यजनक नीतिगत कदम है जिसमें भू-राजनीति, वाणिज्य एवं सत्ता का मिश्रण दिखाई देता है।



नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



**ट्रंप और कुशनर की महत्वाकांक्षाओं से पैदा वर्तमान प्रस्ताव परंपरागत भू-राजनीति में 'पैराडाइम परिवर्तन' का संकेत है। हम ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां राजनय आर्थिक लाभ और राजनीतिक अवसरवाद से निर्धारित होने जा रही है। इसके पश्चिम एशिया के भविष्य पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ेंगे। यह नहीं कहा जा सकता है कि क्या इस प्रस्ताव से अरब एकता मजबूत होगी और वे अपने मतभेदों को दूर करेंगे। ट्रंप का प्रस्ताव अरब एकता की परीक्षा है।**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में पहले विदेशी अतिथि के रूप में इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने गाज़ा पर नियंत्रण स्थापित करने का अपना दृष्टिकोण उजागर किया और 2 मिलियन फिलिस्तीनियों को वहां से हटा कर इसे 'ब्रेव न्यू लेवांटीन रिवेरिया' बनाने की बात कही। लेकिन इस प्रस्ताव का भारी विरोध हो रहा है। ट्रंप के प्रमुख सहयोगी सऊदी अरब ने इसकी निन्दा करते हुए कहा कि कोई देश बिना स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य के गठन के इस्राइल को मान्यता नहीं देगा। जार्डन और मिस्र ने भी लाखों विस्थापित फिलिस्तीनियों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। ऐसे में केवल इस योजना की घोषणा से अराजक लफ्फाजी ही प्रकट होती है। इसके बावजूद उनका प्रस्ताव केवल एक संयोग नहीं है। यह ट्रंप के दूसरी बार पद पर आने के बहुत पहले से एक वितरित सुनियोजित ब्लूप्रिंट था। इन राजनीतिक करमों में स्वैच्छिक रूप से शामिल नेतनयाहू ने ट्रंप के सामने गाजा की एक ऐसी तस्वीर पेश की जिसमें कोई फिलिस्तीनी शरणार्थी नहीं होगा, बल्कि यह एक वाणिज्यिक 'पैराडाइज़' होगा जिसे उसके विस्थापित नागरिकों के बजाय विदेशी निवेशों तथा एक शानदार रिजार्ट के रूप में परिभाषित किया जाएगा। ट्रंप का प्रस्ताव एक काल्पनिक महत्वाकांक्षा के साथ विनाशकारी परिणामों और चुनौतियों से जुड़ा है जो इसे जोखिम में बदल देती हैं। यह प्रस्ताव अचानक किसी सनक से नहीं पैदा हुआ है, बल्कि यह सालों तक ट्रंप के निकटवर्ती सलाहकारों के बीच चर्चा का नतीजा है। इस परियोजना में उनके दामाद जेरेड कुशनर ने केन्द्रीय भूमिका निभाई है जो स्वयं को पूरे एशिया में भू-राजनीतिक और वाणिज्यिक आयामों के प्रस्तुतकर्ता के रूप में पेश करना चाहते हैं। कुशनर ने 'द फाइनेंशियल टाइम्स' को दिए एक हालिया साक्षात्कार में दावा किया कि उनमें 'दूसरों से पहले प्रवृत्तियां देखने की क्षमता' है और इससे उनमें उन अवसरों का लाभ उठाने की क्षमता पैदा होती है जो दूसरे असंभव मानते हैं। इससे ट्रंप की योजना के पीछे छिपा तर्क रेखांकित होता है।

यह तर्क राजनय और संपत्ति प्रबंधन के बीच की रेखायें धुंधली कर देता है जहां भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षायें न केवल रणनीतिक वर्चस्व के लिए आगे बढ़ाई जाती हैं, बल्कि इनका उद्देश्य पूरे एशिया में बिजनेस साम्राज्य स्थापित करना भी है।

वाणिज्य और विजय का मिश्रण अभूतपूर्व होने के साथ ही परेशान करने वाला भी है। इससे आधुनिक युग के सामंतवाद की बू आती है जहां भूमि और जनता को कुछ विशिष्ट लोगों के मुनाफे के लिए कुर्बान किया जा सकता है। लेकिन वास्तव में यह तथ्य आश्चर्यजनक है कि ट्रंप की योजना अरब देशों के लिए एक विरल और महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर सकती है जहां बिखराव का इतिहास लंबे समय से सामूहिक संभावना की राह में बाधा डालता रहा है। इस दृष्टिकोण से देखें तो क्षेत्रीय शक्तियां-सऊदी अरब, मिस्र, ईरान, कतर, जार्डन व अन्य लंबे समय से परस्पर विरोधी विचार प्रकट करते हुए फिलिस्तीन का एक प्रतीक के रूप में प्रयोग कर अपनी धोखाधड़ी को उचित ठहराती रही हैं और परिणामों पर गौर कर गंभीरता से काम करने से इनकार करती रही हैं। इन प्रतिद्वंद्विताओं के कारण दशकों से राजनीतिक व्यवहार की ऐसी परंपरा चल रही है जिसने फिलिस्तीनियों को एक स्वतंत्र लक्ष्य के बजाय केवल खेल के मुहरे में बदल दिया है। फिलिस्तीनी आंदोलन के बीच पैदा आंतरिक मतभेदों ने स्थिति को और जटिल बनाया है। बहुत लंबे समय से अरब देशों ने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं तथा रणनीतिक गठबंधनों के लिए फिलिस्तीनियों की पीड़ा को पीछे छोड़ दिया है। इससे 'फिलिस्तीनी लक्ष्य' एक वस्तु के रूप में बदल गया है जिसे बार-बार विदेशी शक्तियों की सनक के आधार पर बदला जाता है। इस नवीनतम कदम को अरब बिखराव के विकृत इतिहास के संदर्भ में समझा जा सकता है जिसने फिलिस्तीनी संप्रभुता को नुकसान पहुंचाया है तथा उनके लक्ष्य को एक त्रासद भू-राजनीतिक उपकरण में बदल दिया है। अरब दुनिया एक समय 'पैन-अरब यूनिटी' के विचार से प्रभावित थी, पर वह बार-बार आंतरिक विभाजनों का शिकार बनी और कभी असली राजनीति तथा स्वार्थ की शक्तियों पर लगाम नहीं लगा सकी। इस कारण एकजुटता तथा फिलिस्तीनी आत्मनिर्भरता के प्रति समर्थन के पीछे अनेक समझौते, गोपनीय कार्रवाइयां तथा दुष्टतापूर्ण योजनायें छिपी रहीं जो क्षेत्र को आक्रांत करती रहीं। इनमें सर्वाधिक कुख्यात 'साइक्स-पिकोट समझौता' था जिसके औपनिवेशिक विभाजन ने फिलिस्तीनियों की किस्मत प्रभावित की। इसके साथ ही 'हुसैन-मैक्मोहन संवाद' भी है जिसने आटोमन साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह के बदले अरब स्वतंत्रता की बात कही, लेकिन बाद में इसे यूरोपीय साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं के चलते छोड़ दिया गया।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अरब देश पश्चिमी और सोवियत शक्तियों से गोपनीय समझौते करने लगे, जबकि उन्होंने फिलिस्तीनियों के अधिकारों पर अपने भू-राजनीतिक हितों को वरीयता प्रदान की। क्षेत्रीय स्थिरता को लक्षित 'बगदाद समझौता' और 'आइजेनहावर सिद्धान्त' ने फिलिस्तीनी लक्ष्य को किनारे छोड़ दिया। अरब देशों और इस्राइल के बीच गोपनीय वार्ताओं ने व्यापक राजनयिक कदमों के नाम पर क्षेत्रों के आदान-प्रदान, आर्थिक सहायता या सैनिक सहयोग तक को महत्व दिया। इसके कारण बहुसंख्य लोगों के हितों पर कुछ लोगों के हितों को वरीयता मिली, फिलिस्तीनी अलग-थलग हुए और उनकी संप्रभुता भू-राजनीतिक शतरंज का दांवपेंच बन गई। मिस्र के नासिर जैसे नेताओं ने अरब दुनिया को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया, पर उनके प्रयासों को लगातार प्रतिद्वंद्विताओं व आंतरिक टकरावों का सामना करना पड़ा। वर्तमान समय में अतीत के ऐसे कृत्य क्षेत्र की सामूहिक सोच का अंग बन गए हैं जिससे फिलिस्तीनियों की महत्वाकांक्षायें बाहरी और आंतरिक मतभेदों का शिकार बन गई हैं। ऐसे में एकीकृत अरब दुनिया और स्वतंत्र फिलिस्तीन का लक्ष्य पहले की तुलना में और अधिक भ्रामक होता जा रहा है। ट्रंप का नवीनतम प्रस्ताव इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में आया है। पड़ोसी अरब देशों ने फिलिस्तीनी त्रासदी को लंबे समय से एक औजार की तरह प्रयोग किया है और उसके लिए समुचित समाधान नहीं तलाशा है। ट्रंप और कुशनर की महत्वाकांक्षाओं से पैदा वर्तमान प्रस्ताव परंपरागत भू-राजनीति में 'पैराडाइम परिवर्तन' का संकेत है। हम ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां राजनय आर्थिक लाभ और राजनीतिक अवसरवाद से निर्धारित होने जा रही है। इसके पश्चिम एशिया के भविष्य पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ेंगे। यह नहीं कहा जा सकता है कि क्या इस प्रस्ताव से अरब एकता मजबूत होगी और वे अपने मतभेदों को दूर करेंगे। ट्रंप का प्रस्ताव अरब एकता की परीक्षा है जिससे वे लंबे समय से व्याप्त दुश्मनी और अविश्वास को पीछे छोड़ सकते हैं। लेकिन इससे मतभेदों के और गहराने की आशंका भी है जिससे फिलिस्तीनी एक बार फिर बाहरी शक्तियों की दया पर निर्भर हो जाएंगे।

# जीवन एक पर्वत की चढ़ाई

पहाड़ पर चढ़ने की तरह ही, जीवन का असली आनंद सिर्फ शिखर पर चढ़ने से नहीं, बल्कि चढ़ाई से आता है।

ओपी सिंह
(लेखक डीजीपी और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख हैं)



मुझे लगता है कि जीवन बहुत हद तक पहाड़ पर चढ़ने जैसा है। यह कोई दौड़ या प्रतियोगिता नहीं है, और यह शॉर्टकट खोजने के बारे में नहीं है। जीवन का असली आनंद शिखर पर खड़े होने में नहीं है - यह चढ़ाई में है। यह ढीली बजरी पर फिसलने, अपने पैरों में जलन महसूस करने और आधे रास्ते में यह सोचने में है कि क्या आपको वापस लौट जाना चाहिए। लेकिन जब आप किसी पहाड़ी पर अपनी सांस थाम लेते हैं या ठोकर खाने के बाद अपने पैर जमा लेते हैं, तो आपको एक शक्तिशाली बात का एहसास होता है: चढ़ाई पहाड़ के बारे में नहीं है - यह इस बारे में है कि आप रास्ते में क्या बनते हैं। हममें से हर किसी को एक पहाड़ चढ़ना होता है। यह एवरेस्ट या किलिमंजारो होने की ज़रूरत नहीं है। यह किसी और को प्रभावित करने के बारे में नहीं है। जो मायने रखता है वह यह है कि आपका पहाड़ आपको चुनौती देता है, आपको उत्साहित करता है और आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। और हाँ, चढ़ाई गड़बड़ होगी। जब आपको लगेगा कि आप कहीं पहुँच गए हैं, तो रास्ता गायब हो जाएगा। हवा पतली हो जाएगी। आपको शायद छोड़ने का मन भी हो सकता है। लेकिन यही इसकी खूबसूरती है—पहाड़ हर कदम पर आपको आकार देता है। हर महान चढ़ाई एक सपने से शुरू होती है—एक ऐसा दुस्साहसी सपना जो आपको रोमांचित कर दे। इसकी विशालता को अपने ऊपर हावी न होने दें। अगला कदम उठाने पर ध्यान दें, फिर उसके बाद वाला कदम। प्रगति का मतलब बड़ी छलांग लगाना नहीं बल्कि छोटे, लगातार प्रयास करना है।



हर दिन थोड़ा-थोड़ा करके आगे बढ़ना, बड़े सपनों का मार्ग बनाता है। पहाड़ सबसे तेज़ या सबसे सक्षम पर्वतारोही को पुरस्कृत नहीं करते—वे दृढ़ता को पुरस्कृत करते हैं। प्रतिभा आपको शुरुआत करने में मदद कर सकती है, लेकिन लचीलापन आपको थकान, असफलता और असंभव लगने वाले क्षणों से बाहर निकालता है। आपको परिपूर्ण होने की ज़रूरत नहीं है; आपको चढ़ते रहना है। आपकी यात्रा अनूठी है; हर कोई इसे समझ या इससे सहमत नहीं होगा। कोई बात नहीं। जब रास्ता गायब हो जाए, तो अपना रास्ता बनाएँ, भले ही वह गंदा हो।

सबसे अच्छे रास्ते दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करके नहीं, बल्कि सुधार और प्रामाणिकता के ज़रिए खोजे जाते हैं। फिसलना और गिरना अपरिहार्य है, और वे चोट पहुँचाते हैं। फिर भी, हर ठोकर इलाके, सीमाओं और ताकत के बारे में कुछ मूल्यवान सिखाती है। पहाड़ पूर्णता की मांग नहीं करते हैं - वे दृढ़ता की मांग करते हैं। हर गिरावट से सीखें, और मजबूत होकर उठें। पहाड़ को इस बात की परवाह नहीं है कि शिखर पर कौन पहले पहुंचता है। यह ट्रॉफी या तुलना के बारे में नहीं है। चढ़ाई खुद को आगे बढ़ाने, अपने आराम क्षेत्र से आगे बढ़ने और शिखर पर रहने वाले व्यक्ति बनने के बारे में है।

सच्ची सफलता परिवर्तन है, प्रतिस्पर्धा नहीं। सर्वश्रेष्ठ पर्वतारोही केवल खुद पर ध्यान केंद्रित नहीं करते हैं। वे मदद करते हैं, उपकरण साझा करते हैं, और दूसरों को प्रोत्साहित करते हैं। जीवन की चोटियाँ साझा करने पर अधिक सार्थक होती हैं। आप जिनकी मदद करते हैं वे अक्सर आपका समर्थन करेंगे, जिससे सभी के लिए चढ़ाई अधिक समृद्ध होगी। जब आप अपने शिखर पर पहुँचते हैं, तो रुकें और सोचें। क्या आपकी चढ़ाई ने दूसरों को प्रेरित किया? क्या आपने उन लोगों के लिए बेहतर रास्ता छोड़ा जो आपका अनुसरण करते हैं? सफलता शीर्ष पर अकेले खड़े होने में नहीं है; यह आपके द्वारा छोड़ी गई विरासत में है - दूसरों के लिए प्रोत्साहन, सुधार और आशा। अंततः, चढ़ाई जीवन को सुंदर बनाती है। शिखर क्षणभंगुर है, लेकिन फिसलन, सफलताएँ, सबक और विकास कायम रहते हैं। ये पल आपको शिखर पर पहुँचने के योग्य व्यक्ति बनाते हैं। अगर आपको पहाड़ पर चढ़ना मुश्किल लगता है, तो ऊँचाई से डरें नहीं। छोटी शुरुआत करें। एक बार में एक कदम उठाएँ। आपको तेज़ी से आगे बढ़ने या पूरा रास्ता जानने की ज़रूरत नहीं है। बस चढ़ते रहें। एक दिन, अपने शिखर पर खड़े होकर, आप पीछे मुड़कर देखेंगे और महसूस करेंगे कि यह शिखर के बारे में नहीं था। यह उस व्यक्ति के बारे में था जो आप रास्ते में बन गए। चढ़ाई का यही मूल्यवान इनाम है - यह जानना कि इसका हर इंच बिना किसी शर्म के आपका था।

## आप की बात

### केजरीवाल की राजनीति

भाजपा के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने संभावना जताई है कि अरविन्द केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर अपनों से ही आरोप लगवाकर उन्हें हटाकर खुद सीएम की कुर्सी पर काबिज होने के प्रयास करेंगे। अत: मान सावधान रहें। येनकेनप्रकारेण केजरीवाल को कुर्सी चाहिए वो भी मुख्यमंत्री की। अगर ऐसा नहीं होता तो वे जेल में रहकर भी लम्बे समय तक मुख्यमंत्री नहीं बने रहते। अधिक विरोध होने के बावजूद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देकर आतिशी को जरूर मुख्यमंत्री पद सौंप दिया। बावजूद इसके भले ही ये अंदर की बात हो सकती है बेचारी आतिशी ने केजरीवाल की कुर्सी छुई तक नहीं और अलग कुर्सी पर बैठकर दिल्ली की सरकार चलाई। मसलन उन्होंने अवश्य केजरीवाल के निर्देशों का ही प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से पालन किया। तब वे पंजाब में भी मान के सम्मान पर चोट करके वहां भी कुर्सी हासिल कर सकते हैं जैसा कि भाजपा नेता का कथन है. यूं तो राजनीति में कोई किसी का नहीं होता. दलबदल इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। जिसमें आयाराम गयाराम 12 महीने चलता है किन्तु पार्टी में भी पार्टी प्रमुख अपनों पर ही आरोप-प्रत्यारोप लगाकर अपना उल्लू सिद्ध करने के संभावित प्रयास करें ये आम आदमी पार्टी के प्रमुख केजरीवाल मान को हटाकर नई परिपाटी भी राजनीति में शुरू कर सकते हैं।

-शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

### जनादेश पर चिंतन जरूरी

हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली के साथ उत्तर प्रदेश की अयोध्या से लगी मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा की शानदार जीत से सर्वाधिक झटका कांग्रेस को लगा है, क्योंकि कांग्रेस राष्ट्रीय और पुरानी पार्टी है जबकि आम आदमी पार्टी का उदय 15 वर्ष पूर्व ही हुआ है और अल्पकाल में ही मरणासन्न स्थिति में भी हो चुकी है अर्थात जितनी तेज गति से उभार, उतनी तेज गति से इसका पतन भी हो गया। जनता सियासी दलों के कर्मानुसार उन्हें चुनाव में परिणाम देती रही है, जो भाजपा को मिली विजय भी है। जनादेश की चिंता कांग्रेस को हो या ना हो किंतु प्रजातंत्र अवश्य चिंतित हो गया है क्योंकि विपक्ष इतना कमजोर भी ना हो कि सत्ता पक्ष ज्यादा ही हावी हो जाए। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष या भाजपा को चिंतन करने को मजबूर कर दिया था जिस पर लगता है भाजपा ने तो चिंतन कर लिया, किंतु कांग्रेस शायद अभी भी चिंतित नहीं हैं और चिंतन भी नहीं करना चाहती है बल्कि आइएनडीआइए के गठबंधन का भी क्षरण होना अत्यधिक चिंतनीय है। अब देश की राजनीति में भाजपा पूरी तरह छायी हुई है और विपक्षी दलों की हालत चिंताजनक है। इंडी गठबंधन के दल आपस में ही लड़ रहे हैं जबकि एनडीए एकजुट दिखायी पड़ रहा है।

-बीएल शर्मा अकिंचन, तराना-उज्जैन

### बढ़ती सड़क दुघर्टनाएं

गत एक माह में मेरठ जनपद में ही तीन ऐसी सड़क दुघर्टनाएं हुई जिनका कारण वाहनों की ओवरलोडिंग था। आखिर इनका दोषी कौन है? ट्रैक्टरों के पीछे विशालकाय ट्राले गन्ने, ईंट और पुआल से ओवरलोड होकर जब सड़क पर एक छत्र साम्राज्य स्थापित कर दौड़ते हैं तो साक्षात यमदूत दिखाई पड़ते हैं। जिनसे बस, ट्रक और बहुपहिये ट्रक भी बचने में ही अपनी भलाई समझते हैं। लेकिन ऐसे वाहनों को गुजरते हुए चौराहों पर खड़ी पुलिस भी प्रीतिपूर्वक निकलने देती है, क्योंकि ऐसे वाहनों से यातायात पुलिस की मासिक दक्षिणा तय होती है। यही हाल डग्गामार टैम्पोज और अन्य वाहनों का भी है। कहीं वाहनों पर तो नम्बर प्लेट तक भी नहीं होती, होती भी है तो उनके नम्बरों को इन्सान तो क्या भगवान भी नहीं पढ़ सकता। ऐसा भी नहीं कि आर टी ओ इन सब से अन्जान रहता है। वह भी इसलिए चुप रहता है क्योंकि मासिक दक्षिणा का एक अंश उनके पास भी आदर सहित पहुंच जाता है। इस सबके अलावा भी जनता भी कम दोषी नहीं यातायात के नियमों को तोड़ने में वो अपनी वीरता समझती है। 50 प्रतिशत से 75 प्रतिशत तक दुर्घटनाएं तेज गति के कारण होती हैं लेकिन तो भी हम कोई शिक्षा नहीं लेते। कुल मिलाकर यदि पुलिस और यातायात पुलिस ईमानदारी और कठोरता के साथ अपना दायित्व निर्वहन करें तो पर्याप्त सीमा तक सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

-डॉ. नरेन्द्र टौंक, मेरठ

### दिल्ली का पुस्तक मेला

दिल्ली का वार्षिक पुस्तक मेला लेखकों व प्रकाशकों के लिए जितना महत्वपूर्ण है उतना ही पाठकों के लिए भी। पुस्तकों के प्रकाशित होने का लाभ तभी है जब उनके पाठक भी उपलब्ध हों किन्तु गत लगभग दो दशक से पाठकों की संख्या में जो सतत गिरावट आई है उससे विशेषकर हिन्दी साहित्य का अस्तित्व संकट में है क्योंकि ज्यों ज्यों नित नई कविता, कहानी - गजल - लेख - लघुकथा की पुस्तकों का प्रकाशन बढ़ रहा है त्यों त्यों उन पुस्तकों का क्रय घटता जा रहा है। पुस्तकों के लोकार्पण और उसके अनन्तर लेखकों द्वारा उपहार स्वरूप दी गई पुस्तकें भी अधिकतर तब ही पढ़ी जाती हैं जबकि या तो लेखन का स्तर अत्यन्त प्रभावी हो या उपहार प्राप्तकर्ता को पुस्तक की समीक्षा का अनुरोध किया जाए। उच्च पदासीन लेखक तो अपनी लिखित पुस्तकों को अपने प्रभाव से पुस्तकालयों में बिकवा देते हैं किन्तु सामान्य लेखक जिसकी कोई पूर्व प्रतिष्ठा नहीं को पाठक नहीं मिलता। इंटरनेट युग की इस त्रासदी से समस्त छपा साहित्य प्रभावित है। लोगों को पुस्तकें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए।

-डॉ. जयप्रकाश गुप्त, अम्बाला छावनी

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# अगर आपके हाथ पैरों का भी बढ़ गया है कालापन तो दूर करने के लिये फॉलो करें यह टिप्स

आमतौर पर अंडरआर्म ज्यादातर लोगों के लिए काला होता है। अत्यधिक पसीने के कारण यहां अंधेरा दिखाई देता है। यह कालापन आत्मविश्वास को कम करता है। इस वजह से महिलाओं के लिए स्लीवलेस और कट स्लीव के कपड़े पहनने का सपना अधूरा है। यदि अत्यधिक पसीने को रोकने के लिए किसी डिओडोरेंट का उपयोग किया जाता है, तो वे त्वचा को और अधिक काला करने का जोखिम उठाते हैं।कोई भी प्राकृतिक उपचार त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। जानिए पसीने के कारण त्वचा का कालापन कैसे दूर करें।

**संकलो में काले मुद्दे को हल करने का तरीका यहां दिया गया है**



ड्ढनहाने के तुरंत बाद कपड़े न पहनें। दो से तीन मिनट प्रतीक्षा करें। इस दौरान शरीर को सामान्य तापमान पर आना चाहिए। बैक्टीरिया के संक्रमण आदि के कारण नमी के कारण होने वाले संक्रमण से बचने के लिए शरीर को ठीक से सूखने दें।

ड्ढअतिरिक्त बालों से बचने के लिए नियमित रूप से शेविंग करते रहें। ऐसा करने से नमी और गंध नहीं आती है। इससे कालेपन से बचा जा सकता है।

प्रसंस्कृत भोजन, शराब और अन्य चीजों के सेवन से बचें जिससे अत्यधिक पसीना आता है, उच्च वसा वाले खाद्य पदार्थों से बचें।

– शरीर में पसीना कम करने वाले पानी, कैल्शियम, बादाम आदि से भरपूर पानी का अधिक सेवन करना चाहिए।

– मौसम के हिसाब से कपड़े चुनें, यानी गर्मियों में कॉटन, थोड़े ढीले कपड़े जिससे ज्यादा तनाव न हो। संकल्प को ज्यादा पसीना नहीं आता।





# रेस्टोरेंट या बाहर का खाना खाने से अब नहीं बढ़ेगा वजन

**वीकेंड हो या कोई त्योहार हम में से ज्यादातर लोग अपने परिवार के साथ अक्सर डिनर और लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जाना पसंद करते हैं. वहीं घर से बाहर रहने वाले स्टूडेंट या नौकरी करने वाले लोग भी ज्यादातर समय खाना ऑनलाइन ही ऑर्डर करते हैं. ऐसे में हम जब भी खाना रेस्टोरेंट से ऑर्डर करते हैं तो कई लोग सलाह देते है कि बाहर का खाना खाने से वजन बढ़ जाएगा और मोटापा कि समस्या घेर लेगी. क्योंकि, बाहर खाए जाने वाले भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में ज्यादा कैलोरी और फैट होती है और बाहर खाना अनजाने में वजन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है.**

हालांकि, कुछ रणनीतियां हैं जिनका उपयोग करके आप भोजन योजना का पालन करते हुए भी बाहर खाने का आनंद ले सकते हैं...

न्यूट्रिशनिस्ट अरबी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे रेस्टोरेंट के कुछ खास फूड आइटम्स आपका वेट कम करने में आपकी मदद कर सकता है.

होटल या रेस्टोरेंट में खाना खाते या ऑर्डर करते समय इन 10 हेल्दी और वेट कम करने वाले फूड आइटम्स का जरूर रखें ध्यान

सुशी- कम कैलोरी, हाई फाइबर का सबसे अच्छा ऑप्शन है. ब्राउन चावल और सब्जी से भरे इस रोल का ऑप्शन जरूर चुनें.

पनीर टिक्का- हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के लिए पनीर टिक्का का ऑप्शन बेहतर है. इसे सब्जियों और साबुत अनाज के साथ खाएं.

वेजिटेबल कबाब

लो कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर ग्रिल्ड या रोस्टेड कबाब का विकल्प चुनें.

भूनी हुई सब्जियां और पनीर

हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के साथ भूनी हुई सब्जियां और पनीर का ऑप्शन जरूर चुनें, इसके साथ साबुत अनाज चुनें और ज्यादा सब्जियां खाएं.

सब्जी दाल सूप

कम कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ऑप्शन के लिए चुनें.

खिचड़ी

कम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत अनाज, दाल और सब्जियों से बना खिचड़ी

स्टीम्ड वेजिटेबल डम्प्लिंग

मीडियम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत गेहूं या सब्जी आधारित रैपर चुनें.

होल व्हीट मशरूम रैप

मीडियम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए अधिक मात्रा में सब्जियां खाएं और कम कैलोरी वाले सॉस का चुनाव करें.

क्विनोआ बाउल विद ग्रिल्ड पनीर

हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी विकल्प के लिए इसे चुनें. बता दें, क्विनोआ फाइबर प्रदान करता है, जबकि पनीर प्रोटीन प्रदान करता है.

बेसन चीला

मीडियम कैलोरी, हाई प्रोटीन ऑप्शन के लिए बेसन, सब्जियों और मसालों से बनाया गया चीला चुनें.

ऑर्डर करते समय, याद रखें...

रिफाइंड अनाज, की जगह साबुत अनाज चुनें.

अधिक मात्रा में सब्जियां और फलियां खाएं.

ग्रिल्ड, रोस्टेड या स्टीम्ड विकल्प चुनें.

ज्यादा कैलोरी और चीनी वाले सॉस और ड्रेसिंग का सेवन सीमित करें.

खूब पानी पियें और मीठे पेय पदार्थों का सेवन सीमित करें. इन विकल्पों को चुनकर, आप अपने वजन घटाने के लक्ष्य और समग्र कल्याण में सहायता करेंगे.

# स्किन के लिए गुणकारी है पत्थरचट्टा, जानें कैसे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं

स्किन के लिए जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए अक्सर हम कई तरह के घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप भी अपनी स्किन को हेल्दी रखना चाहते हैं, तो पत्थरचट्टा की पत्तियों का भी प्रयोग कर सकते हैं, आइए आपको बताते हैं कैसे इस्तेमाल करें।

खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से है कई सारी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने के लिए महिलाएं महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का प्रयोग कर सकते हैं। आमतौर पर कई महिलाएं पार्लर जाकर मेकअप या स्किन ट्रीटमेंट स्किन को स्वस्थ रखने के लिए किया जा सकता है, इसमें पत्थरचट्टा भी शामिल है। स्किन से जुड़ी समस्याओं से बचाव या राहत का लिए आप अपने स्किन केयर रुटीन में पत्थरचट्टा भी यूज कर सकते हैं। पत्थरचट्टा की पत्तियां एक्ने से राहत दिलाने में मदद करती है। स्किन की एलर्जी कम होती है।

पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं

पत्थरचट्टा की पत्तियां में फ्लेवोनोइड्स, एल्कलॉइड्स और ग्लाइकोसाइड्स समेत कई बायोएक्टिव कंपाउंड्स पाए जाते हैं। यह आपकी स्किन पर एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव पैदा करते हैं, जिससे खुजली जैसी समस्या से राहत मिल सकती है। आइए आपको बताते हैं कैसे इसका प्रयोग करें।

– पत्थरचट्टा की पत्तियों को कुचलकर थोड़ा सा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपनी स्किन के प्रभावित त्वचा पर 15 मिनट के लिए लगाएं और बाद में गुनगुने पानी से अपना मुंह धो लें। – पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल करके आप फेस मास्क के रुप में भी यूज कर सकते हैं। इन पत्तियों का फेस मास्क बनाने के लिए पहले आप इन्हें अच्छे तरीके से ग्राइंड कर





# अगर आप एक महीने तक चाय पीना पूरी तरह बंद कर दें तो क्या होगा?

चाय आज के समय में लगभग हर किसी के जीवन का हिस्सा है. रोज सुबह बिस्तर से उठते ही चाय की चुस्की के साथ अपना नींद खोलना बहुत से लोगों को बेहद अच्छा लगता है. वहीं, नाश्ते के समय भी ज्यादातर लोग चाय पीते हैं. ऐसे में देखा जाए तो बहुत से लोग दिन में कई बार चाय का सेवन करते हैं. अधिकतर लोगों को चाय की ऐसी लत होती है कि वे दिनभर में 3 से 4 बार इसका सेवन करते है. हालांकि, अधिक मात्रा में चाय के सेवन सेहत के लिए नुकसानदेह होता है .

## एक महीने तक चाय न पीने के फायदे

चाय हमारे देश में लगभग 90 प्रतिशत लोगों का पसंदीदा हॉट ड्रिंक है. कुछ लोगों को सुबह उठते ही चाय पीने की इच्छा होती है, तो वहीं कुछ लोग दिन में अनगिनत बार चाय पीते हैं. क्योंकि चाय में निकोटिन जैसा ही तत्व तंबाकू में भी होता है. लोगों की इसकी लत लग जाती है. चाय एक प्रकार की ऊर्जा और ताजगी का भी सोर्स है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि हम जो चाय रोजाना पीते हैं उसमें मौजूद चीनी की मात्रा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर सकती है?

चाय प्रेमियों के लिए एक महीने तक चाय न पीना वाकई एक बड़ी चुनौती जैसा होगा, लेकिन चाय पीने की इच्छा पर अंकुश लगाने से उनके स्वास्थ्य को अनगिनत फायदे मिल सकते हैं. आमतौर पर हम जो चाय पीते हैं उसमें चीनी की मात्रा अधिक होती है. इससे कैलोरी बढ़ती है. इसके अलावा स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, चाय में ज्यादा चीनी की मात्रा पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकती है.

## एक महीने तक शुगर-फ्री रहने के फायदे

इसलिए अगर आप एक महीने के लिए मीठी चाय पीना बंद कर देते हैं, तो आपका पाचन बेहतर हो जाएगा. इससे वजन भी कम होता है. इतना ही नहीं इससे आपको कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी नहीं होंगी. यदि आप एक महीने तक चीनी वाली चाय नहीं पीते हैं तो, आपके ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहेगा, चीनी के लिए कम लालसा होगी, आप एनर्जेटिक महसूस करेंगे, दांत की सेहत बेहतर हो जाएगी, और संभावित रूप से स्किन साफ हो जाएगा, क्योंकि ज्यादा चीनी का सेवन मुंहासे में योगदान कर सकता है. हालांकि, चीनी को पूरी तरह से छोड़ने के पहले कुछ दिनों के दौरान आपको लालसा और थकान जैसे वापसी के लक्षणों का अनुभव हो सकता है.

कई अध्ययनों से पता चला है कि एक महीने तक मीठी चाय से परहेज करने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है. मीठी चाय पीने से त्वचा पर दाने और छाले हो सकते हैं. इसलिए बेहतर है कि अपनी त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए मीठी चाय न पियें. चाय पीने की आदत से बचने से सीने में जलन, चक्कर आना और हृदय गति में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है. अगर आपके हाथ कांप रहे हैं तो चाय पीने से समस्या और बढ़ सकती है. इसके अलावा, यदि आप चाय पीना बंद कर दें तो हाई ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाएगा.



# चेहरा टैनिंग के कारण दिखता है मुरझाया हुआ तो लगा लें ये 5 डी टैन पेस पैक्स, खिल उठेगी त्वचा

**धूप चाहे गर्मियों की हो या सर्दियों की, बहुत ज्यादा देर तक त्वचा के संपर्क में आती है तो टैनिंग की वजह बन जाती है. टैनिंग के कारण ऐसा लगता है जैसे चेहरे पर दाग-धब्बे पड़ गए हैं या मैल जम गया है. इस टैनिंग को कम करने के लिए घर पर ही कुछ फेस पैक्स बनाकर लगाए जा सकते हैं. ये फेस पैक्स स्किन पर निखार लाने का काम करते हैं. इनसे टैनिंग हल्की होने लगती है और त्वचा को उसकी खोई हुई चमक वापस मिल जाती है. यहां जानिए कौनसे हैं ये फेस पैक्स और किस तरह इन्हें घर पर ही आसानी से बनाकर चेहरे पर लगाया जा सकता है.**

## टमाटर का फेस पैक

त्वचा की टैनिंग कम करने में टमाटर कमाल का असर दिखाता है. टमाटर से फेस पैक बनाने के लिए टमाटर के पल्प को निकालें और इसमें थोड़ा सा खीरे का रस मिला लें. आप चाहे तो टमाटर को सादा भी चेहरे पर लगा सकते हैं. टमाटर के पल्प को 15 से 20 मिनट त्वचा पर लगाकर रखने के बाद धोकर हटाएं. त्वचा पर जमी डेड स्किन सेल्स भी निकलने लगती हैं. टमाटर सन डैमेज को कम करने में मददगार होता है.

## दूध और हल्दी

टैनिंग हल्की करने के लिए इस सदियों से चले आ रहे नुस्खे को आजमाकर देखा जा सकता है. एक कटोरी में दही लें और उसमें थोड़ी सी हल्दी मिला लें. दही और हल्दी के इस मिश्रण को चेहरे पर रूई की मदद से लगा लें. इसे चेहरे पर लगाकर तकरीबन आधे घंटे रखें और फिर धोकर हटाएं. हफ्ते में 2 बार इस मिश्रण को लगाकर देखा जा सकता है.

## बेसन और दही

चेहरे पर बेसन और दही को लगाने पर त्वचा एक्सफोलिएट होती है और चेहरे पर जमी डेड स्किन सेल्ट हटने लगती हैं. बेसन और दही त्वचा से मैल छुड़ाकर त्वचा को दमकदार बनाता है. कटोरी में 2 चम्मच बेसन लें और इसमें जरूरत के अनुसार दही मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें. इस फेस पैक को चेहरे पर लगाकर 15 से 20 मिनट रखें और फिर हल्के हाथों से मलते हुए छुड़ा लें.

## मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा

सनटैन दूर करने में मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा का भी अच्छा असर दिखता है. एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में 2 चम्मच एलोवेरा जैल मिलाएं. इस फेस पैक को चेहरे पर 15 मिनट लगाकर रखा जा सकता है. इसे छुड़ाने के बाद चेहरे पर मॉइश्चराइजर लगाना ना भूलें.



## मलाई और केसर

मलाई को चेहरे पर सादा या फिर केसर के साथ मिलाकर लगाया जा सकता है. इससे त्वचा का रूखापन दूर होता है, मैल हटता है और टैनिंग कम होने में असर दिखता है. एक कटोरी में चम्मच भरकर मलाई और 1-2 केसर के छल्ले डालकर मिलाएं. इसे उंगलियों पर लेकर चेहरे पर पर मलें. आपको दिखेगा कि चेहरे पर जमा मैल छूटकर निकलना शुरू हो गया है. मलाई को चेहरे पर मलने के बाद पानी से धोकर छुड़ा लें.

# जिले के नगरीय निकायों में सुचारु और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, आदर्श मतदान केंद्र बना आकर्षण का केंद्र

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com






नगरीय निकाय चुनाव 2025 के तहत बेमेतरा जिले के सभी 10 नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से मतदान संपन्न हुआ सुबह 8 बजे से शुरू हुए मतदान में मतदाताओं ने बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिलेभर में मतदान का माहौल उत्साहपूर्ण रहा, जहां मतदाता स्वस्फूर्त रूप से मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। जिला मुख्यालय बेमेतरा के कुछ मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए जुटे, जिनमें युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी शामिल थे। वहीं अन्य वार्ड में मतदान शुरुआत में मतदान का प्रतिशत कम रही जबकि जिले के अन्य सभी नगरीय निकायों में भी इसी प्रकार का उत्साह देखा गया, जहां मतदाताओं ने पूरे जोश के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे मतदान प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा न आए। सुबह 10:00 बजे तक जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 15.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मतदाताओं की संख्या में भी तेजी आई। दोपहर 12:00 बजे तक जिले में 42.99 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जो यह दर्शाता है कि लोग बड़ी संख्या में मतदान प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। दोपहर 2 बजे तक 56 प्रतिशत मतदान हो गया था और शाम 4 बजे तक बेमेतरा में 65प्रतिशत से अधिक मतदान हो गया था। चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया है। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं ताकि मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण माहौल में हो सके। इसके अलावा, मतदान केंद्रों पर छांव, पानी और अन्य सुविधाओं की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में इस बार मतदाताओं का जोश और भागीदारी उल्लेखनीय है। मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले नागरिकों का उत्साह इस बात का संकेत है कि लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं।

**पहली बार किया मतदान लोकतंत्र में निभाई अहम भूमिका-** नगर पालिका परिषद के कन्या शाला स्कूल में बने आदर्श मतदान केंद्र पर साहिल मोटवानी, उम्र 19 वर्ष, ने अपने जीवन का पहला मतदान किया। वार्ड नंबर 4 के निवासी साहिल ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इसी तरह कुमारी पिंकी बंजारे 19 वर्ष वार्ड नंबर 11 में पहली बार अपना मतदान का प्रयोग किया है। मतदान के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। पहली बार मतदान करना एक बड़ी जिम्मेदारी और सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मैंने अपनी भूमिका निभाई और अपने मत का उपयोग किया। साहिल जैसे युवा मतदाताओं की भागीदारी से यह स्पष्ट होता है कि लोकतंत्र में हर एक मतदाता का योगदान महत्वपूर्ण है, चाहे वह पहली बार मतदाता हो या वर्षों से इस प्रक्रिया का हिस्सा हो।
वार्ड नंबर 3के

# हल्बा समाज की बेटी किरण रात्रे को मिला दादा साहब टेलीविज़न आवार्ड

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

हल्बा आदिवासी समाज की बेटी किरण रात्रे को मुंबई के सहारा होटल मे आयोजित दादा साहब फाल्के टेलीविज़न अवार्ड 2025 के लिए बेस्ट सुपर मॉडल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस टेलीविज़न अवार्ड कार्यक्रम मे टीवी के कई जाने माने हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।
जिसमे तारक मेहता के उल्टा चश्मा की सोनू और बावरी, बालिका वधू की रश्मि टीवी स्टार काजल चौहान, बिग बास की मालती मल्होत्रा, कुंडली भाग्य की सना सूरी रोमा अरोड़ा जैसी हस्तियाँ भी सम्मानित हुई। मुख्य अतिथि टीवी स्टार अदा खान के द्वारा अवार्ड प्रदान की गई। दादा साहब फाल्के टेलीविज़न अवार्ड सम्पूर्ण देश मे विशेष उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। इसके पूर्व किरण रात्रे मिसेज़ ग्लोब इंटरनेशनल अवार्ड 2025 प्राप्त की है। साथ ही जे के फाउंडेशन के द्वारा






देश एवं प्रदेश स्तरीय फैशन पेजमेंट मे रनर अप रही है

## कलेक्टर ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जाएजा, मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखने दिए निर्देश

### कलेक्टर ने लाईन में लगकर किया मतदान



पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने जशपुर नगर पालिका क्षेत्र में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जाएजा लिया। सर्वप्रथम कलेक्टर ने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लाईन में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और सेल्फी बूथ में सेल्फी ली एवं मतदान के लिए सभी को प्रेरित भी किया। उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील भी की। इसके पश्चात उन्होंने केंद्र की व्यवस्था की जाएजा लिया और मतदाताओं की किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने इसके बाद वशिष्ट कम्युनिटी हॉल और नवीन हाई स्कूल में बने मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केद्र के समीप भीड़ इकट्ठा ना होने पाए इसका विशेष ध्यान रखने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए।

# राजिम कुंभ कल्प मेला कल से, पुण्य स्नान में जुटेंगे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

दुनिया भर में ख्याति प्राप्त देश के पांचवे कुंभ के नाम से प्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेले की शुरूआत होने जा रहा है। राजिम की पावनधरा त्रिवेणी संगम में आयोजित होने वाला यह मेला देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई हुई है। देश के कई प्रदेशों से ख्याति प्राप्त मंदिर, मठों, अखाड़ों और आश्रमों से जाने-माने हजारों साधु-संतों के चरण पड़ते हैं। उनके अमृतवाणी और चरण रज का पुण्य लाभ भी राजिम कुंभ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को मिलता है।

### 12 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेगा कुंभ मेला

12 फरवरी माघ पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाले राजिम कुंभ कल्प मेला का समापन 26 फरवरी महाशिवरात्रि को होगा। इसके साथ ही 21 फरवरी से 26 फरवरी तक विराट संत समागम होगा। इस दौरान 12 फरवरी माघ पूर्णिमा, 21 फरवरी जानकी जयंती और 26 फरवरी महाशिवरात्रि को पर्व स्नान भी होंगे, जिसमें शाही जुलूस भी निकाली जाएगी। 12 फरवरी सुबह माघ पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालु पुण्य स्नान करेंगे। पुण्य स्नान पश्चात भगवान राजीव लोचन एवं कुलेश्वर महादेव, दानदानेश्वर, बाबा गरीबनाथ, लोमष ऋषि आश्रम दर्शन कर पुण्य लाभ लेंगे।

### नवीन मेला मैदान में लगेगा मेला

इस बार नए मेला मैदान में कुंभ कल्प का आयोजन किया जा रहा है। लगभग 54 एकड़ में फैले नवीन मेला मैदान में मुख्यमंच, विभागीय स्टॉल, फूड जोन, मीना बाजार आदि लगेगा। वहीं पुराने मेला स्थल पर संत समागम, महानदी आरती किया जाएगा। प्रशासन ने इस बार लोमष ऋषि आश्रम से कुलेश्वर महादेव मंदिर, मामा-भांचा मंदिर, महानदी आरती स्थल होते हुए नवीन मेला मैदान में अस्थीय कच्ची सड़क बनाया गया है। सड़क के दोनों किनारे दुकान भी सज गई है। रात्रि में मेला स्थल का दृष्य काफी विहंगम नजर आ रही है। मेला क्षेत्र के चारों तरफ रंग बिरंगी सतरंगी झालरों से जगमग हो रहा है। नदी क्षेत्र में ही साहू समाज राजिम भक्तिन मंदिर समिति, राइस मिल एसोसिएशन द्वारा निशुल्क भंडारे की व्यवस्था रहेगी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

नवीन मेला स्थल पर स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। वहीं मुख्य मंच में ही राष्ट्रीय एवं प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक कला मंच के अलावा दूसरे राज्यों के कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा प्रतिदिन शाम 6 बजे से साध्वी प्रज्ञा भारती के सानिध्य में भव्य महानदी आरती किया जाएगा।

### पंडोखर सरकार का लगेगा दरबार

नदी क्षेत्र में बनाए गए संत समागम स्थल पर 21 फरवरी से 25 फरवरी तक दतिया म.प्र. से पहुंचे गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार) का सत्संग दरबार लगाया जाएगा। महाराज जी शाम 4 बजे से 7 बजे सत्संग करेंगे। इसी प्रकार 13 फरवरी से 19 फरवरी तक भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जहां उदयपुर राजस्थान से पधारे डॉ. संजय कृष्ण सलिल जी महाराज प्रवचन देंगे। कथा का आयोजन शाम 4 बजे से 7 बजे तक रखा गया है।

## कलेक्टर एवं एस पी ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों व स्ट्राँग रुम का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान कलेक्टर राजेन्द्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण व स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में नगर पालिका परिषद बलरामपुर व तहसील कार्यालय रामानुजगंज में नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के लिए बनाए गए स्ट्राँग रुम का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान कार्य हेतु किये गये व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्राँग रूम के निरीक्षण के दौरान स्ट्राँग रूम में किये गए सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले के सभी नगरीय निकायों में सुचारू रूप से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। सुबह 8 बजे से शुरू हुए मतदान में मतदाताओं ने बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने किया शासकीय कन्या शाला मतदान केंद्र का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव 2025 के दौरान जिले में मतदान का माहौल पूरी तरह से उत्साहपूर्ण और उमंग भरा रहा। चुनाव को लोकतंत्र का त्योहार मानते हुए सुबह 8 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई और मतदाताओं का मतदान केंद्रों पर आना-जाना लगातार जारी है। जिले भर में मतदाता बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बल मिल रहा है। इसी क्रम में नगरीय निकाय निर्वाचन के सामान्य प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने बेमेतरा नगर में शासकीय कन्या शाला में बने आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया और मतदान प्रक्रिया की सुचारूता का जायजा लिया। बाजपेयी ने सबसे पहले मतदान केंद्र पर मौजूद सेक्टर ऑफिसर से चर्चा कर मतदान प्रक्रिया के शांतिपूर्ण ढंग से चलने की जानकारी ली। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मतदाता बिना किसी असुविधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके साथ ही, प्रेक्षक ने मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए छांव और पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी से अब तक मतदान के प्रतिशत के बारे में जानकारी प्राप्त की और यह सुनिश्चित किया कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो रही है। उन्होंने मतदान कर्मियों को निर्देश दिया कि हर मतदाता को मतदान करने के लिए पूरी सहायता प्रदान की जाए और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जाए। बाजपेयी ने मतदाताओं से भी बात की और उन्हें लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उनके इस दौरे से मतदान केंद्रों पर प्रशासनिक सतर्कता की पुष्टि हुई और यह सुनिश्चित किया गया कि सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे कि मतदाता निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। चुनाव के दौरान प्रेक्षक ने सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था का भी निरीक्षण किया, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इस निरीक्षण से यह संदेश गया कि प्रशासन पूरी तरह से सजग और प्रतिबद्ध है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके। नगर निकाय चुनावों में मतदाताओं के उत्साह और भागीदारी को देखते हुए यह स्पष्ट है कि इस बार लोकतंत्र की जड़ें और भी मजबूत होंगी और जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए उसे सफल बनाया है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, संयुक्त कलेक्टर दीप्ति वर्मा, एसडीएम दिव्या पोटाई सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की सतर्कता

## कलेक्टर रणबीर शर्मा ने किया मतदान केंद्रों का व्यापक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगरीय निकाय चुनाव 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्विघ्न संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरे समर्पण के साथ तैनात है। आज सुबह 8 बजे से ही मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी सक्रियता से काम मे लगे थे । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने पहले वोट फिर काम के थीम को अपनाते हुए, पहले खुद मतदान किया और फिर जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का व्यापक निरीक्षण किया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बेमेतरा और नवागढ़ ब्लॉक के कई मतदान केंद्रों का दौरा कर, वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपस्थित मतदाताओं से बातचीत की और उनसे यह जानकारी ली कि मतदान के दौरान उन्हें कोई असुविधा तो नहीं हो रही है। कलेक्टर ने विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं से सुविधाओं के बारे में पूछताछ की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी मतदाता बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों पर छांव, पानी, बैठने की व्यवस्था, और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, और यदि किसी मतदान केंद्र पर किसी प्रकार की कमी हो, तो उसे तुरंत दूर किया जाए। इसके अलावा, संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सुरक्षा बलों से संवाद कर यह सुनिश्चित किया कि हर संवेदनशील केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात हो और मतदान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही हो। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इससे पहले, सामान्य प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी भी बेमेतरा और साजा ब्लॉक के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने भी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए पानी, छांव और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया था, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा न आए। उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर मतदान केंद्र पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की थी। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के दौरान आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप दिया था।

### गांव में शत चंडी यज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन जारी

# धनोरा मे शत चंडी यज्ञ एवं श्री रामकथा जारी, आज लगेगा माघी पुन्नी मेला

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com




बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी धनोरा दुर्ग के द्वारा माघी पुन्नी के पावन पर्व पर 67 वर्ष से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होते आ रहा हैं। गांव में 4 से 12 फरवरी तक शत चंडी यज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन जारी है। राम कथा मे चित्रकुट से पधारे जगतगुरु धीरेन्द्रचार्य महाराज ने राम चरित्र मानस के पुष्प वाटिका प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान राम ने कैसे सीता का प्रेम स्वीकार किया। धर्म मार्गशीर्ष महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर श्रवण नक्षत्र में सीता राम विवाह की परम्परा माना जाता है। त्रेतायुग में इसी संयोग पर श्री राम और सीता का विवाह हुआ था। इस दिन को विवाह पंचमी भी कहा जाता है। सीता राम विवाह से जुड़े प्रसंग बाल्मीकि रामायण और तुलसी दास रचित रामचरितमानस में बताये गए हैं। श्रीराम और सीता का विवाह से पूर्व का यह प्रेम अत्यंत पवित्र है ये भाव और मन के तल पर प्रेम और स्नेह की परिकाष्ठा है। सीता और राम दोनों ही मानसिक रूप से इसे स्वीकार करते हैं। राम ने काम को स्वीकार कर प्रेम और वासना का अंतर बताया है। यह प्रसंग उन्हें मानव के स्तर से बहुत ऊंचा उठाता है। आज भगवान श्रीराम मिथिला की गलियों में घुमते हुए पुष्प वाटिका पहुंचे है। वहां पर फुल तोड़ने हमारी प्यारी माता जानकी भी आती है। वहीं पर माता सीता और हमारे प्रभु श्री राम का पहला मिलन होता है। इसी के साथ महाराज भगवान श्रीराम के धनुष तोड़ने की चर्चा की। दरबार के लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा, विनोद साहू, राजू यादव ने महाराज को फुलमाला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुलाब साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू गज्जू रायपुरीहा, भोलू खिलेशवर, नारायण साहू, योगेश साहू, सुखी राम, दिनेश साहू, सुखऊ राम, मनसुखा साहू, ललित साहू, बाबूलाल ठेकेदार, शिवचरण साहू, मारियल साहू, वासुदेव सप्रे, सुनील कहार, सुंदर सप्रे, चैतु राम पटेल, हेमंत साहू, डोरे लाल, ओमकार साहू, मुनना गंधर्व, जीवराखन ठेकेदार, झब्बू साहू, रुपलाल साहू, बबीता साहू, ललिता यादव, देवकी साहू, नीरा साहू, दुर्गा साहू, प्रमिला साहू, देवश्री साहू, अंजू देवांगन, कौशिलया सेन, पुष्पा देवांगन, दशरी पटेल, संगीता सप्रे, हितेश पटेल, सुनीता साहू, प्रभा साहू, लक्ष्मी साहू, ललिता यादव, छाया किरण साहू, रेखा पटेल, सुलोचना ठाकुर, टिकेशवरी साहू, डिम्पल साहू, दरबार प्रतिनिधी चंन्द्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू सेवा दे रहे हैं।

### धनोरा मे आज लगेगा माघी पुन्नी मेला

श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा 12 फरवरी को माघी पुन्नी मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारा का आयोजन किया गया है। जो कि 67 वर्ष से निरंतर चलते आ रहे हैं। जिसमें सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक हजारों भक्तगण प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस वर्ष चुनाव आचार संहिता के कारण रात्रि में होने वाले छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत का कार्यक्रम नहीं होगा। जो कि हनुमान प्रकटोत्सव के पावन पर्व पर अप्रैल मे आयोजित किया गया है। समिति के अध्यक्ष झब्बू साहू ने अधिक से अधिक संख्या में मेला मंडाई मे आकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

# प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने किया शासकीय कन्या शाला मतदान केंद्र का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव 2025 के दौरान जिले में मतदान का माहौल पूरी तरह से उत्साहपूर्ण और उमंग भरा रहा। चुनाव को लोकतंत्र का त्योहार मानते हुए सुबह 8 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई और मतदाताओं का मतदान केंद्रों पर आना-जाना लगातार जारी रहा। जिले भर में मतदाता बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बल मिला। इसी क्रम में नगरीय निकाय निर्वाचन के सामान्य प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने बेमेतरा नगर में शासकीय कन्या शाला में बने आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया और मतदान प्रक्रिया की सुचारूता का जायजा लिया। बाजपेयी ने सबसे पहले मतदान केंद्र पर मौजूद सेक्टर ऑफिसर से चर्चा कर मतदान प्रक्रिया के शांतिपूर्ण ढंग से चलने की जानकारी ली। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मतदाता बिना किसी असुविधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके साथ ही, प्रेक्षक ने मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए छांव और पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी से अब तक मतदान के प्रतिशत के बारे में जानकारी प्राप्त की और यह सुनिश्चित किया कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो रही है। उन्होंने मतदान कर्मियों को निर्देश दिया कि हर मतदाता को मतदान करने के लिए पूरी सहायता प्रदान की जाए और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जाए। बाजपेयी ने मतदाताओं से भी बात की और उन्हें लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उनके इस दौरे से मतदान केंद्रों पर प्रशासनिक सतर्कता की पुष्टि हुई और यह सुनिश्चित किया गया कि सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे कि मतदाता निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। चुनाव के दौरान प्रेक्षक ने सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था का भी निरीक्षण किया, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इस निरीक्षण से यह संदेश गया कि प्रशासन पूरी तरह से सजग और प्रतिबद्ध है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके।

नगर निकाय चुनावों में मतदाताओं के उत्साह और भागीदारी को देखते हुए यह स्पष्ट है कि इस बार लोकतंत्र की जड़ें और भी मजबूत होंगी और जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए उसे सफल बनाया है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, संयुक्त कलेक्टर दीप्ति वर्मा, एसडीएम दिव्या पोटाई सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर रणबीर शर्मा ने पत्नी संग किया मतदान, इसके बाद मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव 2025 के अवसर पर बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय चुनाव के तहत आदर्श मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया आज पूरी तरह से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रही।

इस मौके पर जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अपनी पत्नी के साथ जिला मुख्यालय स्थित कन्या शाला स्कूल के आदर्श मतदान केंद्र पर जाकर लाइन मे लगकर वोट डाला। रणबीर शर्मा और उनकी धर्मपत्नी सवेरे ही मतदान के लिए मतदान केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने लाइन में लगकर अपना मतदान किया। इसके बाद कलेक्टर शर्मा और उनकी पत्नी ने एक सेल्फी जोन में जाकर अपनी तस्वीर भी खिंचवाई, ताकि नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके। कलेक्टर शर्मा ने मतदान के बाद जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया और मतदान प्रक्रिया की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने विशेष रूप से मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, मतदान सामग्री की उपलब्धता, और नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए गए उपायों की जांच की। इसके साथ ही, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से चल रही हो। उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों को धन्यवाद दिया और निर्देशित किया कि किसी भी तरह की कठिनाई से निपटने के लिए तत्पर रहें। नगरीय निकाय चुनावों के दौरान जिले भर में मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा का अपनी पत्नी के साथ मतदान करना स्थानीय लोगों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बना। इसके कारण अन्य मतदाताओं को भी मतदान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।कलेक्टर ने कहा कि इस बार चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किए गए हैं, और प्रशासन पूरी तरह से सजग है ताकि चुनाव निष्पक्ष और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकें।

# जिले के नगरीय निकाय चुनाव मे 79.85 प्रतिशत् हुआ मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




जिले में नगरीय निकाय चुनाव 2025 में नगर पालिक परिषद बलरामपुर एवं नगर पालिका रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर व कुसमी में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। जिले के पांचों नगरीय निकाय चुनाव में कुल 79.85 प्रतिशत् मतदान हुआ जिसमें नगर पालिका परिषद् बलरामपुर में 80.16 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में 78.82 व नगर पंचायत वाड्रफनगर में 81.47, राजपुर में 83.95 व कुसमी में 77.72 प्रतिशत् मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। नगरीय निकाय निर्वाचन में नये युवा मतदाताओं में अपने प्रतिनिधि चुनने तथा लोकतंत्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करने हेतु गजब का उत्साह देखा गया। मतदान केन्द्रों में दिव्यांग, वयोवृद्ध एवं महिला मतदाताओं द्वारा भी उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया, साथ ही मतदाताओं ने सेल्फी वोटर जोन में फोटो भी खिंचवाई। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ सेक्टर अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी तैनात थे तथा उन्होंने लगातार अपने क्षेत्रों में घूमकर शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराया।

# नगरीय निकाय चुनाव 2025: जिले के सभी नगरीय निकायों में सुचारु और शांतिपूर्ण रूप से हो रहा मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव 2025 के तहत बेमेतरा जिले के सभी 10 नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से मतदान हुआ। सुबह 8 बजे से शुरू हुए मतदान में मतदाताओं ने बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिलेभर में मतदान का माहौल उत्साहपूर्ण रहा, जहां मतदाता स्वस्फू र्त रूप से मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। जिला मुख्यालय बेमेतरा के मतदान केंद्रों पर भी सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए जुटे, जिनमें युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी शामिल थे। जिले के अन्य सभी नगरीय निकायों में भी इसी प्रकार का उत्साह देखा गया, जहां मतदाताओं ने पूरे जोश के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे मतदान प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा न आए। सुबह 10:00 बजे तक जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 15.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मतदाताओं की संख्या में भी तेजी आई। दोपहर 12:00 बजे तक जिले में 42.99 प्रतिशत मतदान हो चुका था। चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया है। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे।

# 18 वर्षीय अनीस साहू ने किया पहला मतदान, लोकतंत्र में निभाई अपनी अहम भूमिका

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगरीय निकाय के चुनाव के दौरान आज वार्ड नंबर 03 के निवासी 18 वर्षीय अनीस साहू ने अपने जीवन का पहला मतदान किया। अनीस ने नगर पालिका परिषद के कन्या शाला स्कूल में बने आदर्श मतदान केंद्र पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनीस ने मतदान के बाद अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। पहली बार मतदान करना एक विशेष एहसास है। मैं खुश हूं कि मैंने अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग किया और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना योगदान दिया। अनीस जैसे युवा मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी से इस बार का चुनाव और भी खास हो गया है। पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं के लिए प्रशासन ने खास जागरूकता अभियान चलाए थे, जिसका परिणाम मतदान केंद्रों पर देखा जा रहा है। अनीस जैसे युवाओं का आगे आना यह दर्शाता है कि देश का युवा वर्ग लोकतंत्र के प्रति जागरूक और जिम्मेदार है। आदर्श मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे छाया, पीने का पानी और बैठने की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## वार्ड 3 के 79 वर्षीय राम कुमार तिवारी ने किया मताधिकार का प्रयोग

**बेमेतरा।** वार्ड 3 के निवासी 79 वर्षीय राम कुमार तिवारी ने हाल ही में बाईपास सर्जरी के बाद भी लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए आज नगरीय निकाय चुनाव



में मतदान किया। उनके इस साहसिक और प्रेरणादायक कदम ने अन्य मतदाताओं के लिए एक मिसाल पेश की है। तिवारी ने अपनी स्वास्थ्य चुनौतियों के बावजूद मतदान केंद्र पर पहुंचकर न केवल अपने मताधिकार का प्रयोग किया, बल्कि यह भी संदेश दिया कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति की भागीदारी महत्वपूर्ण है, चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों। उनके इस समर्पण ने स्थानीय लोगों में उत्साह और जागरूकता का माहौल बनाया।

# सड़क में खड़ी बसों व वाहनों से यातायात हो रहा प्रभावित व जोखिम, एसडीओपी ने की चालानी कार्यवाही व दी समझाइस



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के महलपारा स्थित मां शीतलामाता मंदिर के पास एक कार चालक द्वारा एक मोटरसाइकिल सवार दंपति को ठोकर मार दिए जाने के बाद वाहन चालक को चोट लगी। यदि वह हेलमेट लगाया होता तो उसे गंभीर चोट नही आती । वाहन चालको को सफर के दौरान हेलमेट लगाने के साथ ही वाहन में 2 से अधिक लोगो को नही बैठने की समझाइश दी गई। इस बीच कुछ वाहन चालकों को चेतावनी के साथ छोड़ा भी गया है तो वही कुछ लोगो के कागजात के अभाव में चालानी कार्यवाही भी की गई। उक्त जानकारी एसडीओपी ललिता मेहर ने जानकारी देते हुवे बताया कि नगर में बेहतर व सुरक्षित यातायात व्यवस्था को देखते हुवे बस स्टैंड के पास चेकिंग की कार्यवाही की गई वही सड़क किनारे बस संचालकों द्वारा बसों को खड़े कर सवारी भरने व उतारने की लंबे समय तक आ रही शिकायत पर बस संचालकों को सड़क के अंदर बसों को खड़े किए जाने को कहा गया । ज्ञातव्य हो कि गौरवपथ निर्माण के बाद अनेक वाहन व मोटरसाइकिल चालको द्वारा तेजी से वाहन चलाने वालो को फिलहाल समझाइश देकर छोड़ा गया है तो वही सभी दोपहिया वाहन चालकों को आवश्यक रूप से हेलमेट पहनने को कहा गया ।एसडीओपी ललिता मेहर ने बताया कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। नगर में नगरपालिका के निकाय चुनाव को देखते हुवे अवैध रूप से मतदाताओं को ढोने व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूरे नगरपालिका क्षेत्र व पोलिंग बूथों में पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध कराया गया था व सभी बूथों की मॉनिटरिंग भी की जा रही थी । नगर व मतदान केंद्रों में पर्याप्त व सतर्क सुरक्षा व्यवस्था को देलहते हुवे नगर में नगरीय निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

## जिला पंचायत के सीईओ ने अपनी धर्म पत्नी शीतल के साथ किया मतदान

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने सपत्नीक शीतल के साथ जशपुर नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मतदान केंद्र में मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने जिले के लोगों से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की थी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं.202501230300009/89/अ-2/वर्ग 2024-25

एतद सर्वसाधारण ग्राम / नगर सिंघौरी तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका तुकेश्वर प्रसाद वर्मा पिता बलदाऊ सिंह वर्मा निवासी खम्हरिया तहसील बेरला जिला बेमेतरा हाम मुकाम समृद्धि विहार फ्री तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम / नगर सिंघौरी प.ह.नं. 26 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 270/9 रकबा 0.017 हे. भूमि को औद्योगिक (हार्वेस्टर चेचिस एण्ड बॉडी प्रोडक्शन प्लांट) प्रयोजनार्थ बाबत् आवेदन पत्र शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प, की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/02/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
बेमेतरा, जिला-बेमेतरा

# 92 वर्षीय रामाप्रसाद मिश्रा ने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना किया मतदान, लोकतंत्र के प्रति दिखाई अद्वितीय प्रतिबद्धता

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव 2025 के चुनाव के दौरान आज वार्ड नंबर 03 के 92 वर्षीय असिस्टेंट प्रोफेसर (रिटायर्ड) रामाप्रसाद मिश्रा ने लोकतंत्र के प्रति अपनी अद्वितीय प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए मतदान किया। स्वास्थ्य ठीक न होने के बावजूद भी उन्होंने अपने परिवार से स्पष्ट रूप से कहा, 'मुझे वोट देना है, चाहे कुछ भी हो जाए।' लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाने के प्रति उनकी यह अडिग निष्ठा प्रेरणादायक है। रामाप्रसाद मिश्रा ने बेमेतरा के कन्या शाला स्कूल में स्थित आदर्श मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनके परिवार ने बताया कि वह मतदान के लिए बेहद उत्साहित थे, और अपनी तबीयत को नजरअंदाज करते हुए वोट देने की जिद पर अड़े हुए थे। परिवार के सदस्यों ने उनकी यह इच्छाशक्ति देखकर उनका साथ दिया और उन्हें मतदान केंद्र पर लाकर उनकी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी पूरी कराई। उनकी इस प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें व्हीलचेयर के माध्यम से मतदान केंद्र तक लाया गया, जहां उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया। कन्या शाला स्कूल में स्थित आदर्श मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध थीं। छाया, पानी और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्हीलचेयर की विशेष सुविधा भी मुहैया कराई गई थी, ताकि किसी मतदाता को असुविधा न हो। रामाप्रसाद मिश्रा ने इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अपने लोकतांत्रिक अधिकार का सम्मान किया और वोट दिया।

## कलेक्टर रोहित व्यास ने किया मतदान, लोगों को बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील

**जशपुरनगर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत लोकतंत्र के महापर्व में जशपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने स्वामी आत्मानंद स्कूल मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने जिले के मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में अभिज्ञात) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां इसमें निम्न वर्णित उधारकर्ताओं / सह-उधारकर्ताओं को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर सूचना में सांकित राशि के प्रतिभुगतान हेतु एक मांग सूचना निर्गत की गई थी। ऋणकर्ता निर्धारित बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा उधारकर्ता को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें के निम्न विवरणित संपत्ति का उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उनको प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत अधिग्रहण कर लिया है। उधारकर्ता को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन-देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन-देन, यहां इसमें निम्न अंकितानुसार एक राशि तथा इस राशि पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल के प्रभाराधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यानकर्षण उस स्थिति में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है, यदि उधारकर्ता विक्रय अथवा हस्तांतरण हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व, किसी भी समय समस्त लागतों, प्रभारों एवं उपगत व्ययों के साथ आईआईएफएल-एचएफएल को देय धनराशियों का पूर्ण भुगतान कर देता है, तो ऐसी स्थिति में "आईआईएफएल-एचएफएल" द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विक्रय अथवा हस्तांतरण नहीं किया जाएगा और "आईआईएफएल-एचएफएल" द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण व विक्रयार्थ कोई भावी कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम गाजियाबाद शाखा | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया देयराशि (रू) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री फाग दास सतनामी श्रीमती दासमत सतनामी श्रीमती ममता बारले (प्रॉस्पेक्ट नंबर IL10454560) | वह सभी टुकड़ा और पार्सलः फ्लैट नंबर 301, तीसरी मंजिल, ब्लॉक ए, कमल विहार, एलआईजी 12 फ्लैट, सेक्टर 1, कमल विहार, रायपुर, 492004, क्षेत्रफल का माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः बिक्री योग्य क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, सुपर निर्मित क्षेत्र, संपत्ति क्षेत्रः 415.59, 322.27, 619.89 | रु. 589508.00/- (रूपये पांच लाख नवासी हजार पाँच सौ आठ केवल) | 19 नवम्बर 2024 | 06 फरवरी 2025 |
| श्री लख्मीचंद दाखनमल ठाकुर श्रीमती रजनी ठाकुर सतगुरु बूट हाउस (प्रॉस्पेक्ट नंबर IL10655025) | वह सभी टुकड़ा और पार्सलः एलआईजी फ्लैट नंबर 522, 5वीं मंजिल, ब्लॉक एच, सेक्टर 4, विकास योजना-4 (कमल विहार), RDA, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001, क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकारः कारपेट_एरिया, निर्मित_अप_एरिया, सुपर_बिल्ट_अप_एरिया, संपत्ति क्षेत्रः 645.29, 740.44, 1005.77 | रु. 1497858.00/- (रूपये चौदह लाख सतानवे हजार आठ सौ अठावन केवल) | 21 अक्टूबर 2024 | 06 फरवरी 2025 |

अधिक जानकारी के लिए कृप्या शाखा कार्यालय में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, दुकान नं. 106-107, होटल अमित रीजेंसी के सामने, मोती बाग चौक, रायपुर, छ.ग. 492001 / या कॉपोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा
स्थान : रायपुर दिनांक : 12/02/2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाईनेंस लिमिटेड के लिए

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय : - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई- 600031
फोन : +91 44 4564 4000 I फैक्स : +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8 (1)**
**कब्जा सूचना**
**(अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 3] के साथ पठित समान अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग नोटिस जारी किया है जिसमें उधारकर्ता/उप-उधारकर्ताओं और जमानतदारों को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नीचे संलग्न मांग नोटिस में उल्लिखित राशि को मांग नोटिस की तारीख से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्कों सहित चुकाने का आह्वान किया गया है।
उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने इस नोटिस पर सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे/उसके द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता संख्या | उधारकर्ता/एस/ सह-उधारकर्ता/एस और गारंटर का नाम | गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण | मांग नोटिस तारीख | मांग नोटिस बकाया राशि (रु.) | कब्ज़ा लेने की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 54614929 और 95842856 | 1. सुदामा देवांगन, 2. टिकेश्वरी देवांगन, 3. पंचराम देवांगन, | प्लॉट संख्या 125 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका माप 128 वर्ग मीटर है, खसरा संख्या 958 का आबादी भूमि भाग, मौजा ग्राम : बाकली, पुराना पी.एच. नंबर 35, नया पी.एच. नंबर 27, आर.एन.एम-नारी, तहसील : कुरुद, जिला : धमतरी, छत्तीसगढ़-493663, पर स्थित है और **इसकी सीमाएं : पूर्व में : हीरा सिंह का घर, पश्चिम में : लोकेश्वर का घर, उत्तर में : रास्ता, दक्षिण में : लीलाराम का घर है।** | 14.09.2024 | रु. 6,67,358.84/- | 06-02-2025 प्रतीकात्मक कब्जा |
| 79696653 और 134751143 | 1. राजेंद्र कुमार, 2. दुकालू राम साहू, 3. जामुन बाई, | प्लॉट संख्या 06 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, खसरा संख्या 237/3 का हिस्सा, क्षेत्रफल 1485 वर्ग फीट, गांव : कुरुद, पी.एच. नंबर 48, आरआईसी कुरुद, तहसील : कुरुद, जिला : धमतरी, छत्तीसगढ़ -493663 में स्थित है, और **इसकी सीमाएं : पूर्व में : नहर, पश्चिम में : सड़क, उत्तर में : दुकालूराम का घर, दक्षिण में : मोहन की जमीन** | 16.10.2024 | रु. 6,03,816.00/- | 06-02-2025 प्रतीकात्मक कब्जा |
| 133582195 | 1. चुरामणि चन्नू 2. छन्नू यादव | प्लॉट संख्या 13, शीट संख्या 8, प्लॉट क्षेत्रफल 516 वर्ग फीट का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, खसरा संख्या 323/11, पुराना खसरा संख्या 323/2 भाग, पी.एच. नंबर 2, माजा : नागपुरा, आरएनएम बोदरी/बिल्हा, ब्लॉक बिल्हा, तहसील : बोदरी, जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495223 पर स्थित है और **इसकी सीमाएं : पूर्व में : साहिल दास की जमीन, पश्चिम में : पहुंच मार्ग, उत्तर में : केशव की जमीन, दक्षिण में : संजू की जमीन** | 16.11.2024 | रु. 7,48,243.85/- | 06-02-2025 प्रतीकात्मक कब्जा |
| 44864324 | 1. श्रीमती राजकुमारी (स्वर्गीय जगदीश पटेल के उपलब्ध कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में), 2. श्रीमती राजकुमारी | भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल क्षेत्रफल 0.008 हेक्टेयर (861 वर्ग फीट या 80.01 वर्ग मीटर) खसरा नंबर 317/2 का हिस्सा, गांव : हाटकेश्वर, पी.एच. नंबर 31, आर.आई.सी-भोथली, तहसील : धमतरी, जिला : धमतरी, छत्तीसगढ़-493773 में स्थित है और **इसकी सीमाएं : पूर्व में : धनीराम की भूमि, पश्चिम में : दिलीप पटेल की भूमि उत्तर में : दिलीप पटेल की भूमि दक्षिण में : नगर निगम कॉल** | 16.10.2024 | रु. 14,90,715.62/- | 06-02-2025 प्रतीकात्मक कब्जा |
| 142520541 | 1. जगन्नाथ दास महंत, 2. काजल महंत, 3. पुनी दास महंत, 4. शकुंतला बाई महंत | खसरा क्रमांक 542/8 (ख.सं. 542/1 का भाग) पर स्थित भूमि का वह पूरा टुकड़ा, क्षेत्रफल 0.024 हेक्टेयर, जो गांव खरसिया, पुराने पी.एच. नंबर 11, नए पी.एच. नंबर 22, आर.एन.एम/तहसील खरसिया, जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़-496661 में स्थित है, और **इसकी सीमाएं : पूर्व में : गली, पश्चिम में : गोविंद की भूमि उत्तर में : दिलेश्वर की भूमि दक्षिण में : जगमोहन की भूमि** | 05.10.2024 | रु. 10,63,730.92/- | 06-02-2025 प्रतीकात्मक कब्जा |

विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं/गारंटियों और आम जनता को संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार के अधीन होगा, जो मांग नोटिस में उल्लिखित राशि के साथ-साथ मांग नोटिस की तिथि से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
दिनांक: 06.02.2025
स्थान : छत्तीसगढ़

# नगर पालिका कवर्धा में 68.22, पंडरिया में 76.17, नगर पंचायत पिपरिया में 89.39, पाण्डातराई 84.97, बोड़ला में 75.68., सहसपुर लोहारा 81.77, इंदौरी में 79.79. प्रतिशत मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कबीरधाम जिले के सभी सातों नगरीय निकाय का निर्वाचन 11 फरवरी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग संपन्न हुआ। कबीरधाम जिले के सात नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों के चुनाव के लिए बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला एवं युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले के सात नगरीय निकायों कवर्धा, पंडरिया नगर पालिका तथा नगर पंचायत बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पांडातराई, पिपरिया और इंदौरी में कुल 74.10 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के सातों नगरीय निकाय में कुल 58 हजार 361 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 28 हजार 900 और महिला मतदाता 29 हजार 461 शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्मा ने बताया कि शाम 05 बजे तक नगर पालिका कवर्धा में 68.22, पंडरिया में 76.17, नगर पंचायत पिपरिया में 89.39, पाण्डातराई 84.97, बोड़ला में 75.68, सहसपुर लोहारा 81.77, इंदौरी में 79.79.प्रतिशत मतदान हुआ। कवर्धा नगर पालिका में कुल 26 हजार 755 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 13 हजार 253 और महिला मतदाता 13 हजार 502 शामिल है। नगर पंचायत पिपरिया में कुल 3 हजार 464 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 1 हजार 746 और महिला मतदाता 1 हजार 718 शामिल है। नगर पंचायत इंदौरी में कुल 3 हजार 775 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 1 हजार 865 और महिला मतदाता 1 हजार 910 शामिल है। पंडरिया नगर पालिका में कुल 11 हजार 209 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 5 हजार 491 और महिला मतदाता 5 हजार 718 शामिल है। पाण्डातराई नगर पंचायत में कुल 4 हजार 801 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 2 हजार 436 और महिला मतदाता 2 हजार 365 शामिल है। बोड़ला नगर पंचायत में कुल 3 हजार 550 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 1 हजार 764 और महिला मतदाता 1 हजार 786 शामिल है। नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में कुल 4 हजार 807 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 2 हजार 345 और महिला मतदाता 2 हजार 462 शामिल है। कबीरधाम जिले में नगरीय निकाय चुनाव में पिपरिया नगर पंचायत में दोपहर 4 बजे तक के मतदान में सबसे आगे रहते हुए 87.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पिपरिया के मतदाता मतदान को लेकर विशेष रूप से जागरूक नजर आए और सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गईं। इसके अलावा पांडातराई नगर पंचायत में 81.68 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में 79.13 प्रतिशत, और इंदौरी नगर पंचायत में 78.97 प्रतिशत, नगर पालिका पंडरिया में 69.70 प्रतिशत, नगर पंचायत बोड़ला में 68.88 प्रतिशत और कवर्धा नगर पालिका में 60.89 प्रतिशत मतदान हुआ।

इन इलाकों में भी मतदाताओं ने लोकतांत्रिक अधिकार के प्रति बड़ी संख्या में भागीदारी दिखाई दी।

निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर 2 बजे तक जिले में कुल 54.01 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

इस दौरान नगर पालिका कवर्धा में 45 प्रतिशत, नगर पालिका पंडरिया में 52 प्रतिशत, नगर पंचायत बोड़ला में 56 प्रतिशत, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में 68 प्रतिशत, नगर पंचायत पिपरिया में 77 प्रतिशत, नगर पंचायत इंदौरी में 72 प्रतिशत और नगर पंचायत पांडातराई में 67 प्रतिशत मतदान हुआ था। दोपहर 12 बजे तक जिले में कुल 33 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस दौरान नगर पालिका कवर्धा में 24 प्रतिशत, नगर पालिका पंडरिया में 31 प्रतिशत, नगर पंचायत बोड़ला में 38 प्रतिशत, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में 47 प्रतिशत, नगर पंचायत पिपरिया में 57 प्रतिशत, नगर पंचायत इंदौरी में 58 प्रतिशत और नगर पंचायत पांडातराई में 45 प्रतिशत मतदान हुआ था।

सुबह 10 बजे तक जिले में कुल 17.12 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस दौरान नगर पालिका कवर्धा में 12.76 प्रतिशत, नगर पालिका पंडरिया में 15.16 प्रतिशत, नगर पंचायत बोड़ला में 20 प्रतिशत, नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में 20.38 प्रतिशत, नगर पंचायत पिपरिया में 33.08 प्रतिशत, नगर पंचायत इंदौरी में 31.81 प्रतिशत और नगर पंचायत पांडातराई में 23.43प्रतिशत मतदान हुआ था। जिले के सातों नगरीय निकायों में कुल 78,817 मतदाता शामिल हैं। इनमें 38,578 पुरुष और 40,239 महिला मतदाता हैं। मतदान के लिए 120 वार्डों में कुल 145 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सबसे अधिक मतदाता नगर पालिका कवर्धा में हैं, जहां 39,276 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि पंडरिया में 14,715, पांडातराई में 5,650, पिपरिया में 3,875, इंदौरी में 4,731, बोड़ला में 4,691 और सहसपुर लोहारा में 5,879 मतदाता हैं।

# वीएफआई ग्रुप की इस वर्ष देश में 100 'बियॉन्ड स्लीप' स्टोर खोलने की योजना

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

वैश्विक स्तर पर प्रीमियम स्लीप सॉल्यूशंस (मैट्रेस) का कारोबार करने वाले वीएफआई ग्रुप ने गुरुग्राम में एक विशाल स्टोर के साथ भारत में कदम रखते हुए इस साल देश भर में अपने 100 'बियॉन्ड स्लीप' मैट्रेस एवं फर्नीचर स्टोर खोलने की घोषणा की। वीएफआई ग्रुप के सेल्स एवं मार्केटिंग डायरेक्टर सतीश कुमार मल्होत्रा ने इस अवसर पर भारतीय बाजार की संभावनाओं के प्रति उत्साह जताते हुए कहा , हमारा सपना है कि बियॉन्ड स्लीप का नाम हर घर की जुबान पर हो और हमारी योजना इसी साल पूरे भारत में 100 स्टोर खोलने की है। हम एक दमदार शुरुआत कर रहे हैं और अगले तीन वर्षों में हमारा ब्रांड 1000 करोड़ रुपये का हो यह हमारा लक्ष्य है। कंपनी ने 5000 वर्ग फुट का विशाल स्टोर डीएलएफसिटी सेंटर, एमजी रोड, गुड़गांव में खोला है जिसमें इस जाने माने ब्रांड के उत्पाद और सुविधाएं एक साथ उपलब्ध हैं। इसमें एक विशेष अनुभव क्षेत्र बनाए गए हैं ताकि ग्राहक उनकी चुनी हुई चीजों को वहीं जांच-परख कर देखें। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार बियॉन्ड स्लीप में देश-दुनिया के जाने-माने ब्रांडों की चुनिंदा चीजें उपलब्ध हैं जिनमें सर्टा , सिमंस ब्यूटीरेस्ट और ऑर्गेनिक लेटेक्स मैट्रेस ऑर्गेना के उत्पाद उपलब्ध हैं। वीएफआई ग्रुप के भारत, थाईलैंड और अमेरिका में अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र हैं।

## ब्लैक बॉक्स का मुनाफा 37 प्रतिशत बढ़ा, राजस्व में नौ फीसदी की गिरावट

**नयी दिल्ली।** एस्सार समूह की कंपनी ब्लैक बॉक्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 41 करोड़ रुपये के मुकाबले 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 56 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि हालांकि, आलोच्य अवधि में कंपनी का राजस्व 1655 करोड़ रुपये की तुलना में नौ प्रतिशत घटकर 1502 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने बताया कि सतत सुधार और उत्पादकता बढ़ाने के उपायों के कारण ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई) और शुद्ध लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दिसंबर 2024 तक ब्लैक बॉक्स का ऑर्डर बुक 46.5 करोड़ डॉलर (करीब 3,900 करोड़ रुपये) रही। ब्लैक बॉक्स के पूर्णकालिक निदेशक संजीव वर्मा ने कहा, एआई तकनीक में तेजी से हो रही प्रगति से वैश्विक स्तर पर एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) उपकरणों की मांग में उछाल की उम्मीद है। इससे डिजिटल बुनियादी ढांचे की आवश्यकता बढ़ेगी, जिससे हाइपरस्केलर एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और डेटा सेंटरों में भारी निवेश हो रहा है।

# अशोका पॉमेडौज पुराना धमतरी रोड डूंडा में बह रही भक्ति रस की अविरल धारा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अशोका पॉमेडौज पुराना धमतरी रोड डूंडा रायपुर में भक्ति रस की अविरल धारा बह रही है। भागवत किंकर कथा वाचक पंडित श्री कृष्णा गौड़ शास्त्री के मुखारविंद से भक्त श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। 9 से 15 फरवरी तक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक पंडाल में भक्ति के सागर में भक्ति गोता लगाएंगे। 9 फरवरी सुबह 10 बजे शोभायात्रा के साथ भागवत कथा की शुरुआत की गई। हवन,पूर्णाहुति व प्रसादी 16 फरवरी रविवार को मध्यान 12 बजे से होगी। राजीव अग्रवाल, छगनलाल मुंदड़ा, सरल मोदी, राजेश अटलानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रथम दिवस 9 फरवरी रविवार श्रीगणेश पूजन, भागवत शोभायात्रा व माहात्म्य कथा का रसपान भक्तों ने किया। द्वितीय दिवस 10 फ़रवरी सोमवार को कुन्ती स्तुति, भीष्म स्तुति, भगवान शुकदेव जी आगमन, कपिलोपाख्यान हुआ। तृतीय दिवस 11 फ़रवरी मंगलवार भक्त ध्रुव,प्रह्लाद चरित्र, पुरंजनोपाख्यान् व भगवान नरसिंह प्राकट्य होगा। चतुर्थ दिवस 12 फ़रवरी बुधवार को गजेन्द्र मोक्ष,समुद्र मन्थन, वामन अवतार, श्री राम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भक्तिमय आयोजन होगा। पंचम दिवस 13 फ़रवरी गुरूवार कोश्री कृष्ण बाल लीलायें, भगवान का नाम करण,कालिय मर्दन,गोवर्धन पूजन, छप्पन भोग दर्शन का आयोजन होगा। छठवें दिवस 14 फ़रवरी शुक्रवार को महारास लीला, श्रीकृष्ण मथुरा गमन, गोपी उद्धव संवाद, रूक्मणी मंगल का आयोजन होगा। सप्तम् दिवस 15 फ़रवरी शनिवार को सुदामा चरित्र,कुरुक्षेत्र में राधा-कृष्ण का मिलन,भगवान शुकदेव विदाई, व्यास पूजन होगा। अष्टम दिवस 16 फ़रवरी रविवार हवन पूर्णाहूति, प्रसादी का आयोजन होगा।

# एजेएएक्स अगली पीढ़ी के 360ए कंक्रीटिंग समाधान प्रदाता के रूप में उभरा : जसमीत सिंह भसीन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



केसर अर्थ सॉल्यूशंस के डायरेक्टर जसमीत सिंह भसीन और एरिया सेल्स मैनेजर अजीत पाल सिंह ने बताया कि, अब AJAX अगली पीढ़ी के 360ए कंक्रीटिंग समाधान प्रदाता के रूप में उभरा है जो उत्पादों की एक पूरी श्रृंखला पेश करता है जिसमें स्व-लोडिंग कंक्रीट मिक्सर, कंक्रीट बैचिंग प्लांट, ट्रांजिट मिक्सर, स्थिर पंप, बूम पंप, स्व-चालित बूम पंप और स्लिप-फॉर्म पेवर शामिल हैं जो एंड-टू-एंड समाधान पेश करते हैं जिसमें उत्पादन, परिवहन, प्लेसमेंट और फुटपाथ शामिल हैं। कंपनी का मुख्यालय बेंगलुरु में है और बेंगलुरु के बाहरी इलाके डोड्डाबल्लापुर और गौरीबिदानूर में इसकी अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं हैं।

केसर अर्थ सॉल्यूशंस के मालिक जसमीत सिंह भसीन छत्तीसगढ़ में Aja& के डीलर हैं, जिनके सभी प्रमुख शहरों में सेवा नेटवर्क और शाखाएँ हैं। कंपनी ने हाल ही में RADA ऑटो एक्सपो में नए मोड ARGO 4500 BS V को लोड सेल की पेटेंट तकनीक के साथ लॉन्च किया है जो 97% और उससे अधिक की सटीकता देता है और बेहतर माइलेज देता है और अधिक काम करता है। मशीन 110 एचपी किर्लोस्कर इंजन से संचालित है, जो 1 बैच में 4.5 क्यूबिक मीटर कंक्रीट बनाती है।

लॉन्चिंग सफलतापूर्वक डॉ चरण दास महंत और राडा के सम्मानित सदस्यों द्वारा की गई जिसमें कंपनी के जीएम बीनू मैथ्यू और उबैद अली और डीलर केसर अर्थ सॉल्यूशंस के डायरेक्टर जसमीत सिंह भसीन शामिल थे।

# सिंघानिया बिल्डकॉन के ड्रीम प्रोजेक्ट हर्षित लैंडमार्क में 14-16 फरवरी तक गृह प्रवेश 2025 फेस्ट का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक प्रमुख ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के ड्रीम प्रोजेक्ट हर्षित लैंडमार्क में 14-16 फरवरी तक गृह प्रवेश 2025 फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। सिंघानिया बिल्डकॉन ने राजधानी रायपुर क्षेत्र में अपने 25 से ज्यादा रेसिडेंसियल एंड कार्मशियल प्रोजेक्ट में ग्राहकों के मिले प्यार और भरोसे से उत्साहित होकर गृहप्रवेश मेला आयोजित करने का फैसला लिया है। हर्षित लैंडमार्क में आपको शुरुआती कीमत 55 लाख रुपए मात्र में 3 × 4 BHK प्रीमियम फ्लैट कामर्शियल शॉप्स एण्ड ऑफिस स्पेस रेडी टू पजेशन उपलब्ध हैं। अपने ग्राहकों के लिए ये ऑफर 14-16 फरवरी तक केवल 3 दिनों के लिए खुला है। गृह प्रवेश 2025 फेस्ट सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप की ओर से यहां बुकिंग कराने वालों के लिए कई आकर्षक स्कीम लॉन्च की गई हैं।

**100% बैंक फायनेंस सुविधा, 0% प्रोसेसिंग फीस की सुविधा –** यहां तत्काल बुकिंग करने पर राष्ट्रीकृत बैंकों से 100% बैंक फायनेंस सुविधा, 0% प्रोसेसिंग फीस, फ्री क्लब चार्जेस सहित ग्राहक फ्रेंडली कई अन्य स्कीम का लाभ दिया जा रहा है। तो फिर देर किस बात की.. तो आइये और कीजिए अपने गृह प्रवेश की

# अपरान्ह 5 बजे तक 71.31 प्रतिशत मतदान, जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के 8 नगरीय निकाय के 181 मतदान केंद्र में मंगलवार 11 फ़रवरी 2025 को अध्यक्ष व पार्षद पद के निर्वाचन के लिए मतदान हुआ जिसमें युवा, बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाने उत्साह दिखाया। मतदान प्रातः 8 बजे प्रारम्भ हुआ।मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की कतार लग गई थी। मतदान के लिए निर्धारित अंतिम समय अपरान्ह 5 बजे तक जिले के 8 नगरीय निकायों में प्रतिशत 71.31 प्रतिशत मतदान रहा। सर्वाधिक मतदान अनंतिम आंकड़े के अनुसार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में 68.42 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद भाटापारा में 66.08 प्रतिशत, नगर पालिका परिषद सिमगा में 81.73 प्रतिशत, नगर पंचायत पलारी 86.48 में प्रतिशत, नगर पंचायत रोहांसी में 75.25प्रतिशत, नगर पंचायत लवन में 80.44 प्रतिशत, नगर पंचायत कसडोल में 67.40 प्रतिशत एवं नगर पंचायत टुंडरा में 78.42 प्रतिशत मतदान हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, नगर पंचायत लवन एवं कसडोल अंतर्गत मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही सभी नगरीय निकायों के रिटर्निंग अधिकारियों से पल- पल क़ी जानकारी लेते रहे।

# भारत की सबसे बड़ी माइनिंग प्रदर्शनी की मेजबानी करेगा भुवनेश्वर

पायनियर संवाददाता ◄ भवनेश्वर
www.dailypioneer.com




भारत की सबसे बड़ी माइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदर्शनी का मंच तैयार हो चुका है, क्योंकि तीसरा ओडिशा माइनिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंटरनेशनल एक्सपो 6 से 9 मार्च 2025 तक बरमूंडा ग्राउंड, भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित हो रहा है। फ्यूचरएक्स ट्रेड फेयर एंड इवेंट्स प्रा. लि. की ओर से आयोजित इस एक्सपो को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, स्किल काउंसिल ऑफ माइनिंग सेक्टर और ओडिशा एसेंबली ऑफ स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (ओएएसएमई) का सहयोग मिल रहा है। इसके अलावा, इस एक्सपो को हेल्प और इंडी ट्री ने एनजीओ पार्टनर के रूप में समर्थन दिया है, जबकि अन्वेषी फाउंडेशन नॉलेज पार्टनर के रूप में जुड़ा है। चार दिन तक चलने वाला यह भव्य आयोजन भारत और वैश्विक स्तर पर माइनिंग, मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग के दिग्गजों को एक मंच पर लाएगा। इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य इनोवेशन, कोलाबोरेशन और बिज़नेस के अवसरों को बढ़ावा देना है, जिससे प्रदर्शकों और विजिटर्स को जबरदस्त लाभ मिलेगा। तीसरे ओडिशा माइनिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंटरनेशनल एक्सपो में आधुनिक माइनिंग मशीनरी, नवीनतम तकनीकी समाधान, सर्विस और सप्लाई चेन प्रदर्शित की जाएगी, जो इस क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेंगी। इस कार्यक्रम में 250 से अधिक कंपनियों की भागीदारी होगी, जो माइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग के भविष्य को आकार देने वाले नवीनतम इनोवेशंस का प्रदर्शन करेंगी। कुछ प्रमुख प्रदर्शकों में सैनी, श्विंग स्टेटर, थिसेनकृप इंडस्ट्रीज, केवायबी कॉम्बेट, टोरसा क्रशर, हेलस्टोन, एमबी क्रशर, इक्विपेज, ओशन कन्वेयर्स, सक्षम कास्टिंग, त्रिशुल ट्रीड, टाटा हिताची, दीपक फर्टिलाइजर्स, जीएनयू स्टील कास्टिंग, एआरबी बियरिंग्स, ऑर्गनोटेक इक्विपमेंट्स और कई अन्य शामिल हैं। इस वर्ष के एक्सपो में रूस, जर्मनी, कोरिया, जापान और ताइवान जैसे देशों से प्रतिभागी शामिल होंगे, जो माइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली अत्याधुनिक तकनीक और समाधान

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ग्राहक सुरक्षा मजबूत बनाने के लिए आईवायसी के रियल टाईम आईवायसी इंटीग्रेशन के साथ लाईव होने वाला पहला पेमेंट्स बैंक बना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्राहक सुरक्षा को मजबूत बनाने की एक बड़ी पहल में एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने सिस्टम को गृह मंत्रालय एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस के माध्यम से इंडियन साईबरक्राईम कोऑर्डिनेशन सेंटर के नेशनल साईबरक्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल सिटिजन फाईनेंशियल साईबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम के साथ इंटीग्रेट किया है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक भारत में पहले चार बैंकों में से एक और पहला पेमेंट्स बैंक बन गया है, जिन्होंने यह इंटीग्रेशन स्थापित किया है। इससे फाईनेंशन फ्रॉड्स को रोकने और ग्राहकों को सुरक्षा प्रदान करने की एयरटेल पेमेंट्स बैंक की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

यह एडवांस्ड API इंटीग्रेशन 1930 हैल्पलाईन सहित IyC, नेशनल साईबरक्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निपटान के लिए बैंक द्वारा किए जाने वाले मैन्युअल कार्यों को ऑटोमेट कर देगा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक, IyC और गृह मंत्रालय के बीच हाथों-हाथ जानकारी साझा हो जाने से साईबरक्राईम शिकायतों का निपटान ज्यादा तेजी से और ज्यादा लॉजिकल प्रोसेसिंग द्वारा हो सकेगा। इससे IyC, गृह मंत्रालय को विभिन्न विवरण मिल सकेंगे, जिसमें शिकायतों की संख्या, मोबाईल नंबर, एकाउंट नंबर, दर्ज कराई गई फ्रॉड की राशि, ट्रांज़ैक्शन के संदर्भ आदि शामिल हैं। इस सिस्टम द्वारा बैंक तुरंत कार्रवाई करने में समर्थ बनेगा ताकि दर्ज कराए गए एकाउंट का दुरुपयोग फौरन रोका जा सके।

गणेश अनंतनारायणन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने इस प्रगति के बारे में कहा, ''एयरटेल पेमेंट्स बैंक ग्राहकों की सुरक्षा पर केंद्रित है। (IyC), गृह मंत्रालय के साथ हमारा इंटीग्रेशन फाईनेंशियल फ्रॉड्स को रोकने में आगे रहने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। साथ ही, इससे नेशनल साईबरक्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायतों का हाथों-हाथ निपटारा भी सुनिश्चित होगा। यह इंटीग्रेशन हमारे सुरक्षा

# वेस्टर्न डिजिटल ने शैक्षणिक संस्थानों में सीसीटीवी स्टोरेज संभालने के लिए महत्वपूर्ण समाधान पेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com






सीसीटीवी शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा बढ़ाने में एक अहम भूमिका निभाते हैं। बड़े शिक्षा परिसरों के विशाल सर्विएलेंस नेटवर्क में लगातार रिकॉर्डिंग करने, डेटा को सुरक्षित रूप से स्टोर करने, और फुटेज तुरंत प्राप्त करने के लिए प्रभावशाली स्टोरेज समाधान बहुत आवश्यक होते हैं। डब्लूडी पर्पल प्रो की हार्ड डिस्क ड्राईव 24/7 रिकॉर्डिंग करते रहने के लिए बनाई गई हैं। ये हाई कैपेसिटी के साथ विश्वसनीयता भी प्रदान करती हैं। ऑलफ्रेम टेक्नोलॉजी वाली ये ड्राईव वीडियो प्लेबैक बढ़ाकर फ्रेम लॉस को कम करती हैं, जिससे संचालन सुगम बनता है। आउटडोर कैमरे बाहर लगे होते हैं, जो अत्यधिक खराब मौसम को भी झेलते हैं, ऐसे में डब्लूडी पर्पल एससी अल्ट्रा एंड्योरेंस माईक्रो एसडी कार्ड जैसे टिकाऊ समाधान भरोसेमंद परफॉर्मेंस प्रदान करते हैं, जिनके लिए मेंटेनेंस की जरूरत भी बहुत कम होती है। वेस्टर्न डिजिटल के डायरेक्टर सेल्स, एमईए एंड इंडिया, ओवेस मोहम्मद ने कहा, ''शैक्षणिक संस्थान अपने परिसरों में विस्तृत सर्विएलेंस सिस्टम्स का उपयोग कर रहे हैं, इसलिए ऐसे स्टोरेज समाधान बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं, जो लगातार काम करते रहने और विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए बनाए गए हों।'' उन्होंने बताया, ''हमारा डब्लूडी पोर्टफोलियो इन जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। ये ड्राईव चरम परिस्थितियों में भी लगातार रिकॉर्डिंग कर सकती हैं। ये अत्यधिक टिकाऊ हैं, और परिसरों को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग कर सकती हैं।'' 64 सिंगल स्ट्रीम कैमरों तक को सपोर्ट करने और एआई एनालिटिक्स की क्षमता के साथ, डब्लूडी पर्पल प्रो हार्ड डिस्क ड्राईव की मदद से संस्थान अनेक फीड्स को प्रभावी तरीके से संभाल सकते हैं तथा परिसर की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक जानकारी निकाल सकते हैं। साथ ही, डब्लूडी पर्पल माईक्रो एसडी कार्ड्स में कार्ड हैल्थ मॉनिटरिंग जैसे फीचर्स इसका मेंटेनेंस आसान बनाते हैं, ताकि नेटवर्क आउटेज के दौरान भी रिकॉर्डिंग लगातार चलती रहे।

# शुक्ला ने कहा-प्रदेश चुनाव के कारण हाई अलर्ट था, फिर भी डकैती हो गयी यह क्या हो रहा सरकार?

## लूट, हत्या, डकैती, बलात्कार की घटनाओं से राजधानी में भय का वातावरण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर के सभ्रांत इलाके अनुपम नगर में हुई लूट की घटना पर कांग्रेस ने आक्रोश जताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राजधानी में फिर दिन दहाड़े डकैती हो गयी, यह क्या हो रहा है सरकार? पूरे प्रदेश में मतदान हो रहा था, कानून व्यवस्था इस दिन हाई अलर्ट पर रहती है। इस माहौल में भी यदि लुटेरे राजधानी के बीचों बीच दिन दहाड़े डकैती की घटना को अंजाम दे रहे है वह भी पुलिस की वर्दी में इसका मतलब साफहै कि अपराधियों के मन से पुलिस और कानून का खौफ बचा ही नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रायपुर शहर में एक साल में 200 से अधिक हत्याएं हुई है। राजधानी रायपुर से चला हत्याओं का, गोलीबारी का खौफनाक मंजर पूरे प्रदेश में फैल चुका है। आम आदमी अपने आपको भयभीत महसूस कर रहा है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर अपराध का गढ़ बन गया है। सरकार की लापरवाही और पुलिस की नाकामी का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ में कोई भी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है राजधानी में सरेआम गोलीबारी की पांच घटना हुई है। सरकार की नाकामी और पुलिस की लापरवाही का परिणाम है कि प्रदेश की राजधानी असुरक्षित हो चुकी है। कौन नशेड़ी कब किस शरीफशहरी को चाकू मार दे कहा नहीं जा सकता? अब तो राजधानी में घर से बाहर निकलने में आम आदमी डरने लगा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था है ही नही। इसलिये अपराधिक घटनाये बढ़ रही है। सरकार अपराधियों पर लगाम कसने के बजाये उनकी संरक्षक बन गयी है। प्रदेश की कानून व्यवस्था दिनोदिन और बिगड़ते जा रही है और सरकार मूकबधिर बनकर बैठी हुई है अब तो लूट, हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी जैसी अपराध की घटनाये बर्दाश्त के बाहर हो गयी है। सरकार निकम्मी और लाचार बन गयी है मुख्यमंत्री से सरकार नही संभल रहा, गृहमंत्री से गृह विभाग नही संभल रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में 24 * 7 अपराध हो रहे हैं। राजधानी सहित बस्तर, सरगुजा, जशपुर, प्रदेश का कोई इलाका सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार में आम जनता में इतना डर का माहौल है कि लोग सूर्यास्त होने के पहले सुरक्षित घर पहुंचने की विनती भगवान से करते थे। अब तो लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी हथियार लेकर खुलेआम घूम रहे हैं। सुबह दोपहर शाम रात बाजार में स्कूल में ऑफिस में सड़क में कहीं भी आम जनता के ऊपर हमला कर रहे हैं। शराब खोरी नशा खोरी बे इंतेहा बढ़ गई है और सरकार हाथ में हाथ धरे बैठी हुई है।

प्रदेश में जिस प्रकार से आपराधिक घटनाएं हो रही है ऐसा लगता है कि छत्तीसगढ़ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश को पछाड़ देगी। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में आपराधिक घटनाएं डबल गति से बढ़ी हुई है। सरकार में बैठे हुए जिम्मेदार लोग अपराधों पर नियंत्रण की बात करने के बजाय बहानेबाजी और राजनैतिक बयान देकर घटना को नकारने में लगे रहते है।

# आग की ढेर में सरकारी धान, कभी भी हो सकता हैं अनहोनी





पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में हजारों की संख्या में गुड़ उद्योग के नाम संचालित हैं लेकिन नब्बे फीसदी उद्योगों में गुड़ के बजाए सिरा बनाकर बेचते हैं। जहां पर सरकारी नियम कायदों को दरकिनार कर संचालित किया जा रहा है। बाल श्रम , महिलाओं को चरका,आग की भट्टी जैसे कार्य लिया जा रहा है। बोड़ला विकासखंड के बोड़ला रोड सिंघारी में लक्ष्मी गुड उद्योग संचालित है । गुड उद्योग से लगा हुआ धान उपार्जन केंद्र है जहां पर हजारों क्विंटल धान किसानों से खरीदा गया है। गन्ना की छिलका (कूट)को खरीदी केंद्र तक सुखाया जाता हैं। जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता साथ ही जंगल के समीप भी है। पता नहीं इसे जगह पर गुड उद्योग संचालन की अनुमति कैसा मिल गया या फिर बिना अनुमति के संचालित है जो जांच का विषय है।

**पीछे धान खरीदी केंद्र सामने जंगल** -धान खरीदी केंद्र सिंघारी में आसपास के गांवों का धान की खरीदी किया जाता था और बाजू में वेयर हाउस का गोदाम भी है वहीं पर लक्ष्मी गुड उद्योग संचालित है और उद्योग के ठीक सामने दलदली रोड है फिर सागौन का प्लॉट लगा हुआ है। हजारों क्विंटल धान की खरीदी किया गया लेकिन परिवहन नहीं होने के कारण वहीं पर स्टोरेज है उसी के बाजू में वेयर हाउस का गोदाम भी है जहां। पर भी उचित मूल्य की दुकानों के लिए चावल संग्रहित है ।

**माप दंड का पालन नहीं** -लक्ष्मी गुड उद्योग में शासन के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है नियमानुसार महिलाओं से रात्रि में कार्य नहीं लिया जाना होता हैं लेकिन जिले में संचालित गुड उद्योग में लिया जा रहा है साथ ही परिवार के साथ आए नाबालिग बच्चों से भी कार्य कराया जाता है। जिस पर जांच कर कार्यवाही करने के आवश्यकता है। महिलाओं और बच्चों से कठोर कार्य लिया जाता हैं जो कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है।

**जांच की आवश्यकता** -उक्त गुड उद्योग जंगल के समीप है जिसके चलते पर्यावरण ,प्रदूषण विभाग की अनुमति जरूरी हैं। पता नहीं अनुमति मिला है कि नही ये तो जांच का विषय है। छोटे छोटे बच्चों और महिलाओं से रात में भी कठोर और जोखिम भरा कार्य कराया जाता हैं। वहां पर कार्य में लगे श्रमिकों का बीमा भी नहीं किया जाता और न ही उनका जानकारी संबंधित थाने में दिया जाता हैं। सरकारी आंकड़ा भी जिम्मेदार विभाग के पास नहीं हैं।

# कलेक्टर रणबीर शर्मा ने पत्नी संग क़तार में खड़े हो कर किया मतदान, इसके बाद मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव 2025 के अवसर पर बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय चुनाव के तहत आदर्श मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया आज पूरी तरह से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रही। इस मौके पर जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अपनी पत्नी के साथ जिला मुख्यालय स्थित कन्या शाला स्कूल के आदर्श मतदान केंद्र पर जाकर क़तार मे लगकर वोट डाला।

रणबीर शर्मा और उनकी धर्मपत्नी सवेरे ही मतदान के लिए मतदान केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने लाइन में लगकर अपना मतदान किया। इसके बाद कलेक्टर शर्मा और उनकी पत्नी ने एक सेल्फी जोन में जाकर अपनी तस्वीर भी खिंचवाई, ताकि नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके। कलेक्टर शर्मा ने मतदान के बाद जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया और मतदान प्रक्रिया की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने विशेष रूप से मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, मतदान सामग्री की उपलब्धता, और नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए गए उपायों की जांच की।

इसके साथ ही, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से चल रही हो। उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों को धन्यवाद दिया और निर्देशित किया कि किसी भी तरह की कठिनाई से निपटने के लिए तत्पर रहें। नगरीय निकाय चुनावों के दौरान जिले भर में मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा का अपनी पत्नी के साथ मतदान करना स्थानीय लोगों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बना।

इसके कारण अन्य मतदाताओं को भी मतदान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि इस बार चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किए गए हैं और प्रशासन पूरी तरह से सजग है ताकि चुनाव निष्पक्ष और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकें।

# स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती का आज नगर आगमन होगा, ठाकुर देव चौक से भव्य स्वागत की तैयारी

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



हिंदू राष्ट्र अभियान के प्रणेता तथा सनातन धर्म के सर्वोच्च सर्वमान्य एवं सार्वभौम धर्मगुरु ऋग्वेदीय पूर्वमनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी महाभाग का हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत बेमेतरा से आज शाम 5:00 बजे कवर्धा आगमन होगा जहां ठाकुर देव चौक पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही। जगद्गुरु शंकराचार्य जी का दिनांक 12 से 15 फरवरी तक कवर्धा की पावन धरा में मंगलमय प्रवास होने जा रहा है । इस पावन अवसर पर आदित्यवाहिनी संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत की व्यापक तैयारी की गई है ठाकुर देव चौक से जगतगुरु शंकराचार्य को स्वागत करते हुए बाइक रैली के माध्यम से नवीन बाजार गुरु गोविंद सिंह चौक वीर स्तंभ चौक अंबेडकर चौक राजमहल चौक से होते हुए शहीद कौशल यादव चौक तक लाया जाएगा उसके बाद शहीद कौशल यादव चौक से घड़ी घंटे और शंख की मंगल ध्वनि के साथ-साथ वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा स्वस्तिवाचन करते हुए एवं आसपास के लगभग 25 कीर्तन मंडलियों एवं रामधुनी के साथ बूढ़ा महादेव मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर होते हुए यूनियन चौक स्थित श्री आशीष दुबे के निवास स्थान तक उन्हें अभिनंदन पूर्वक लाया जाएगा जहां पूज्यपाद का 15 फरवरी तक आवास होगा। दिनांक 13 एवं 14 फरवरी को सुबह 11.30 बजे यूनियन चौक स्थित प्रांगण में दर्शन दीक्षा पादुका पूजन एवं संगोष्ठी का आयोजन होगा तथा दोपहर 3:30 बजे से सरदार पटेल मैदान में धर्मसभा का मंगलमय आयोजन होगा। जहां पूज्यपाद श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य जी महाभाग के मुखारविंद से एवं उनकी अमृतमई वाणी में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभक्ति पर आधारित धर्मोपदेश श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा । 15 फरवरी को पुनः प्रातः कालीन सत्र में 11:30 बजे से दर्शन दीक्षा पादुका पूजन एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम यूनियन चौक में होगा उसके बाद शाम 4:00 बजे वे ग्राम मडमडा पांडातराई के पास के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां 16 तारीख को इसी भांति दर्शन दीक्षा पादुका पूजन संगोष्ठी एवं सायंकालीन सत्र में धर्म सभा का आयोजन होगा। आदित्य वाहिनी संस्था के द्वारा समस्त सनातन धर्मावलंबियों से अपील की गई है कि वे लगभग 10 वर्षों के लंबे अंतराल के पश्चात प्राप्त श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य जी महाभाग के पावन सानिध्य का लाभ लेने हेतु उपरोक्त समस्त कार्यक्रम में अवश्य पधारें तथा उनका आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बनाएं।

# नगर पालिका चुनाव : साहिल मोटवानी ने किया पहला मतदान, लोकतंत्र में निभाई अहम भूमिका

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगर पालिका परिषद के कन्या शाला स्कूल में बने आदर्श मतदान केंद्र पर आज साहिल मोटवानी, उम्र 19 वर्ष, ने अपने जीवन का पहला मतदान किया। वार्ड नंबर 4 के निवासी साहिल ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। साहिल ने मतदान के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ष्यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। पहली बार मतदान करना एक बड़ी जिम्मेदारी और सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मैंने अपनी भूमिका निभाई और अपने मत का उपयोग किया। मतदान केंद्र पर मौजूद अन्य युवा मतदाताओं के लिए साहिल की भागीदारी एक प्रेरणा बनी। युवा वर्ग के इस तरह की सक्रियता ने निर्वाचन प्रक्रिया में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। आदर्श मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए छाया, पानी, और बैठने की उचित व्यवस्था की गई थी, जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो रही है। साहिल जैसे युवा मतदाताओं की भागीदारी से यह स्पष्ट होता है कि लोकतंत्र में हर एक मतदाता का योगदान महत्वपूर्ण है, चाहे वह पहली बार मतदाता हो या वर्षों से इस प्रक्रिया का हिस्सा हो। साहिल के इस कदम ने यह संदेश दिया है कि देश के भविष्य को संवारने में युवाओं की भूमिका बेहद अहम है और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।

# राजिम कुंभ कल्प में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति

■ पहले दिन बॉलीवुड पार्श्व गायिका मैथिली ठाकुर की होगी शानदार प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राजिम कुंभ कल्प के मंच पर प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे से स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं मुख्य मंच पर शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त कलाकारों की प्रस्तुति होगी। पहले दिन मुख्य मंच पर बॉलीवुड पार्श्व गायिका मैथिली ठाकुर की प्रस्तुति होगी। कुंभ कल्प के पहले दिन 12 फरवरी को लुक प्रसाद यादव द्वारा राउत नाचा, मती मीना साहू की पंडवानी, मती भोजबाई साहू फाग गायन, मोहन लाल साहू हरि कीर्तन, जागेश्वर प्रसाद मानस गायन और निकी (निकिता) टंडन द्वारा लोकमंच, शिवराज धीवर नाचा दल, राकेश शर्मा सूफी गायन, कुंवर दास डहरिया पंथी नृत्य, मोहनलाल साहू हरि कीर्तन ऐश्वर्या साहू मानस गायन और चंद्रभूषण वर्मा द्वारा लोकमंच की प्रस्तुति देंगे।

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी विश्वास राव मस्के ने किया मतदान

**जशपुरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी विश्वास राव मस्के ने जशपुरनगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मतदान केंद्र में मतदान किया उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें आपका कर्तव्य के साथ वोट करना आपकी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

## मतदान कितना जरूरी 84 वर्षीय ने इसे किया चरितार्थ

**सरायपाली।** नगर पालिका के चुनाव में वार्ड क्रमांक 6 में मतदान कितना जरूरी है इसे चरितार्थ करते हुए 84 वर्षीय जगत नारायण अग्रवाल और उनकी पत्नी 80



वर्षीय गायत्री देवी अग्रवाल ने अपने पोते अनय अग्रवाल के साथ जाकर मतदान किया और सभी लोगों को अपना मतदान जरूर करें यह अपील कि जब पत्रकारों ने उनसे पूछा तो उन्होंने बताया लगभग विगत 66 वर्षों से जब भी मतदान का अवसर मिला है उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।

# राजिम कुंभ का स्वरूप और स्थान हुआ परिवर्तितः नवीन मेला मैदान में बना भव्य मंच, मेला स्थल तक पहुंचने बनाया गया रोड मैप

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज के नाम से प्रसिद्ध तीर्थ नगरी राजिम में 12 फरवरी से राजिम कुंभ कल्प मेला का शुभारंभ होने जा रहा है, जिसका समापन 26 फरवरी महाशिवरात्रि को होगा। 15 दिनों तक चलने वाले इस कुंभ मेला का स्वरूप और स्थान इस वर्ष बदल दिया गया है। त्रिवेणी संगम से लगभग 1 किमी दूर नवीन मेला मैदान में कुंभ कल्प का आयोजन होगा। यहां विशाल और भव्य मंच बनाया गया है। हालांकि पुराने मेला मैदान में भी गंगा आरती और संत समागम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष कुंभ कल्प की थीम पंचकोशी धाम पर आधारित होगी, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता और संस्कृति का भव्य अनुभव प्रदान करेगी। इस आयोजन के तहत धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन, संत समागम और आध्यात्मिक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। राजिम कुंभ कल्प मेले में देशभर से साधु-संतों, कथा वाचकों और श्रद्धालुओं का आगमन होगा। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, लोककला और आध्यात्मिक संगोष्ठियों का आयोजन इस बार के कुंभ कल्प मेले को विशेष बनाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय, पार्किंग, ठहरने और खाने-पीने की विशेष व्यवस्था की गई है। मेला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

**आसानी से पहुंच सकेंगे नवीन मेला मैदान**-नवीन मेला मैदान पहुंचने के लिए मेला आयोजन समिति द्वारा शानदार तैयारी की गई है। बकायदा रोड मैप तैयार किया गया है, जिसमें पुराने मेला मैदान से लेकर नवीन मेला मैदान तक बने विशाल डोम, संत समागम स्थल, कंट्रोल रूम, लक्ष्मण झूला, विभिगीय स्टाल, विभिन्न प्रकार की दुकानें, मीना बाजार, फूड जोन, पार्किंग स्थल आदि को दर्शाया गया है। रोड मैप अनुसार पी1 - पुराना वीआईपी पार्किंग राजिम, पी 2 सोनकर पार्किंग राजिम, पी-3 पुराना मीना बाजार पार्किंग राजिम, पी-4 देवी संपदा पार्किंग राजिम, पी-5 यशोदा अस्पताल पार्किंग राजिम, पी-6 सब्जी मंडी पार्किंग राजिम, पी-7 नया वीआईपी पार्किंग नया मेला स्थल, पी-8 गौठान पार्किंग नया मेला मैदान, पी-9 मुक्तिधाम पार्किंग चौबेबांधा, पी-10 नवागांव तिराहा पार्किंग, पी-11 लोमश ऋषि आश्रम पार्किंग, पी-12 महानदी पुल के नीचे पार्किंग, पी-13 गौशाला पार्किंग गोबरा नवापारा, पी-14 हरिहर स्कूल पार्किंग नवापारा, पी-15 सरस्वती फड़ पार्किंग नवापारा में व्यवस्था की गई है।

# प्रेक्षक और जिला प्रशासन की सख्ती, मतदान केंद्रों का व्यापक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




नगरीय निकाय चुनाव 2025 के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए जिला प्रशासन और चुनाव प्रेक्षकों द्वारा व्यापक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम मे सामान्य प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने आज बेमेतरा और साजा ब्लॉक के कई महत्वपूर्ण नगरीय निकाय मतदान केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, मतदान केंद्रों पर साफ सफाई, सुरक्षा उपायों, और सुगम मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रेक्षक बाजपेयी ने मतदान केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की, उनके समक्ष मतदान के दिन आने वाली संभावित चुनौतियों पर चर्चा की, और उन्हें इनसे निपटने के लिए उचित मार्गदर्शन दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि मतदान प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो, ताकि सभी मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और अन्य निगरानी उपकरणों की स्थिति का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, प्रेक्षक बाजपेयी ने संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए और वहां के सुरक्षा इंतजामों का मूल्यांकन किया। प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए छांव, पानी और बैठने की सुविधाओं का जायजा लिया, ताकि मतदाता बिना किसी असुविधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके साथ ही, संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को भी विशेष रूप से परखा गया। बाजपेयी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर चुनाव के दिन किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस निरीक्षण से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नगरीय निकाय चुनाव में मतदाताओं को हरसंभव सुविधा दी जाए और चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

**12 फरवरी से 26 फरवरी तक होगा मेला का आयोजन, राज्यपाल रमेन डेका 12 फरवरी को करेंगे शुभारंभ, लगभग 54 एकड़ नवीन मेला स्थल मैदान में लगेगा भव्य मेला**

# राजिम कुंभ कल्प 2025 : धर्म, आस्था और संस्कृति का त्रिवेणी संगम

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के प्रयाग के नाम से प्रसिद्ध राजिम में माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जा रहा है। इस बार राजिम कुंभ कल्प लगभग 54 एकड़ क्षेत्र में फैले नया मेला स्थल चौबे बांधा राजिम में होगा। राजिम कुंभ (कल्प) 12 फरवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा। राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर 12 फरवरी को कुंभ कल्प का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ समारोह में विशिष्ट अतिथि दंडी स्वामी डॉ. इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज, शंकराचार्य आश्रम रायपुर, राजे महंत रामसुंदर दास महाराज, दूधाधारी मठ रायपुर, स्वामी राव लोचन दास महाराज छत्तीसगढ़, महंत राधेश्याम दास महाराज, महंत दिव्यकान्त दास महाराज, सिद्धिविनायक मंदिर रतनपुर, महंत त्रिवेणी दास महाराज खरसिया रायगढ, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती महाराज जबलपुर, मध्यप्रदेश, पूज्य डॉ. संजय कृष्ण सलिल महाराज नारायण सेवा संस्थान उदयपुर राजस्थान, महंत उमेशानंद गिरी महाराज, सिद्धि विनायक आश्रम राजिम, संत विचार साहेब महाराज, कबीर संस्थान गोबरा नवापारा रायपुर, स्वामी डॉ. राजेश्वरानन्द महाराज, सुरेश्वर महादेव पीठ रायपुर, दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महाराज, चक्र महामेरुपीठम मुगेली, पीठाधीश्वर द्वारकेश महाराज, महाप्रभु वल्लभाचार्य प्राकट्य स्थल, चंपारण्य, महंत नरेंद्र दास महाराज, राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय पंच रामानंदी निर्मोही अखाड़ा, आचार्य स्वामी राकेश महाराज, आर्य समाज प्रमुख छत्तीसगढ़, संत कौशलेन्द्र राम महाराज, अध्यक्ष राम नाम सत समाज सारंगढ़, बालयोगेश्वर बालयोगी रामबालक दास महाराज, पाटेश्वर धाम बालोद, महंत सर्वेश्वर दास महाराज, प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय संत समिति, संत परमात्मानंद महाराज गोरखपुर धाम पेंड्रा मध्यप्रदेश, संत युधिष्ठिर लाल महाराज शदाणी दरबार रायपुर, संत गोवर्धन शरण महाराज, सिरकट्टी आश्रम कुटेना गरियाबंद सहित सम्माननीय संत विशिष्टि अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। राजिम कुंभ कल्प में प्रतिदिन शाम 6:30 बजे महानदी आरती का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 4 बजे से एवं संध्या 7 बजे से कार्यक्रम स्थल मुख्य मंच, नया मेला स्थल चौबे बांधा राजिम में होगा। इसी तरह 13 से 19 फरवरी 2025 को संत समागम स्थल संत समागम स्थल, राजिम में पूज्य डॉ. संजय कृष्ण सलिल महाराज नारायण सेवा संस्थान उदयपुर राजस्थान द्वारा शाम 4 बजे से 7 बजे तक भागवत कथा का आयोजन होगा। इसी प्रकार 21 से 25 फरवरी 2025 को संत गुरूशरण महाराज (पण्डोखर सरकार) दतिया, मध्यप्रदेश द्वारा सत्संग दरबार का आयोजन होगा। इसके अलावा 12 से 26 फरवरी 2025 तक शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक नया मेला स्थल चौबे बांधा राजिम में राष्ट्रीय एवं आंचलिक कलाकारों की प्रस्तुतियां होगी।

**राजिम कुम्भ (कल्प) मेला :** भारतीय संस्कृति में तीर्थों एवं तीर्थयात्रा का बहुत महत्व है। चारधामों-उत्तर में बद्रीनाथ (सतयुग), दक्षिण में रामेश्वरम (त्रेतायुग), पश्चिम में द्वारिका (द्वापर युग) और पूर्व में पुरी (कलियुग) की यात्रा प्राचीनकाल से आज भी जारी है। विभिन्न पुराणों में तीर्थ स्थलों एवं उनकी यात्रा के महात्म्य पर विस्तृत आख्यान मिलता है। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में महानदी-पैरी- सोंधूर नदियों के त्रिवेणी संगम के समीप स्थित राजिम यहाँ का सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ है। मद्रावलोचन महात्म्यम् नामक ग्रंथ में राजिम तीर्थ का वर्णन पद्मक्षेत्र या कमलक्षेत्र के रूप में मिलता है। रावलोचन (विष्णु) और कुलेश्वर (शिव) का यह संयुक्त धाम हरिहर क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। मान्यता है कि जगन्नाथपुरी की यात्रा, राजिम स्थित सा गोपाल के दर्शन से ही पूरी होती है। यही लोकमान्यता राजिम को सा तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित करता है। भीष्म पर्व (महाभारत) में महानदी को चित्रोत्पला गंगा, कालिका खंड ग्रंथ के चित्रोत्पला महात्म्य में पैरी को प्रितोद्धारिणी और वामन पुराण में सोदूर को सुदामा कहा गया है। यहाँ के धार्मिक वन में महानदी-पैरी-सोंदूर नदियों के संगम को पवित्र मानते हुए पर्वस्नान, दान, श्राद्ध, तर्पण, पिण्डदान आदि संस्कारगत धार्मिक कार्य संपन्न किये जाते हैं। इसे प्रयाग संगम के समान ही पवित्र मानते हैं। प्रतिवर्ष माघ माह की पूर्णिमा तिथि से लेकर महाशिवरात्रि तक यहाँ विशाल मेला भरता है जिसे स्थानीय परंपरा में धार्मिक मेला कहा जाता है। सदियों पुराने इस मेले को ही राजिम कुम्भ (कल्प) के रूप में अधिमान्यता दी गई है जिसके फलस्वरूप अब कल्प-प्रवास, पर्व-स्नान, धर्म-प्रवचन, संत-समागम में भाग लेने न केवल देश भर से हजारों तीर्थयात्री, नागा साधु-सन्यासी, विभिन्न पंथ-अखाड़ों के संत-महंत, मण्डलेश्वर-महामण्डलेश्वर और जगद्गुरू शंकराचार्य जैसे शीर्ष धार्मिक प्रतिनिधियों का यहाँ आगमन होता है वरन् अनेक विदेशी यात्री भी इस अनूठे आयोजन का सा बनने पधारते हैं। प्रचलित लोकविश्वास है कि सृष्टि के आरंभ में भगवान विष्णु के नाभि कमल की एक पंखुड़ी पृथ्वी पर गिर गई। जहाँ यह पंखुड़ी गिरी वह भूभाग पद्मक्षेत्र कहलाया, जो वर्तमान कुलेश्वर को केन्द्र मानकर चम्पेश्वर, बावनेश्वर, फिंगेश्वर, कोपेश्वर और पटेश्वर- इन पांच शिवालयों का सम्मिलित क्षेत्र माना जाता है। आज भी इस पद्मक्षेत्र की प्रदक्षिणा अर्थात् राजिम की पंचकोशी यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व है।

# बालको ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ मनाया 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com






वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने पूरे महीने अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित कर '36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह' मनाया। इस दौरान एक वर्चुअल रियलिटी ट्रेंनिंग माड्यूल को भी लॉन्च किया गया जिसके तहत 150 से अधिक कर्मचारियों को रियल वर्ल्ड ट्रैफिक सिनेरियो से परिचित कराया गया। महीने भर चलने वाले इस अभियान में सामुदायिक रैलियां, कारपूलिंग और गेमीफाइड लर्निंग सेशन जैसी गतिविधियां शामिल थीं।

नए ट्रेनिंग मॉड्यूल से कर्मचारियों ने फर्स्ट पर्सन ड्राइविंग एक्सपीरिएंस रखा जहा उन्हें आचनक ब्रेक लगाने, ब्लाइंड स्पॉट, और पैदल यात्री क्रॉसिंग जैसे विभिन्न परिस्थितियों में रीयल टाइम निर्णय लेने थे। नए टेक्नोलॉजी से कर्मचारियों को तत्काल फीडबैक मिला, जिससे सुरक्षित एवम नियंत्रित ड्राइविंग कैसे करना है वह सीखने का अवसर मिला साथ ही पूरे संयंत्र में औचक वाहन निरीक्षण, अंधे मोड़ की पहचान, सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी तथा ड्राइवरों के लिए नेत्र जांच शिविर, रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जिसमे 300 से अधिक ड्राइवर, ऑपरेटर एवम 170 से अधिक कर्मचारियों- बिजनेस पार्टनरों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बालकोनगर के आसपास स्कूलों में सड़क सुरक्षा वार्ता आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों एवं बालकोनगर वासियों ने हिस्सा लिया। बालको के कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि 'शून्य क्षति' के दर्शन के अनुरूप कार्यस्थल को पूर्णतः सुरक्षित बनाने की दिशा में बालको निरंतर कार्यरत है। इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया गया है ताकि वह कार्यस्थल पर किसी भी असुरक्षित गतिविधि को रोकने में अपना योगदान सुनिश्चित कर सके। हमारा लक्ष्य सभी कर्मचारियों, व्यापार भागीदारों और आगंतुकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। बालको परिवार का प्रत्येक सदस्य यातायात नियमों और औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के मूलभूत नियमों का पालन कर संयंत्र में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम सभी के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल होगा। अपना विचार साझा करते हुए बालको कर्मचारी सुश्री सोनाली कृष्णमूर्ति रामटेके ने कहा, ''वीआर हेडसेट ने मुझे एक ऐसा अनुभव प्रदान किया जो वास्तव में दिलचस्प था। सभी सिमुलेशन मुझे चुनौती दे रहे थे कि में विभिन्न रियल-वर्ल्ड ड्राइविंग स्थितियों में ड्राइव करुं, जहाँ पल भर में फै सला लेना होता है। यह अनुभव आपको वाहन चलाते समय अत्याधिक जागरूक बनाता है।'' कंपनी ने सुरक्षा प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए कई पहल शुरू की हैं और सर्वोत्तम प्रथाओं को संस्थागत रूप दिया है। जिसमें सुरक्षा के विभिन्न मॉड्यूल पर कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के लिए हर महीने के पहली तारीख को 'सुरक्षा संकल्प' का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सुरक्षा संवाद पर एक साप्ताहिक कार्यक्रम जहां बालको के वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा 5000 से अधिक कर्मचारियों और व्यापार भागीदारों को 'असुरक्षित कार्य को ना कहने का अधिकार' के लिए सशक्त बनाया गया।



**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा किया।

# मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग, प्रदेशवासियों से की मतदान की अपील




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद ने रायपुर नगर निगम महापौर एवं वार्ड पार्षद निर्वाचन के लिए देवेंद्र नगर स्थित मतदान केंद्र में सपरिवार पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की भागीदारी पर निर्भर करती है, और प्रत्येक मतदाता का वोट क्षेत्र के विकास की दिशा तय करता है। दयानंद ने कहा कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है, जिससे हम अपने शहर और प्रदेश के भविष्य का निर्धारण करते हैं। उन्होंने युवाओं और प्रथम बार मतदान कर रहे नागरिकों से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें।

## मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग




मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने रायपुर नगर निगम के महापौर एवं वार्ड पार्षद निर्वाचन के लिए देवेंद्र नगर रायपुर स्थित मतदान केंद्र में सपरिवार मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

# लोक निर्माण विभाग सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने किया मतदान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत् नगर पालिका निगम के महापौर और पार्षद के निर्वाचन के लिए देवेन्द्र नगर में सामुदायिक भवन में बनाये गये मतदान केंद्र क्रमांक 424 में लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया ।




# राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सपरिवार रायपुर नगर निगम के महापौर एवं वार्ड पार्षद निर्वाचन के लिए प्राथमिक शाला पुरैना मतदान केंद्र में मतदान किया।मतदान के बाद उन्होंने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की।

# पॉवर कंपनी में देहदान पर सेमीनार आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ मुख्यालय ,रायपुर में 'देहदान महादान' विषय पर कल 12 फरवरी को शाम 4 बजे सेमीनार का आयोजन किया गया है। मानव संसाधन विभाग ,ट्रांसमिशन कंपनी के तत्वावधान में आयोजित इस सेमीनार में मानव जीवन बचाने के लिये अंगदान, देहदान के तकनीकी और चिकित्सकीय पहलुओं पर जानकारी देने के साथ प्रेरित व जागरूक भी किया जाएगा। पॉवर कंपनीज़ के मुख्यालय डंगनिया स्थित विद्युत सेवा भवन में आयोजित सेमीनार में एम्स की डॉ. मनीषा बी सिन्हा (एमडी), डॉ. विनोद राठौर, डॉ. विजया साहू (एथ्योमोलाजिस्ट) मुख्य वक्ता होंगे। यह आयोजन परम जीवन फाउंडेशन एवं एम्स के सहयोग से हो रहा है जिसमें इसके संयोजक की भूमिका अजंता चौधरी निभा रही हैं।

# सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने नगरीय निकाय चुनाव में सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गार्गी परदेशी और उनकी सुपुत्री कु.यशस्विनी परदेशी ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कु. यशस्विनी ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लोकतंत्र में भागीदारी निभाने अनुभव काफी गर्व भरा और उत्साहजनक रहा। हर युवा को मतदान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि यह हमारे देश और समाज के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




# सनातन धर्म के उत्थान और सामाजिक जागरूकता में गहिरा गुरु संत समाज की है महत्वपूर्ण भूमिका : सीएम विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ग्राम गहिरा से उनका गहरा आत्मीय संबंध रहा है, यह पूज्य संत गहिरा गुरु जी की जन्मस्थली और एक पवित्र धाम है। उन्होंने स्मरण किया कि पहली बार रायगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने का सौभाग्य भी उन्हें इसी पवित्र भूमि के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में सांसदों को अपने क्षेत्र के किसी एक गांव को गोद लेकर विकास कार्य करने के लिए कहा गया था, तब उन्होंने ग्राम गहिरा को चुना और यहां विकास कार्य किए, हालांकि कुछ कार्य अधूरे रह गए थे। मुख्यमंत्री के रूप में पुनः ग्राम गहिरा आने पर उन्होंने कहा कि शायद यह उन्हीं अधूरे कार्यों को पूरा करने का अवसर है। मुख्यमंत्री साय ने गहिरा गुरु संत समाज द्वारा सनातन धर्म और सामाजिक उत्थान में किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए कहा कि एक समय



ऐसा था जब जनजातीय समुदाय में धर्मांतरण, सामाजिक बुराइयाँ और व्यसन बढ़ रहे थे, तब संत गहिरा गुरु जी ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया, गांव-गांव में यज्ञ कराए, रामचरितमानस के पाठ करवाए और समाज को आध्यात्मिक रूप से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह संस्था पूरे प्रदेश में सनातन धर्म को सुदृढ़ करने, समाज को जागरूक करने और संस्कृत की शिक्षा को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस बात की भी प्रशंसा की कि संस्था के माध्यम से जनजातीय समुदाय के बच्चे संस्कृत में अध्ययन कर रहे हैं और सनातन संस्कृति के संवर्धन में एक सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय व महाविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्षों के वनवास का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया था, जिसके प्रमाण भी प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर विद्यमान हैं। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ के लिए प्रदेशवासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के ठहरने की संपूर्ण व्यवस्था छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में सतत विकास और सुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे प्रत्येक नागरिक को समृद्धि और सुशासन का लाभ मिले। मुख्यमंत्री साय ग्राम गहिरा में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए और नवविवाहित जोड़ों से परिचय प्राप्त कर उन्हें मंगलमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

12 Feb 2025 Pride Of Raipur




























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403